Naresh Agarwal - 9848020960
Ankush Agarwal - 9885450000
Naresh Agencies
Dealers in :
Welding Electrodes, Welding Accessories, Safety Equipment, Power Tools, Self Drilling Screws and Cutting Wheels
15-9-216, Near Dargah, Gowliguda, Hyderabad - 500 012

खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । मंगलवार, 28 मई, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-6 रु.। वर्ष-6 । अंक-148

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहली बार नए आपराधिक कानून प्रणाली पर खुलकर की बात

# भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली दुनिया की सबसे आधुनिक होगी



**जुलाई से लागू होने वाले नए आपराधिक कानूनों में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी**

**तीन साल के भीतर लोगों को मिलेगा न्याय सभी अदालती मामले ऑनलाइन होंगे**

**पांच वर्षों में देश भर में नौ करोड़ अपराधियों के फिंगरप्रिंट डाटा एकत्र किए गए**

**लोगों को कोर्ट नहीं जाना पड़ेगा, गवाह ऑनलाइन पेश होंगे, एसएमएस से भेजे जाएंगे समन**

**नई दिल्ली, 27 मई (एजेंसियां)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एक जुलाई से लागू होने वाले नए आपराधिक कानूनों में प्रौद्योगिकी एक महत्वपूर्ण कारक होगी।

उन्होंने कहा कि समन एसएमएस द्वारा भेजे जाएंगे, 90 फीसदी गवाह वीडियो कॉल के जरिए पेश होंगे और अदालतें प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर आदेश जारी करेंगी। उन्होंने एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, मैं आपको विश्वास के साथ कह सकता हूं कि तीन साल बाद हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली दुनिया की सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी।

अमित शाह ने इंटरव्यू के दौरान पहली बार नए आपराधिक कानून प्रणाली पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली लगभग पूरी तरह से तकनीक पर आधारित है। उदाहरण के लिए, सभी अदालती मामले ऑनलाइन हो जाएंगे और एफआईआर, कोर्ट डायरी और फैसले का डिजिटलीकरण किया जाएगा। पहले ही, अधिकारियों ने पिछले पांच वर्षों में देश भर में नौ करोड़ अपराधियों के फिंगरप्रिंट डाटा एकत्र किए हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के जरिए हम बहुत बड़े सुधार लाएंगे। कानून लागू होने के बाद 90 फीसदी लोगों को कोर्ट नहीं जाना पड़ेगा। गवाह ऑनलाइन पेश होंगे।

उन्होंने आगे कहा कि इससे पहले समन को किसी के घर पर भेजना होता था। अब समन एसएमएस द्वारा भेजे जाएंगे। ऐसे कई बदलाव नए कानूनों में शामिल किए गए हैं। यही हाल आरोपपत्र का भी था। पहले आरोपपत्र का मतलब दस्तावेजों का विस्तार करना होता था, लेकिन एक बार नए कानून लागू होने के बाद आरोपपत्र को पेन ड्राइव के जरिए रखा जाएगा और इसका जवाब भी पेन ड्राइव के जरिए डिजिटल तरीके से दिया जा सकता है।

शाह ने कहा, सभी मामले ऑनलाइन हो जाएंगे। एफआईआर, कोर्ट डायरी, जजमेंट को भी डिजिटल किया जाएगा। हमने उन मामलों में फॉरेंसिक साक्ष्य अनिवार्य कर दिए हैं जहां न्यूनतम सात साल की अवधि के लिए कारावास का प्रावधान है। नए कानूनों को लागू करने की तैयारी के बारे में पूछे जाने पर गृह मंत्री ने कहा कि तैयारियां तेजी से चल रही हैं और अधिकारियों का प्रशिक्षण लगभग पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि इसके लागू होने के बाद, नए आपराधिक कानूनों के तहत कोई भी प्राथमिकी दर्ज करने के दिन से तीन साल के भीतर सुप्रीम कोर्ट से आदेश प्राप्त कर सकता है।

अमित शाह ने कहा कि वह साल 2019 से तीन नए आपराधिक कानूनों पर काम कर रहे हैं। हम अदालतों और पुलिस थानों के आधुनिकीकरण की दिशा में काम कर रहे हैं। सब कुछ तकनीक की मदद से हो रहा है। तकनीक के माध्यम से कानून का आधुनिकीकरण हो रहा है।

नए कानूनों में देशद्रोह कानून को नए अवतार में लाया जा रहा है और इसके दोषी को उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है। लोकसभा में बीती 21 दिसंबर को तीन नए आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य विधेयक को मंजूरी मिली थी। ये कानून मौजूदा कानूनों भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह लेंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन कानूनों को मंजूरी दे दी थी। अब यह कानून एक जुलाई से लागू होंगे।

# तेलंगाना में भारी बारिश व आंधी से 13 की गई जान

**हैदराबाद, 27 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के कई इलाकों में रविवार रात आए तेज आंधी-तूफान व भारी बारिश की चपेट में आकर 13 लोगों की मौत हो गई। राज्य की राजधानी हैदराबाद समेत कई जिलों में तेज आंधी के साथ भारी बारिश ने कहर बरपाया। बंगाल की खाड़ी में उठे भीषण चक्रवाती तूफान रेमल के कारण आंधी-तूफान के साथ हुई बारिश में 13 लोगों की मौत हो गई।

तेज हवाओं से पेड़ उखड़ गए, बिजली और संचार टावर क्षतिग्रस्त हो गए और यातायात व बिजली आपूर्ति बाधित हुई। अकेले नगरकुर्नूल जिले में सात मौतें हुईं। हैदराबाद के विभिन्न हिस्सों से चार और मेदक से दो लोगों की मौत की खबर है। तेज़ आंधी ने नागरकर्नूल, मेडक, रंगारेड्डी, मेडचल मल्काजगिरी और नलगोंडा जिलों में भारी विनाश किया। नगरकुर्नूल जिले के तंदूर गांव में एक निर्माणाधीन पोल्ट्री शेड गिरने से पिता-पुत्री समेत चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान किसान मल्लेश (38), उनकी बेटी अनुषा (12), मजदूर चेन्नम्मा (38) और रामुडु (36) के रूप में हुई। चार अन्य घायल हो गए। इसी



जिले से तीन अन्य मौतें हुईं। इनमें से दो की मौत बिजली गिरने से हुई। हैदराबाद के बाहरी इलाके शमीरपेट में मोटरसाइकिल पर जा रहे दो लोगों पर पेड़ गिर गया। इससे दोनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान धनंजय (44) और नागिरेड्डी रामी रेड्डी (56) के रूप में हुई। हैदराबाद के हाफ़िज़पेट इलाके में, मोहम्मद रशीद (45) और मोहम्मद समद (3) की उस समय मौत हो गई, जब तेज आंधी के कारण पड़ोसी घर की छत से उन पर ईंटें गिर गईं।

▶9 पर

## तूफान रेमल के कारण पश्चिम बंगाल में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त

### चार की मौत, कच्चे घर ढहे, मलबे में दबकर कई घायल, पेड़ और बिजली के खंभे उखड़े

**कोलकाता, 27 मई (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल में चक्रवाती तूफान रेमल के भारी तबाही मचाने के बाद भारी बारिश होने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी हैं। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। तूफान के कारण कोलकाता के कुछ हिस्सों में पानी भर गया। इसके अलावा राज्य में सैकड़ों पेड़ उखड़ गये और बिजली के खंभे गिर गये, जिससे महानगर में जनजीवन प्रभावित हुआ है।पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में बीती रात लगातार भारी बारिश होने और 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं के कारण सोमवार को सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

▶9 पर

## पंजाब के मंत्री बलकार सिंह का आपत्तिजनक वीडियो वायरल!

### राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया संज्ञान, दिए जांच के आदेश



**नई दिल्ली, 27 मई (एजेंसियां)।** पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार के एक मंत्री बलकार सिंह का एक वीडियो वायरल होने से राज्य की सियासत में नया तूफान खड़ा हो गया है। कथित तौर पर एक वीडियो में भगवंत मान सरकार में संसदीय कार्य मंत्री बलकार सिंह आपत्तिजनक हरकत करते दिखाई दे रहे हैं। कहा जा रहा है कि एक 21 वर्षीय लड़की उनके पास नौकरी मांगने के लिए गई थी। इसके बाद मंत्री ने उस लड़की से बाद में वीडियो कॉल करने के लिए कहा। आरोप है कि इस कॉल के दौरान मंत्री बलकार सिंह ने उस लड़की को वस्त्र उतारने के लिए कहा और स्वयं भी अपने कपड़े उतारकर आपत्तिजनक हरकत करने लगे। भाजपा ने भगवंत मान सरकार से आरोपी मंत्री को तत्काल बर्खास्त करने और लड़की को न्याय दिलाने की मांग की है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए, इसकी जांच कराने के लिए कहा है। भाजपा नेता तजिंदर पाल सिंह बग्गा ने अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो जारी करते हुए कहा है कि यह बेहद शर्मनाक बात है कि पंजाब की एक लड़की मंत्री के पास नौकरी मांगने के लिए जाती है,

▶9 पर

## विधान परिषद उपचुनाव में शांतिपूर्ण मतदान नतीजे पांच जून को



**हैदराबाद, 27 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना में वारंगल-खम्मम-नलगोंडा स्नातक विधान परिषद सदस्य उपचुनाव के लिए मतदान सोमवार को शाम चार बजे शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हो गया।

चुनाव विभाग की विज्ञप्ति के अनुसार, जो मतदाता चार बजे से पहले कतार में थे, उन्हें चुनाव अधिकारियों ने मताधिकार का प्रयोग करने की अनुमति दी है। मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ और शाम चार बजे समाप्त हुआ।

विज्ञप्ति के अनुसार, 34 विधानसभा क्षेत्रों में फैले इस निर्वाचन क्षेत्र के कुल 4,63,839 स्नातक मतदाताओं ने 605 मतदान केंद्रों पर मतदान किया।

चुनावी मैदान में 52 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई है। इस उपचुनाव के परिणाम पांच जून को आएंगे।

## केजरीवाल ने अंतरिम जमानत सात दिन बढ़ाने की एससी से लगाई गुहार



**स्वास्थ्य को आधार बनाकर लगाई नई जुगत, कहा- पीईटी-सीटी स्कैन और अन्य जांच करानी है**

**नई दिल्ली, 27 मई (एजेंसियां)।** उच्चतम न्यायालय के समक्ष दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक याचिका दायर कर अपने स्वास्थ्य की जांच के लिए अपनी अंतरिम जमानत अवधि एक जून से सात दिन आगे बढ़ाने की गुहार लगाई है। दिल्ली अबकारी नीति से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी केजरीवाल ने अपनी याचिका में दावा किया है कि गिरफ्तारी के बाद उनका वजन सात किलोग्राम कम हो गया है। उनका कीटोन लेवल बहुत ज्यादा है, जो किसी गंभीर बीमारी का लक्षण हो सकता है।

उन्होंने अपनी याचिका में कहा, वर्तमान में उनका इलाज कर रहे मैक्स अस्पताल के संबंधित डॉक्टरों ने कुछ जांच करने की सलाह दी है, जिसके लिए सात दिनों का समय चाहिए। याचिका में कहा गया है कि उन्हें पीईटी-सीटी स्कैन और अन्य जांच करने की सलाह दी गई है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने 10 मई को केजरीवाल को लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियानों में भाग लेने के लिए एक जून तक अंतरिम जमानत दी थी और दो जून को उन्हें जेल प्रशासन के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया था।

आम आदमी पार्टी (आपा) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति - 2021-22में कथित घोटाले में 21 मार्च 24 को गिरफ्तार किया गया था। केजरीवाल को गिरफ्तार करने वाली केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन पर मुख्य साजिशकर्ता होने का आरोप लगाया है। उन पर पूर्व के गोवा विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए 100 करोड़ रुपये गलत तरीके से हासिल करने का आरोप है। श्री केजरीवाल ने ईडी की ओर से अपनी गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती दी है।इस मामले में उन्हें शीर्ष अदालत की ओर से अंतरिम जमानत दे दी गई थी, लेकिन उन्होंने नियमित जमानत के लिए अब तक कोई याचिका दायर नहीं की है। शीर्ष अदालत ने केजरीवाल की गिरफ्तारी और उसके बाद ईडी की हिरासत को चुनौती देने वाली उनकी अपील पर 17 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 अगस्त 22 को अबकारी नीति बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एक आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 22 को धनशोधन का मामला दर्ज किया था।

▶9 पर

## केजरीवाल के पीए विभव कुमार को बड़ा झटका, जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली, 27 मई (एजेंसियां)।** स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी गई है. उन्होंने तीस तीस हजारी कोर्ट में याचिका दायर की थी लेकिन एडिशनल सेशन जज सुशील अनुज त्यागी ने उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया। बता दें कि आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने बीते दिनों सीएम अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार पर मारपीट का आरोप लगाया था।

▶9 पर

## कार्टून कॉर्नर




## शेयर मार्केट



बीएसई : 75,390.50
-19.89 -0.03% ↓
एनएसई :22,932.45
-24.65 (-0.11%) ↓

## मौसम हैदराबाद

अधिकतम : 38°
न्यूनतम : 28°

### राजकोट आग मामले में हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और नगर निकाय को लगाई फटकार

# हमें अब आप पर विश्वास नहीं

**अहमदाबाद, 27 मई (एजेंसियां)।** गुजरात के राजकोट शहर में टीआरपी गेम जोन में लगी भीषण आग में 12 बच्चों समेत 27 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे के बाद गेम जोन के मालिक और प्रबंधक को हिरासत में ले लिया गया था। गेम जोन में आग लगने की घटना के बारे में सुनकर हर कोई सहम जा रहा है। शव इतनी बुरी तरह झुलस गए हैं कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही है। इस मामले में गुजरात उच्च न्यायालय की एक विशेष पीठ लगातार अपनी नजर बनाए हुए है। शहर में कम से कम दो ऐसी संरचनाओं को प्रमाणित करने में विफल रहने के लिए अदालत ने नगर निकाय और राज्य सरकार को फटकार लगाई।



**तस्वीरों में गेमिंग जोन में अधिकारी दिखने पर भड़की कोर्ट, कहा क्या वे वहां खेलने गए थे?**

दरअसल, अदालत ने एक दिन पहले अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत और राजकोट नगर निगमों के वकीलों को निर्देश दिया था कि वे सोमवार को उसके सामने पेश हों और बताएं कि किन कानून के प्रावधानों के तहत इन इकाइयों को उनके अधिकार क्षेत्र में स्थापित किया गया है या जारी रखा गया है।

राजकोट नगर निकाय ने सोमवार को अदालत में बताया कि दो गेमिंग जोन 24 महीने से अधिक समय से अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र सहित आवश्यक मंजूरी के बिना काम कर रहे हैं। गेमिंग जोन के लिए हमारी मंजूरी नहीं ली गई थी। इस पर अदालत गुस्से में आ गई और कहा कि वह अब राज्य सरकार पर भरोसा नहीं कर सकती। अदालत ने गुस्से में कहा, राजकोट में गेमिंग जोन ढाई साल से चल रहा है। क्या हम यह मान लें कि आपने आंखें मूंद ली हैं? आप और आपके अनुयायी क्या कर रहे हैं?

जब कुछ तस्वीरों में गेमिंग जोन में अधिकारी दिखाई दिए, तो न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की पीठ और भड़क गई। पीठ ने नगर निकाय से कहा कि ये अधिकारी कौन थे? क्या वे वहां खेलने गए थे? अदालत को जब पता लगा कि अग्नि सुरक्षा प्रमाणन सुनवाई चार साल से अनसुलझी है, तो उसने राज्य सरकार को भी फटकार लगाई।

▶9 पर

## हरकत में आई सरकार, सात अफसरों पर गिरी गाज

**गांधीनगर, 27 मई (एजेंसियां)।** गुजरात सरकार ने राजकोट में गेम जोन में आग लगने के मामले में सात अधिकारियों को निलंबित करने के सोमवार को आदेश जारी किये। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने रविवार को राजकोट गेम जोन दुर्घटना स्थल पर जाकर निरीक्षण किया था और इस गंभीर घटना के लिये जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिये थे। उसके बाद राज्य सरकार ने सात अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिये हैं।राज्य सरकार ने राजकोट में टीआरपी गेमज़ोन आग की घटना के संबंध में आवश्यक अनुमति के बिना गेमज़ोन खोलने की अनुमति देने में घोर लापरवाही के लिये पुलिस, महानगर पालिका और मार्ग मकान विभाग के छह अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराकर उनके सामने उनके खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है।

घटना के मामले में एक और जिम्मेदार अधिकारी को ड्यूटी से निलंबित कर दिया गया है,

▶9 पर

TIBCON CAPACITORS
It`s all about SAVING ENERGY AND MONEY
GARG
Garg Power Products Pvt. Ltd.
Cell: -91 99 12 4444 26
-91 99 48 1234 59

## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 74,850/-
(प्रति 10 ग्राम)
चाँदी : 95,250/-
(प्रति किलोग्राम)



# प्रकाश प्रदूषण मोनार्च तितलियों की क्षमता को कर रहा प्रभावित, कई पीढ़ियों तक गुजरती हैं विस्थापन की प्रक्रिया से

**लंदन, 27 मई (एजेंसियां)।**

कनाडा से मैक्सिको तक आने जाने वाली मोनार्च प्रजाति की तितलियों को सफर करने में प्रकाश प्रदूषण के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है नए अध्ययन में सिनसिनाटी यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पाया है कि प्रकाश प्रदूषण मोनार्च तितलियों की दिशा विन्यास क्षमता को प्रभावित कर रहा है। मोनार्च तितलियां कई पीढ़ियों तक विस्थापन की प्रक्रिया से गुजरती हैं। इस शोध में पाया गया है कि जब भी तितलियों का बसेरा किसी कृत्रिम प्रकाश के पास होता है तो अगले दिन के प्रकाश में दिशाहीन हो जाती हैं और उन्हें अपना रास्ता खोजने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसकी वजह यही पाई गई किससे उनके चक्रीय ताल में बाधा पड़ती है।

मोनार्च प्रजाति की तितलियों में कृत्रिम प्रकाश उनमें शानदार दिशाज्ञान क्षमता की आणविक प्रक्रिया को प्रभाव करता है और तितितलियों के पंख को तब सक्रिय कर देता है जब उन्हें आराम की जरूरत होती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि निर्माण स्थल पर उपयोग में लाई जाने वाली वर्क लाइट तक को तितलियां सूर्य की तरह मान लेती हैं। इन तितलियों की अप्रत्याशित उड़ान के कारण यह मानना मुश्किल है कि वे एक खास योजना के तहत अपनी उड़ान भरती हैं और कुछ मोनार्च जनसंख्या तो कनाडा से मैक्सिकों तक हजारों मील की उड़ान भरती हैं। अब शोधकर्ता यह जानना चाहते हैं क्या प्रकाश प्रदूषण का इस विशाल विस्थापन पर कोई प्रभाव पड़ता है। शोधकर्ताओं ने बताया कियह अहम सवाल इसलिए हैं कयोंकि बहुत सी तितलियां शहरी क्षेत्र से होकर गुजरती हैं। ऐसे में कुछ पारिस्थितिकीय आंकड़े यह जानने में मददगार होंगे कि प्रकाश प्रदूषण का इनके दिशाज्ञान आदि पर क्या असर होता है। मोनार्च तितलियाम अपने आंतरिक दिकसूचक की प्रणालियों के संचालन के लिए रात के अंधेरे पर निर्भर होती हैं। इससे इन कीटों को दक्षिण में सर्दियों के मैदानों में पहुंचने और वहां से वापस आने में किसी दिशा में जाना है, पता चलता है।

अध्ययनकर्ताओं ने बताया कि जानवर दिन और रात की जानकारी प्रोटीन को विखंडन और उत्पादन की लिए लगे आणविक तंत्र के लिए करते हैं। प्रकाश प्रदूषण सामान्य चक्रीय तालऔर जंगली जानवरों एवं लोगों में जागृत निंद्रा चक्र को प्रभावित कर सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### जल्द ही इंसानों के बर्दाश्त की हद से आगे निकल जाएगी गर्मी, मौसम वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी

**लंदन ।** असहनीय गर्मी के कारण घर के बाहर रह कर काम करने के लिए उपलब्ध मूल्यवान घंटे कम हो जाते हैं। एक हालिया शोध के अनुसार, अत्यधिक तापमान और आर्द्रता के कारण कई अरब कार्य घंटों का नुकसान हुआ। इस प्रवृत्ति के वैश्विक परिणाम होंगे। अर्थ सिस्टम साइंस के प्रोफेसर मार्क मास्लिन ने बताया कि दुनिया का आधा भोजन छोटे किसानों के खेतों में उगता है, जहां किसान मेहनत करके फसल तैयार करते हैं। जैसे-जैसे दुनिया गर्म होगी, ऐसे दिन ज्यादा होते जाएंगे, जब बाहर काम करना शारीरिक रूप से असंभव हो जाएगा, जो उत्पादकता और खाद्य सुरक्षा को कम करेगा। लेकिन कार्डिफ यूनिवर्सिटी के मार्क ओ कथबर्ट के नेतृत्व में फरवरी में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि विस्तारित पार्कलैंड के बीच हरियाली लगाने के साथ छतों और दीवारों को हरा भरा करने से या तो बाढ़ को कम किया जा सकता है या गर्मी को कम किया जा सकता है, लेकिन यह दोनों एक शहर में नहीं हो सकता। कथबर्ट और उनके सह-लेखकों, ऑस्ट्रेलिया में यूएनएसडब्ल्यू सिडनी के डेनिस ओकारोल और जर्मनी में कार्लजूए इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के गेब्रियल सी राउ के अनुसार, शहरों के गर्म मौसम में गर्म होने और भारी वर्षा के दौरान बाढ़ का कारण एक ही है। कंक्रीट और स्टील की प्रचुरता गर्मी को अवशोषित और बरकरार रखती है, जबकि वही सीलबंद सतहें एक स्पंज की तरह काम नहीं कर सकती हैं कि बारिश को सोख लें और स्टोर कर लें, जैसे मिट्टी करती है, जिसकी जगह इन्होंने ले ली है। शोधकर्ताओं का तर्क है कि उच्च वर्षा वाले क्षेत्रों में हरियाली वाले शहर जैसे कि उत्तरी यूरोप और भूमध्य रेखा के आसपास मजबूत हीटवेव को कमजोर कर सकते हैं, क्योंकि पौधे प्रकाश संश्लेषण के दौरान जल वाष्प छोड़ते हैं, जिसका शीतलन प्रभाव होता है। हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट ने सुझाव दिया कि अफ्रीका दुनिया के अन्य क्षेत्रों की तुलना में तेजी से गर्म हो रहा है। केन्या में आगा खान विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर अब्दु मोहिद्दीन का कहना है कि 2030 तक 11 करोड़ 80 लाख अत्यधिक गरीब लोग सूखे और भीषण गर्मी के विनाशकारी प्रभावों की गिरफ्त में होंगे। मोहिद्दीन का कहना है कि गर्म वातावरण के अनुकूल होने के लिए महाद्वीप को तत्काल वित्तीय और तकनीकी सहायता की आवश्यकता है, साथ ही यह आकलन करने के लिए अनुसंधान निधि की आवश्यकता है कि कौन और कहां सबसे कमजोर है।



### अमेरिका के कई राज्यों में आया भयंकर तूफान, दो बच्चों समेत 18 की मौत; बड़ी संख्या में घर तबाह



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के टेक्सास, ओक्लाहोमा और अरकंसास राज्यों में शक्तिशाली तूफान ने तबाही मचाकर रख दी। यहां दो बच्चों समेत कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं, तूफान की वजह से हजारों घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बिजली गुल हो गई। इसके अलावा, तूफान से कई घर भी तबाह हो गए। पूरे क्षेत्र में रात भर खराब मौसम रहने के बाद आपातकालीन टीम गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की मदद के लिए रवाना हुई। भूकंप से हुई तबाही बहुत गंभीर अधिकारियों ने कहा कि कई लोग घायल हुए हैं। टेक्सास में कुक काउंटी के शेरिफ रे सैपिंगटन ने कहा कि भूकंप से हुई तबाही बहुत गंभीर है। मारे गए सात लोगों में दो और पांच साल के दो बच्चे और एक ही परिवार के तीन सदस्य शामिल हैं। तूफान से ट्रकों का एक ठहरावस्थल भी क्षतिग्रस्त हो गया जहां दर्जनों लोग शरण लेने के लिए पहुंचे थे। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका अधिकारियों ने बताया कि ओकलाहोमा सीमा के पास टेक्सास के कुक काउंटी में तूफान ने एक ग्रामीण इलाके में मोबाइल होम पार्क के पास तबाही मचाई। यहां सिर्फ मलबा बचा है। शेरिफ ने आगे कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि लापता हुए कुछ लोगों की तलाश एवं बचाव अभियान जारी है। घरों के साथ-साथ अन्य इमारतें भी नष्ट रिपोर्ट के अनुसार, टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा कि आए तूफान में करीब 100 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि 200 से अधिक घरों के साथ-साथ अन्य इमारतें भी नष्ट हो गईं। इसके अलावा 100 से अधिक अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। वैली व्यू में भी तूफान का कहर देखने को मिला। घरों और व्यवसायों का मलबा देखने को मिला। इतना ही नहीं भयंकर तूफान ने पेड़ों और बिजली लाइनों को भी तबाह कर दिया। बता दें, वैली व्यू कार द्वारा डलास से लगभग एक घंटे उत्तर में है। अधिकारियों ने बताया कि डेंटन काउंटी में कई लोगों को एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया गया है। चार लाख से अधिक लोग अंधेरे में टेक्सास से लेकर कंसास, मिसौरी, अरकंसास, टेनेसी और केंटुकी तक 4,70,000 से अधिक लोग बिना बिजली के रह रहे हैं।

# हमास-इजराइल में फिर तेज हुई जंग, राफा में नागरिकों के मारे जाने पर नेतन्याहू सरकार ने दी सफाई

**यरूशलम, 27 मई (एजेंसियां)।**

दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। इधर, हमास और इजराइल बीते सात महीने से लड़ाई लड़ रहे हैं। अब तक 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। जहां सभी देश संघर्ष विराम की उम्मीद लगाए हुए थे। वहीं, अब एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। हमास के तेल अवीव के वाणिज्यिक केंद्र पर हमले के बाद इजराइल ने राफा में एक शिविर पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। इस हमले में कथित तौर पर कम से कम 35 फलस्तीनी मारे गए हैं। अब हमलों को लेकर भी हमास और इजराइल में बहस छिड़ गई है।

गाजा के अधिकारियों का कहना है कि विस्थापित लोगों के एक केंद्र पर इजराइल ने हमला किया, जिसमें दर्जनों लोग मारे गए। जबकि इजराइली सेना ने कहा कि उसने सिर्फ हमास के सदस्यों को निशाना बनाया था।



### एक दूसरे पर आरोप

हमास संचालित क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि हमलों में 35 लोगों की जान चली गई और दर्जनों घायल हो गए, जिनमें ज्यादातर बच्चे और महिलाएं थीं। वहीं, इजराइली सेना ने कहा कि उसने सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर हमला किया था। साथ ही उसने वेस्ट बैंक में हमले करने के जिम्मेदार हमास के दो वरिष्ठ अधिकारियों को भी मार गिराया।

### नरसंहार का आरोप

गाजा में हमास द्वारा संचालित सरकारी मीडिया ने इजराइल द्वारा किए हमले को नरसंहार करार दिया। कहा कि राफा के पास फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी द्वारा संचालित एक केंद्र को निशाना बनाया कर हमला किया गया।

### इजराइल की सफाई

इजराइली सेना ने बताया कि उसके विमान ने राफा में हमास के ठिकाने पर हमला किया। इस हमले में यासीन राबिया और खालिद वनागर की मौत हो गई। दोनों दोनों कब्जे वाले वेस्ट बैंक में फलस्तीनी आतंकवादी समूह के वरिष्ठ अधिकारी थे। सेना ने कहा, हम उन रिपोर्टों से अवगत हैं, जिसमें कहा जा रहा है कि हमले में कई नागरिकों को नुकसान पहुंचा है। हम इसकी समीक्षा कर रहे हैं।

### हमास ने किया था हमला

बता दें, फलस्तीनी आतंकी संगठन हमास ने लंबे समय के बाद गाजा से इजराइल पर रॉकेट दागे। इससे राजधानी तेल अवीव में सायरन बज उठे और लोग सहम गए। इस हमले में फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जनवरी के बाद गाजा की तरफ से लंबी दूरी के रॉकेट दागे जाने का पहला मामला है। हालांकि, गाजा सीमा पर हमास के आतंकी इजराइली समुदाय पर छिटपुट रॉकेट व मिसाइलें दागते रहे हैं। हमास ने हमले का दावा करते हुए कहा कि मध्य गाजा में रॉकेट लॉन्च के धमाके सुने जा सकते हैं। इजराइली सेना ने कहा कि गाजा सिटी के राफा से दो गए आठ रॉकेट इजराइली सीमा में प्रवेश कर गए। इसी इलाके में इजराइली सेना ने हाल में आतंकियों के खिलाफ अभियान चलाया था।

### नागरिकों के नरसंहार के जवाब में किया

हमास ने हमलों की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि उसने अपने नागरिकों के नरसंहार के जवाब में तेल अवीव को लंबी दूरी के रॉकेट से निशाना बनाया था। इस बीच, आईडीएफ ने एक बयान में बताया कि इजराइली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने गाजा में अभियान पर जानकारी लेने के लिए इजराइली सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की। बयान के मुताबिक, गैलेंट ने बलों को एक संबोधन दिया और उन्हें बताया कि हमास को खत्म करने और गाजा में बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### अबतक इतने लोग मारे गए

युद्ध शुरू होने के बाद से फलस्तीन के 35,984 लोग मारे गए हैं और 80,643 अन्य घायल हुए हैं। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया कि आईडीएफ ने गाजा पट्टी में आठ नरसंहार किए। इसमें आगे कहा गया है कि कई पीड़ित अभी भी मलबे के नीचे दबे हैं या सड़कों पर हैं। इसलिए एंबुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल उन तक नहीं पहुंच सकते। उधर, रॉयटर्स ने जानकारी दी कि रफाह में इजराइली हमलों में कम से कम 20 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। एसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक, फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि रफाह पर इजराइल के हवाई हमले में 22 लोग मारे गए हैं, जो शिविरों में रह रहे थे। सीएनएन के मुताबिक, मृतकों का यह आंकड़ा बढ़कर 35 हो गया है।

# बगलान और बदख्शां में बाढ़ अब तक 16 लोगों की मौत 500 से अधिक घर तबाह



**काबुल, 27 मई (एजेंसियां)।**

अफगानिस्तान के बगलान और बदख्शां प्रांतों में हाल ही में आई बाढ़ में महिलाओं और बच्चों सहित 16 लोगों की मौत हो गई है। बाढ़ के कारण इस क्षेत्र के लगभग 500 घर पूरी तरह तबाह हो गए। अफगानिस्तान के बगलान और बदख्शां प्रांत में बाढ़ आई। बाढ़ से दंड-ए-घोरी, दोशी, पुल-ए-खुमरी शहर, मध्य बदख्शां के मोर्चक गांव आदि बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। जिसमें अबतक 16 लोगों की जान जा चुकी है। बाढ़ में 500 से ज्यादा घर तबाह हो चुके हैं। अफगानिस्तान के कई हिस्सों में बीते सप्ताह विनाशकारी बाढ़ आई थी। जिसके कारण लगभग 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। वहीं बाढ़ के कारण सैकड़ों घर और कई हजार एकड़ कृषि भूमि बर्बाद हुई। स्थिति यहां तक थी कि अफगानिस्तान के कई क्षेत्रों में बाढ़ आने के बाद विश्व खाद्य कार्यक्रम ने 12 मई को बताया कि अधिकांश बाढ़ प्रभावित क्षेत्र तक ट्रकों और अन्य वाहनों से नहीं पहुंचा जा सकता। एक्स पर एक तस्वीर साझा करते हुए यूएनडब्ल्यूएफपी ने लिखा कि हमें इन लोगों तक भोजन पहुंचाने का हर संभव प्रयास करना पड़ रहा है। फोटो में संगठन के कर्मचारी गधों की मदद से बगलान में आपातकालीन आपूर्ति कर रहे थे। अब हाल ही तालिबान द्वारा नियुक्त बगलान पुलिस कमांड के प्रमुख अब्दुल गफूर खादेम ने बताया कि पिछली रात बहुत तेज बाढ़ आई। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा नुकसान बगलान प्रांत के दोशी जिले के लारखाब इलाके में होने की सूचना मिली है। लारखाब में तीन बच्चे, एक महिला और दो पुरुष की मौत हो गई। लगभग 500 से अधिक घर तबाह हो चुके हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार बाढ़ ने दंड-ए-घोरी, दोशी, पुल-ए-खुमरी शहर, मध्य बदख्शां के मोर्चक गांव आदि के कई अन्य हिस्से प्रभावित हुए हैं। बदख्शां में प्राकृतिक आपदा प्रबंधन के तालिबान द्वारा नियुक्त प्रमुख मोहम्मद कामगर ने कहा कि बाढ़ के कारण एक परिवार के दस सदस्य और एक अन्य व्यक्ति घायल हुए है। बाढ़ के कारण अपना सब सामान खो चुके कई परिवारों ने सहायता में देरी की आलोचना करते हुए तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार और सहायता एजेंसियों से तत्काल सहायता की मांग की। एक बाढ़ पीड़ित हिजबुल्लाह ने कहा कि बाढ़ ने मेरे परिवार के नौ सदस्यों को छीन लिया। हमें अब तक सिर्फ दो शव मिले शेष अभी तक लापता हैं। एक अन्य बाढ़ पीड़ित जियाउल्लाह ने कहा कि हम बाढ़ प्रभावितों हर संभव मदद की जाए।

# नासा ने लॉन्च किया पहला छोटा जलवायु उपग्रह, ध्रुवीय जलवायु परिवर्तन के असर के बारे में मिलेगी जानकारी

**न्यूजीलैंड, 27 मई (एजेंसियां)।**



नासा ने न्यूजीलैंड के उत्तर में महिया से रॉकेट लैब नामक कंपनी के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 1 से शाम 7:41 बजे जूते के डिब्बे के आकार का पहला छोटा जलवायु उपग्रह लॉन्च किया। इसे एक इलेक्ट्रॉन रॉकेट से लॉन्च किया गया। इस पूरे मिशन को प्रीफायर (फार-इन्फ्रारेड एक्सपेरिमेंट में पोलर रेडिएंट एनर्जी) नाम दिया गया है। मिशन में दो शूबॉक्स के आकार के क्यूब उपग्रह शामिल हैं। यह ग्रह के दो सबसे ठंडे, सबसे दूरस्थ क्षेत्रों से पृथ्वी द्वारा अंतरिक्ष में उत्सर्जित होने वाली गर्मी की मात्रा को मापेंगे। प्रीफायर मिशन के डेटा से शोधकर्ताओं को गर्म होती दुनिया में पृथ्वी की बर्फ, समुद्र और मौसम कैसे बदलेंगे का बेहतर अनुमान लगाने में मदद मिलेगी। पृथ्वी की प्रणाली को लेकर समझ बेहतर करेगा नासा के पृथ्वी विज्ञान अनुसंधान निदेशक करेन सेंट जर्मेन ने हाल ही में कहा था कि ध्रुवों में क्या हो रहा है, जलवायु में क्या हो रहा है जैसी नई जानकारी जो हमारे पास पहले कभी नहीं थी। प्रीफायर मिशन उसका नमूना या मॉडल तैयार करने की हमारी क्षमता में सुधार करेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के छोटे उपग्रह बहुत विशिष्ट वैज्ञानिक सवालों का जवाब देने का एक कम लागत वाला तरीका है। ऐसे में बड़े उपग्रहों को सामान्यवादी और छोटे उपग्रहों को विशेषज्ञ माना जा सकता है और नासा को दोनों की जरूरत है। नासा का ताजा प्रीफायर मिशन पृथ्वी प्रणाली की हमारी समझ के एक अंतर को भर देगा। ऊर्जा पर ध्रुवीय क्षेत्रों के असर का पता चलेगा जर्मेन ने बताया कि लॉन्च किया गया उपग्रह हमारे वैज्ञानिकों को एक विस्तृत तस्वीर दिखाएगा कि पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्र हमारे ग्रह द्वारा अवशोषित और उत्सर्जित होने वाली ऊर्जा को कैसे प्रभावित करते हैं। इससे समुद्री बर्फ के नुकसान, बर्फ की चादर के पिघलने और समुद्र के स्तर में वृद्धि की भविष्यवाणी में सुधार होगा।

# टीटीपी को लेकर पाकिस्तान-अफगानिस्तान में ठनी, तालिबान से आतंकियों को सौंपने को कहा

**इस्लामाबाद, 27 मई (एजेंसियां)।**



पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से कहा है कि चीनी कर्मचारियों पर हमले के जिम्मेदार टीटीपी आतंकियों को उन्हें सौंप दें। इस साल मार्च में हुए हमले में एक विस्फोटक भरे वाहन ने चीनी कर्मचारियों को लेकर जा रही बस में टक्कर मार दी थी, इसके चलते हुए धमाके में छह लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें पांच चीनी कामगार शामिल थे। टीटीपी आतंकियों पर हमले का आरोप पाकिस्तान की राष्ट्रीय आतंकवाद रोधी प्राधिकरण के अधिकारियों की बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पाकिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि चाहे अफगानिस्तान आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है या नहीं, लेकिन उसे आतंकियों को पाकिस्तान को सौंप देना चाहिए। जांच में पता चला है कि चीनी कामगारों के खिलाफ हुए आत्मघाती हमले के पीछे आतंकी संगठन तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान का हाथ है और अफगानिस्तान में बैठकर टीटीपी ने चीनी कामगारों पर हमले को अंजाम दिया था। पाकिस्तान की सरकार चीनी कर्मचारियों के परिजनों को देगी मुआवजा चीनी कामगार पाकिस्तान के दासु हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के लिए काम कर रहे थे। 4320 मेगावॉट के इस प्रोजेक्ट को चीन की जेझोउबा कंपनी द्वारा बनाया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट की फंडिंग विश्व बैंक द्वारा की जा रही है। पाकिस्तान की सरकार ने टीटीपी के हमले में मारे गए चीनी कर्मचारियों के परिजनों को साढ़े बाईस लाख यूएस डॉलर का मुआवजा देने का एलान किया है। प्रत्येक कर्मचारी के परिजनों को करीब पांच लाख डॉलर मिलेंगे। पाकिस्तान में सीपेक प्रोजेक्ट के तहत हजारों चाइनीज कर्मचारी पाकिस्तान में काम कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चीनी कंपनियां प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं। यही वजह है कि पाकिस्तान में कई बार चीनी कर्मचारियों को निशाना बनाकर आतंकी हमले हुए हैं। पाकिस्तान की मांग पर अफगानिस्तान की सरकार नहीं दे रही ध्यान पाकिस्तान की सरकार लगातार अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से चीनी कर्मचारियों पर हमले के जिम्मेदार आतंकियों को सौंपने की मांग कर रही है, लेकिन अफगानिस्तान की सरकार इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही है। ऐसे में पाकिस्तान की सरकार ने खुद टीटीपी आतंकियों से बात करने की कोशिश की, लेकिन दोनों पक्षों में सहमति नहीं बन पाई।

# शहबाज सरकार की सेना की आईएसआई के दखल को रोकने की तैयारी ! पीएम के सलाहकार बोले-इसके लिए तंत्र बनाना जरूरी

**इस्लामाबाद, 27 मई (एजेंसियां)।**

पाकिस्तान के बारे में कहा जाता है कि वहां सेना और सत्ता एक सिक्के के दो पहलू हैं। यही वजह है कि सेना में सत्ता और सत्ता में सेना की झलक दिख ही जाती है। हालांकि, अब शहबाज सरकार सेना और आईएसआई के दखल को रोकने की तैयारी में लग गई है। यहां के प्रधानमंत्री के राजनीतिक और सार्वजनिक मामलों के सलाहकार राणा सनाउल्ला ने एक तंत्र बनाने का आह्वान किया है ताकि संस्थान एक दूसरे के अधिकार क्षेत्र में दखलंदाजी नहीं कर पाएं। दरअसल, उनका यह बयान न्यायाधीशों द्वारा पत्र लिखे जाने के बाद आया है, जिसमें न्यायिक कार्यों में खुफिया एजेंसियों द्वारा कथित हस्तक्षेप की बात कही गई थी।

### न्यायाधीशों के पत्र पर सरकार के सलाहकार की सलाह

सनाउल्ला ने एक मीडिया चैनल के शो में कहा, न्यायाधीशों द्वारा एक पत्र लिखना एक तंत्र के विकास के लिए पर्याप्त है ताकि संस्थाएं एक-दूसरे के क्षेत्र में हस्तक्षेप न करें। रिपोर्ट के अनुसार, राणा ने यह टिप्पणी इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के उस पत्र के संदर्भ में की जो मार्च में सामने आया था, जिसमें न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों के हस्तक्षेप का आरोप लगाया गया था। 26 मार्च को न्यायाधीशों ने लिखा था पत्र



इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मोहसिन अख्तर कियानी, न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी, न्यायमूर्ति बाबर सत्तार, न्यायमूर्ति सरदार इजाज इशाक खान, न्यायमूर्ति अरबाब मुहम्मद ताहिर और न्यायमूर्ति समन फफत इम्तियाज ने 26 मार्च को सर्वोच्च न्यायिक परिषद को पत्र भेजा था। जिसमें न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों के कथित हस्तक्षेप पर एक न्यायिक सम्मेलन बुलाने का आग्रह किया था।

### काजी फैज ईसा- शहबाज शरीफ की हुई थी बैठक

पत्र का जवाब देते हुए पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने 28 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ एक बैठक के दौरान कहा था कि मामलों में कार्यपालिका द्वारा हस्तक्षेप और न्यायाधीशों के न्यायिक कामकाज को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में मुख्य न्यायाधीश और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ एक जांच आयोग बनाने पर सहमत हुए थे।

संघीय कैबिनेट ने 30 मार्च को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के आरोपों पर एक जांच आयोग के गठन को मंजूरी दी और पाकिस्तान के पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) तसादुक हुसैन जिलानी को इसका प्रमुख नियुक्त किया। हालांकि, जिलानी ने खुद को आयोग से अलग कर लिया और नतीजन शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे का स्वत: संज्ञान लिया।

### इमरान खान पर साधा निशाना

इस बीच, राणा सनाउल्ला ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के साथ बातचीत 2014 से ही भ्रम में थी। उन्होंने कहा कि पीएमएलएन पीटीआई सरकार के दौरान बातचीत के लिए इंतजार करती रही। उन्होंने कहा कि सांसदों से बात नहीं करने का पीटीआई संस्थापक इमरान खान का रुख मौजूदा स्थिति के पीछे का मुख्य कारण है।

### सेना से बात करने का कोई मतलब नहीं

एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रतिष्ठान के साथ बातचीत करने के पीटीआई के रुख का जिक्र करते हुए सनाउल्ला ने कहा कि इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के महानिदेशक का कहना था कि सांसदों को आपस में बात करनी चाहिए क्योंकि सेना से बात करने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि पीटीआई संस्थापक यह रणनीति अपनाकर खुद को, अपनी पार्टी और पाकिस्तान को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा, मौजूदा हालात किसी के लिए भी सही नहीं हैं। गतिरोध खत्म होना चाहिए। हमारी ओर से कोई अहंकार या अनिच्छा नहीं है। यह दूसरी तरफ से है।

# चार जून से एक-दूसरे के कपड़े फाड़ेंगे कांग्रेस व गठबंधन के नेता : कंगना

**मंडी, 27 मई (एजेंसियां)।**
भारतीय जनता पार्टी की हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा प्रत्याशी व फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने सोमवार को बल्ह विधानसभा में अपना चुनाव प्रचार किया।

चुनावी जनसंवाद में उन्होंने कहा कि चार जून से कांग्रेस नेता व इंडिया गठबंधन के लोग एक दूसरे के कपड़े फाड़ना शुरू कर देंगे। कंगना ने दावा किया कि चार जून शाम होते ही इंडी वाले कहेंगे, कि कांग्रेस ने चुनावों में लुटिया डुबो दी और एक-दूसरे के कपड़े फाडना शुरू कर देंगे। कांग्रेस का शाही परिवार पराजय का ठीकरा खड़गे जी के सिर पर फोड़ करके विदेश में छुट्टियां मनाने चला जाएगा और बेचारे श्री खड़गे जी कार्यकर्ताओं का गुस्सा सहते-सहते थक जाएंगे। इंडिया समूह और कांग्रेस वाले देश को डराते थे और कहते थे अगर राम मंदिर बना तो देश में बवाल हो जाएगा, खून की नदियां बहेंगी। अयोध्या में भव्य



राममंदिर के रूप में हमारी 500 वर्षों की प्रतीक्षा पूरी हुई है। वहीं जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर मोदी सरकार ने शांति स्थापित करने का काम किया है ऑपरेशन गंगा युद्धग्रस्त क्षेत्र से न सिर्फ़ भारतीयों को सुरक्षित बाहर लाने का माध्यम बना, बल्कि दुनिया ने मोदी राज में सशक्त भारत की बुलंद तस्वीर भी देखी। आज भारत एक वैश्विक महाशक्ति बन कर उभरा है देश हर मोर्चे पर विश्व का मार्ग प्रशस्त कर रहा है तो यह केवल मात्र प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही संभव हो सका है।

कंगना ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का राजनैतिक करियर जितना फ्लॉप है, उतनी ही फ्लॉप उनकी ऊना की रैली रही। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मंच से सिर्फ झूठे आश्वासन और मुंगेरीलाल के सपने दिखाए जा रहे थे। राहुल गांधी ने मंच से झूठी गारंटियों की झड़ी लगा दी, क्योंकि उन्हें पता है कि न उनकी सरकार आनी है न उन्हें गारण्टियां पूरी करनी हैं। हिमाचल प्रदेश में छोटे मियां यानी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की गारंटियां पूरी हुई नहीं, बड़े मियां राहुल गांधी दो-चार और गारंटियां दे गये। आज हिमाचल में कांग्रेस को सरकार बनाए 16 महीने बीत गए हैं पर इन्होंने अपनी एक भी गारंटी पूरी नहीं की है। हिमाचल की माताएं बहनें अभी तक अपने 1500 प्रति महीने का इंतजार कर रही हैं। हिमाचल के किसान अभी तक दो रुपए प्रति किलो गोबर और 100 रुपए प्रति लीटर दूध खरीदे जाने का इंतजार कर रहे हैं। हिमाचल के युवा पांच लाख नौकरियां का इंतजार कर रहे हैं। हिमाचल के परिवार 300 यूनिट फ्री बिजली का इंतजार कर रहे हैं। कांग्रेस के नेता इन मुद्दों पर कुछ नहीं बोलते हैं बल्कि नए-नए भ्रम फैलाने में लगे रहते हैं। इन सारी गारंटियों को छोड़ कांग्रेस अब नई गारण्टियों के चक्कर में पड़ गई है।

कंगना ने कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति पर हमला बोलते हुए कहा कि अल्पसंख्यक संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पछड़ा वर्ग को आरक्षण से वंचित करने के लिए कांग्रेस और इसके गठबंधन के मित्र जिम्मेदार हैं। देश के कई अल्पसंख्यक संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को इन्ही लोगों ने दूर किया है। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए भाजपा नेत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार के कई मुस्लिम समूहों को ओबीसी की सूची में शामिल करने के फैसले को रद्द कर दिया गया है। यह लोग केवल मात्र आरक्षण विरोधी हैं अगर सत्ता में आएंगे तो आरक्षण खत्म कर धार्मिक आधार पर आरक्षण को बांट देंगे। इसका बड़ा उदाहरण विभिन्न प्रदेशों में कांग्रेस और इसके गठबंधन की सरकारों द्वारा आरक्षण से की गई छेड़छाड़ है।

## केदारनाथ दर्शन को पहुंच रहे विदेशी यात्री, व्यवस्थाओं को देखकर प्रभावित



**रूद्रप्रयाग/देहरादून, 27 मई (एजेंसियां)।**
उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जनपद स्थित भगवान शंकर के ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग केदारनाथ धाम में देश ही नहीं, अपितु विदेशों से भी तीर्थयात्री आ रहे हैं। राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन की ओर से श्री केदारनाथ धाम पैदल यात्रा मार्ग पर की गई चाक-चौबंद व्यवस्थाओं से यह विदेशी नागरिक खासे प्रभावित नजर आ रहे हैं।

जापान के रहने वाले उका मोटो ने सोमवार को बताया कि वह गुरुग्राम में ऑटोमोटिव कंपनी के लिए काम करते हैं। उनकी श्री केदारनाथ धाम के दर्शनों की इच्छा थी और इसी को लेकर वह सड़क मार्ग से श्री केदारनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही पवित्र स्थल है और यहां प्रशासन की ओर से बेहतर व्यवस्था की गई हैं।

इसी तरह, नेपाल से आये युवाओं ने बताया कि वे गौरीकुंड से ट्रेक करके यहां तक पहुंचे और धाम में पहुंचकर बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से यहां आने की सोच रहे थे और यह सपने के सच होने जैसा लग रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा की मर्जी से इस बार उन्हें यहां आकर पुण्य कमाने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि यहां पर बहुत अच्छी व्यवस्थाएं सरकार ने की हैं और सब कुछ यहां अच्छे से चल रहा है।

# छत्तीसगढ़ शासन ने पद्मश्री हेमचंद्र को दी वाई श्रेणी की सुरक्षा

## नक्सलियों ने दी थी जान से मारने की धमकी






**रायपुर, 27 मई (एजेंसियां)।**
छत्तीसगढ़ शासन की ओर से पद्मश्री हेमचंद्र माझी को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है क्योंकि उन्हें नक्सलियों ने जान से मारने की धमकी दी है।

इस संबंध में गृह विभाग मंत्रालय महानदी भवन से आदेश जारी किए जा चुके हैं। गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा प्रोटेक्शन रिव्यू ग्रुप की बैठक में हेमचंद्र मांझी (नारायणपुर) को सुरक्षा श्रेणी प्रदान किए जाने की अनुशंसा की गई और प्रदेश में वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए, यह आदेश जारी किया गया है।

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के पद्मश्री सम्मानित वैद्य हेमचंद्र मांझी को जान से मारने की धमकी मिली है। नक्सलियों के इस धमकी का खौफ इसलिए भी हैं क्योंकि माओवादी वैधराज हेमचंद्र मांझी के भतीजे को पहले ही मौत के घाट उतार चुके हैं। हेमचंद्र मांझी पिछले 50 वर्षों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का उपचार करते रहे हैं। हेमचंद्र मांझी ने नक्सली भय के चलते अपना पद्मश्री अवार्ड सरकार को वापस लौटाने और इलाज बंद करने का फैसला ले लिया है। इतना ही नहीं बल्कि हेमचंद्र मांझी बीते छह महीने से नक्सली भय के चलते अपना गांव छोड़ शहर में रह रहे हैं।

नक्सलियों ने पर्चों में लिखा है कि इलाके में संचालित खदानों के लिए हेमचंद्र मांझी काम करते हैं। नक्सलियो ने मौके पर कई बैनर पोस्टर भी लगाए जिसमें छोटेडोंगर के हेमचंद्र मांझी को आमदई खदान का दलाल बताते हुए देश से मार भगाने की बात पर्चे में लिखी है।

राष्ट्रपति के साथ पुरस्कार लेते हुए हेमचंद्र मांझी की तस्वीर को नक्सली पर्चा में जारी कर उन्हे जान से मारने की धमकी दी गई है। इसके बाद सोमवार को हेमचंद मांझी ने पद्मश्री अवॉर्ड को लौटने की घोषणा करते हुए कहा कि जड़ी बूटियां से आप लोगों इलाज नहीं करेगें। गौरतलब है कि नक्सलियों द्वारा हेमचंद्र मांझी के भतीजे कोमल मांझी को मौत घाट उतार दिया गया है। नक्सलियों द्वारा आमदई माइंस में दलाली करने का आरोप लगाकर हेमचंद्र मांझी को लगातार धमकी दी जा रही है जिसके चलते पुलिस प्रशासन ने उन्हे जिला मुख्यालय में सेफ हाऊस में रखा है।

### छत्तीसगढ़ में अलग-अलग मामलों में दो तेंदुओं की मौत

**कोरबा, 27 मई (एजेंसियां)।**
छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के बारे कटघोरा वनमंडल में आठ दिन के भीतर दो तेंदुओं की मौत होने की खबर है।

कुछ दिन पहले एक ग्रामीण ने बछड़े के शिकार का बदला लेने के लिए तेंदुए को जहर देकर मार दिया था। वहीं दूसरे तेंदुए की मौत लू (हीट स्ट्रोक) से हो गई है। भीषण गर्मी में जहां आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं वन जीव भी इससे परेशान हैं। रविवार को दूसरा तेंदुआ वन विभाग को सुस्त अवस्था में मिला था जिसे कटगोरा वनमंडल के गांव कोनकोना से ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू किया गया था। कानन पेंडारी से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम बुलाई गई। तब पता चला कि तेंदुए को 108 डिग्री बुखार है। एक्सपर्ट टीम ने गांव में ही कैंप कर तेंदुए का इलाज शुरू किया। तेंदुए का बुखार नहीं उतर रहा था, हालत काफी नाजुक थी. जिसके बाद वन विभाग ने रविवार की देर रात 1:30 बजे तेंदुए को कानन पेंडारी शिफ्ट किया, जहां सोमवार की सुबह लगभग 8:30 बजे तेंदुए ने दम तोड़ दिया।

# गर्मी से बेहाल देशवासियों को जल्द मिलेगी राहत, पांच दिन में केरल में दस्तक देगा मानसून

**पुणे, 27 मई (एजेंसियां)।**
दक्षिण पश्चिम मानसून के अगले पांच दिन में केरल में दस्तक देने के आसार हैं, जिससे देश भर में भीषण गर्मी और लू की तपिश से बेहाल लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विज्ञान केन्द्र (आईएमडी) ने सोमवार को बताया कि दक्षिण अरब सागर के कुछ हिस्सों, मालदीव के शेष हिस्सों, लक्षद्वीप क्षेत्र, केरल के कुछ हिस्से, दक्षिण-पश्चिम और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्से, बंगाल की पूर्वोत्तर खाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्से तथा कोमोरिन क्षेत्र में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल होने का अनुमान है।

अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली में कई स्थानों, पश्चिमी राजस्थान, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में कुछ स्थानों पर, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, पूर्वी राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर दिन का



तापमान सामान्य से 5.1 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक ऊपर रहा। पश्चिम उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर, उत्तराखंड में कुछ स्थानों पर, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर तापमान सामान्य से 3.1-5.0 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। बिहार, विदर्भ, गुजरात क्षेत्र में कुछ स्थानों, सौराष्ट्र और कच्छ, झारखंड, मराठवाड़ा में अलग-अलग स्थानों पर तापमान सामान्य से 1.6-3.0 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया।

दिन का तापमान ओडिशा और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में अलग-अलग स्थानों पर सामान्य से 5.1 डिग्री सेल्सियस कम रहा। गांगेय पश्चिम बंगाल के कई स्थानों, रायलसीमा, मध्य महाराष्ट्र, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराइकल, केरल, माहे, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में अलग-अलग स्थानों पर तथा देश के अन्य हिस्सों में तापमान सामान्य से 1.6-3.0 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।

पश्चिमी राजस्थान में रविवार को सबसे अधिक तापमान फलोदी में 49.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में और दिल्ली के कुछ हिस्सो में भीषण लू की स्थिति बनी हुई है।

पंजाब, हरियाणा, आंतरिक महाराष्ट्र और पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और पूर्वी मध्य प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में लू की स्थिति बनी रही। गुजरात क्षेत्र में 15 मई से और हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और राजस्थान में 17 मई से लू की स्थिति बनी हुई है।

हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पूर्वी मध्य प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में ज्यादा तापमान रहने के कारण रात गर्म रही। असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और लक्षद्वीप में अधिकांश स्थानों पर तथा केरल में कई स्थानों पर, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, उत्तर आंतरिक कर्नाटक और अंडमान में कुछ स्थानों पर, निकोबार द्वीप समूह और झारखंड, बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, कोंकण तथा गोवा, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, रायलसीमा, तमिलनाडु, कर्नाटक के तटीय और दक्षिण में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश हुई। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पश्चिम राजस्थान, पूर्वी मध्य प्रदेश और गुजरात राज्य में मुख्य रूप से मौसम शुष्क है।

# अब आतंकियों और पत्थरबाजों के परिजनों को भी नौकरी और पासपोर्ट नहीं मिलेगा

**सुरेश एस डुग्गर**
**जम्मू, 27 मई।**
कश्मीर में अतीत का हिस्सा बन चुके पत्थरबाज एक बार फिर चर्चा में हैं। दरअसल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सख्त संदेश देते हुए कहा है कि जम्मू कश्मीर में किसी भी आतंकी और पत्थरबाज के परिवार के किसी सदस्य को भी अब सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। हालांकि यह आदेश कोई नया नहीं है बल्कि अगस्त 2021 में ही सरकार ने पत्थरबाजों व आतंकियों को सरकारी नौकरियों से वंचित करने के अतिरिक्त उनकी विदेश यात्राओं पर पाबंदी लागू करने के इरादों से उन्हें पासपोर्ट जारी न करने के निर्देश दिए थे। अब दोनों के परिजनों को भी इन सुविधाओं से वंचित कर दिया गया है।

अमित शाह ने कहा है कि कश्मीर में, हमने निर्णय लिया है कि यदि कोई आतंकी संगठन में शामिल होता है, तो उसके परिवार के सदस्यों को कोई सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। इसी तरह अगर कोई पथराव करेगा तो उसके परिवार के सदस्यों को भी सरकारी



Government of Jammu & Kashmir
Criminal Investigation Department, Special Branch-Kashmir

CIRCULAR

All the field units of CID SB-Kashmir are hereby directed to ensure that during verification related to passport, service and any other verification related to Government services/schemes, the subject's involvement in law & order, stone pelting cases and other crime prejudicial to the security of the state be specifically looked into and same must be corroborated from local police station records. Also, digital evidence like CCTV footage, photographs, videos and audio clips, quadcopter images available in the records of the police, security forces and security agencies be also referred. Any subject found involved in any such cases must be denied the security clearance.

SSP CID SBK 31/7

Addl. SP CID SBK
All Dy.SsP of CID SBK
All DIs of CID SBK

No.SBK/CS/Cir/2021/589-600
Dated: 31.07.2021

नौकरी नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि कुछ मानवाधिकार कार्यकर्ता फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गए लेकिन अंत में सरकार की जीत हुई। गृह मंत्री ने कहा कि अगर किसी परिवार का कोई व्यक्ति आगे आता है और अधिकारियों को सूचित करता है कि उसका करीबी रिश्तेदार आतंकवादी संगठन में शामिल हो गया है तो ऐसे परिवार को राहत दी जाएगी।

प्रदेश में देश विरोधी षड्यंत्र रचने वालों पर नकेल कसने के लिए सरकार ने अगस्त 2021 में ही एक आदेश जारी किया था। जिसमें कहा गया था कि देश के खिलाफ नारेबाजी और पत्थरबाजी करने वालों को सरकारी नौकरी नहीं दी जाएगी। इतना ही नहीं ऐसे लोग पासपोर्ट सेवा का भी लाभ नहीं उठा सकेंगे। सीआईडी ने सभी इकाइयों को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया था। तब, साथ संलग्न आर्डर को देखें, जम्मू कश्मीर पुलिस के सीआइडी विंग ने अपने सभी क्षेत्रीय स्टाफ को निर्देश दिया था कि वे ऐसे तत्वों को सुरक्षा मंजूरी न दें। सीआइडी की विशेष शाखा कश्मीर के तत्कालीन एसएसपी ने अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों और कर्मियों को इस संबंध में एक लिखित आदेश जारी किया था। इसमें उन्होंने कहा था कि वे पासपोर्ट सेवा और सरकारी सेवा या सरकारी योजनाओं के संदर्भ में जब किसी व्यक्ति की जांच करते हुए उसकी सुरक्षा मंजूरी की रिपोर्ट तैयार करते हैं, तो उस समय यह जरूर ध्यान रखें कि संबंधित व्यक्ति किसी भी तरह से पत्थरबाजी, राज्य व राष्ट्र की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाली गतिविधियों, कानून व्यवस्था भंग करने में लिप्त न रहा हो। उसके बारे में संबंधित पुलिस स्टेशन से भी पूरा पता किया जाए।

आपराधिक जांच विभाग, विशेष शाखा-कश्मीर की ओर से जारी पत्र में कहा गया था कि सभी क्षेत्रीय इकाइयों को निर्देशित किया जाता है कि पासपोर्ट सेवा या अन्य किसी सेवा से संबंधित सत्यापन के दौरान कानून और व्यवस्था, पथराव के मामलों और अन्य अपराधों में संलिप्तता को विशेष रूप से देखा जाए। स्थानीय पुलिस थाने के रिकॉर्ड से इसकी पुष्टि होनी चाहिए। डिजिटल साक्ष्य जैसे सीसीटीवी फुटेज, फोटो, वीडियो और आडियो पुलिस के रिकॉर्ड में उपलब्ध क्लिप, क्काडकॉप्टर इमेज को भी खंगाल जाए। ऐसे किसी भी मामले में शामिल होने पर स्वीकृत देने से इनकार किया जाना चाहिए।

## छत्तीसगढ़ में जमीन घोटाले में तहसीलदार सहित 10 पर प्राथमिकी दर्ज




**जांजगीर चांपा, 27 मई (एजेंसियां)।**
छत्तीसगढ़ के जांजगीर चाम्पा जिले में जमीन घोटाले के मामले में तहसीलदार, उप पंजीयक, पटवारी समेत 10 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इन पर आरोप है कि चांपा तहसील के ग्राम कुरदा में हम नाम व्यक्ति का सरनेम बदलकर जमीन बेच दी थी। पुलिस ने इस पूरे मामले में जमीन का नामांतरण करने वाले तत्कालीन तहसीलदार, पटवारी, रजिस्ट्री कने वाले उप पंजीयक, दो गवाहों, क्रेता और विक्रेता के खिलाफ भादवि की धारा 120 बी, 420, 467, 468, 469, 471, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

ग्राम पंचायत कुरदा के 15 डिसमिल जमीन को हमनाम होने का फायदा उठाते हुए कुरदा के एक व्यक्ति ने पटवारियों से मिलीभगत कर अपने नाम पर करवा ली। जमीन की रजिस्ट्री कराकर उसे अपने नाम पर अंतरण भी करा लिया। इसके बाद उसे दूसरे को बेच दी। जब वास्तविक मालिक को अपनी जमीन बिकने की जानकारी मिली तो उसन प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां वाद दायर किया।सुनवाई के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मामले में दो तत्कालीन तहसीलदार, एक उप पंजीयक, तीन पटवारी , दो गवाह , जमीन खरीदने वाले और जमीन को बेचने वाले सहित दस लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। न्यायालय के आदेश के बाद सभी दस लोगों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

कोई दोस्त आपकी सहनशक्ति और समझ की परीक्षा ले सकता है माता–पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में क़ामयाब रहेंगे। घरेलू मोर्चे पर समस्या खड़ी हो सकती है, इसलिए तोल–मोल कर ही बोलें। मतभेद के चलते व्यक्तिगत संबंधों में दरार पड़ सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको हर कोई गंभीरता से सुनेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाक़ात होगी। अपने जीवनसाथी की वजह से आपको मानसिक अशान्ति का सामना करना पड़ सकता है।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज आपको कई दिक़्क़तों और मतभेदों का सामना करना पड़ सकता है, जिस वजह से आप झुंझलाहट और बेचैनी महसूस करेंगे। केवल एक दिन को नज़र में रखकर जीने की अपनी आदत पर क़ाबू करें और ज़रूरत से ज़्यादा वक़्त व पैसा मनोरंजन पर ख़र्च न करें। ज़रूरत के वक़्त आपको दोस्तों का सहयोग मिलेगा। दूसरों की दख़लअन्दाज़ी गतिरोध पैदा कर सकती है। अपनी कमियों पर आपको काम करने की जरुरत है इसके लिए आपको अपने लिए समय निकालना चाहिए। रिश्तेदारों को लेकर जीवनसाथी के साथ नोंकझोंक हो सकती है।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

बाहर का और खुला खाना खाते वक़्त ख़ास तौर पर बचाव पर ध्यान देने की ज़रूरत है। हालाँकि बिना वजह तनाव न लें, क्योंकि यह आपको मानसिक कष्ट दे सकता है। इस राशि के जो लोग विदेशों से व्यापार करते हैं उन्हें आज अच्छा खासा धन लाभ हो सकता है। अगर बातचीत और चर्चा आपके मुताबिक़ न हो, तो आप नाराज़गी में कड़वी बातें कह सकते हैं जिन्हें लेकर बाद में आपको पछताना पड़ सकता है – इसलिए भली–भांति सोचकर ही बोलें। आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौक़े होंगे। दीर्घावधि में कामकाज के सिलसिले में की गयी यात्रा फ़ायदेमंद साबित होगी।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

सेहत अच्छी रहेगी। अगर आपने अपने घर के किसी सदस्य से उधार लिया था तो उसे आज लौटा दें नहीं तो वो आपके खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर सकता है। आपकी परेशानी आपके लिए ख़ासी बड़ी हो सकती है, लेकिन आस–पास के लोग आपके दर्द को नहीं समझेंगे। शायद उन्हें लगता हो कि इससे उन्हें कोई लेना–देना नहीं है। काम में आपकी दक्षता की आज परीक्षा होगी। इच्छित परिणाम देने के लिए आपको अपनी कोशिशों पर एकाग्रता बनाए रखने की ज़रूरत है। आज कुछ नया और सृजनात्मक करने के लिए अच्छा दिन है।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी ख़ासी तारीफ़ कर सकते हैं। उधार मांगने वाले लोगों को नज़रअन्दाज़ करें। भावनात्मक तौर पर ख़तरा उठाना आपके पक्ष में जाएगा। आप दोस्तों के साथ शाम को बाहर घूमने जा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिस्थितियाँ आपके पक्ष में लगती हैं। आपका चुम्बकीय और ज़िन्दादिल व्यक्तित्व आपको सबके आकर्षण का केन्द्र बना देगा। थोड़ी–सी कोशिश करें तो यह दिन आपके वैवाहिक जीवन के सबसे विशेष दिनों में से एक हो सकता है।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आप घूमने–फिरने और पैसे ख़र्च करने के मूड में होंगे– लेकिन अगर आपने ऐसा किया तो बाद में आपको पछताना पड़ सकता है। तनाव का दौर बरक़रार रहेगा, लेकिन पारिवारिक सहयोग मदद देगा। आपके प्रिय का प्यारा बर्ताव आपको ख़ास होने का अनुभव कराएगा; इन लम्हों का पूरा लुत्फ़ उठाएँ। दफ़्तर में जिसके साथ आपकी सबसे कम बनती है, उससे अच्छी बातचीत हो सकती है। साफ़गोई से अपने मन की बात कहने में घबराएँ नहीं। विवाह एक दैवीय आशीर्वाद है और आज आप इसका अनुभव कर सकते हैं।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

ज़रूरत से ज़्यादा खाने से बचें और सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। ख़र्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी। नाती–पोतों से आज काफ़ी ख़ुशी मिल सकती है। इसे महसूस करने के लिए कुछ वक़्त बचाकर रखें। आने वाले समय में दफ़्तर में आपका आज का काम कई तरीक़े से असर दिखाएगा। जीवन हमेशा कुछ नया और चौंकाने वाली चीज़ आपके सामने लाता है। लेकिन आज आप अपने जीवनसाथी का एक अनोखा पहलू देखकर ख़ुशी से चौंक जाएंगे।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आपका दानशीलता का व्यवहार आपके लिए छुपे हुए आशीर्वाद की तरह सिद्ध होगा, क्योंकि यह आपको शक, अनास्था, लालच और आसक्ति जैसी ख़राबियों से बचाएगा। आज धन लाभ होने की संभावना तो बन रही है लेकिन ऐसा हो सकता है कि अपने गुस्सैल स्वभाव के कारण आप पैसा कमाने में सक्षम न हो पाएं। आपका मज़ाकिया स्वभाव सामाजिक मेल–जोल की जगहों पर आपकी लोकप्रियता में इज़ाफ़ा करेगा। आपके द्वारा आज खाली समय में ऐसे काम किये जाएंगे जिनके बारे में आप अक्सर सोचा करते हैं लेकिन उन कामों को कर पाने में समर्थ नहीं हो पाते।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज आपके पास ख़ुद के लिए पर्याप्त समय होगा, तो मौक़े का फ़ायदा उठाएँ और अच्छी सेहत के लिए पैदल सैर पर जाएँ। जल्दबाज़ी में निवेश न करें– अगर आप सभी मुमकिन कोणों से परखेंगे नहीं तो नुक़सान हो सकता है। जितना आपने सोचा था, आपका भाई उससे ज़्यादा मददगार साबित होगा। भावनात्मक उथल–पुथल आपको परेशान कर सकती है। आज आप व्यस्त दिनचर्या के बावजूद भी अपने लिए समय निकाल पाने में समर्थ होंगे और इस खाली समय में अपने परिवार वालों के साथ गुफ्तगू कर सकते हैं।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

बहुत ज़्यादा खाने से बचें और अपने वज़न पर नज़र रखें। आपके पास आज पैसा भी पर्याप्त मात्रा में होगा और इसके साथ ही मन में शांति भी होगी। आपकी परेशानी आपके लिए ख़ासी बड़ी हो सकती है, लेकिन आस–पास के लोग आपके दर्द को नहीं समझेंगे। शायद उन्हें लगता हो कि इससे उन्हें कोई लेना–देना नहीं है। आज आप हर तरफ़ प्यार–ही–प्यार फैलाएंगे। दिवास्वप्नों में समय खपाना नुक़सानदेह रहेगा, इस मुग़ालते में न रहें कि दूसरे आपका काम करेंगे। आप जिस प्रतियोगिता में भी क़दम रखेंगे, आपका प्रतिस्पर्धी स्वभाव आपको जीत दिलाने में सहयोग देगा

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

मज़बूती और निडरता का गुण आपकी मानसिक क्षमताओं में इज़ाफ़ा करेगा। किसी भी तरह के हालात को क़ाबू में रखने के लिए इस रफ़्तार को बरक़रार रखिए। दिन चढ़ने पर वित्तीय तौर पर सुधार आएगा। घर में कुछ बदलाव लाने के लिए पहले बाक़ी लोगों की राय भली–भांति जान लें। जो लोग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें दिमाग़ शांत रखने की ज़रूरत है। परीक्षा की घबराहट को हावी न होने दें। आपका प्रयास सकारात्मक परिणाम ज़रूर देगा। जो लोग अब तक किसी काम में व्यस्त थे आज उन्हें अपने लिए समय मिल सकता है लेकिन घर में किसी काम के आ जाने से आप फिर से व्यस्त हो सकते हैं।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

रक्तचाप के मरीज़ों को ख़ास ख़याल रखने और दवा–दारू करने की ज़रूरत है। साथ ही उन्हें कॉलेस्ट्रोल को क़ाबू में रखने की कोशिश भी करनी चाहिए। ऐसा करना आगे काफ़ी लाभदायक सिद्ध होगा। धन आपके लिए जरुरी है लेकिन धन को लेकर इतने संजीदा न हो जाएं कि अपने रिश्तों को ही खराब कर दें। कुछ दिनों से आपका व्यक्तिगत जीवन ही आपके ध्यान का केंद्र रहा है। लेकिन आज आप सामाजिक कार्यों पर ज़्यादा ध्यान देंगे और ज़रूरतमंदों की मदद करने की कोशिश करेंगे। काम के लिए समर्पित पेशेवर लोग रुपये–पैसे और करिअर के मोर्चे पर फ़ायदे में रहेंगे। आप जिस प्रतियोगिता में भी क़दम रखेंगे, आपका प्रतिस्पर्धी स्वभाव आपको जीत दिलाने में सहयोग देगा।

## मंगलवार का पंचांग

दिनांक : 28 मई 2024 , मंगलवार
विक्रम संवत : 2081
मास : ज्येष्ठ , कृष्ण पक्ष
तिथि : पंचमी दोपहर 03:26 तक
नक्षत्र : उत्तराषाढा प्रात: 09:34 तक
योग : ब्रह्म रात्रि 02:05 तक
करण : तैतिल सायं 03:26 तक
चन्द्रराशि : मकर
सूर्योदय : 05:41, सूर्यास्त 06:45 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 05:52 , सूर्यास्त 06:41 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:43 , सूर्यास्त 06:35 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:34, सूर्यास्त 06:36 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 09:00 से 10:30
लाभ : 10:30 से 12:00
अमृत : 12:00 से 01:30
राहुकाल : सायं 03:00 से 04:30
दिशाशूल : उत्तर दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : प्रति ज्येष्ठ भौमवासरे दक्षिण मुखी हनुमान पूजन

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# मतगणना की तैयारियों को लेकर निर्वाचन आयोग ने की समीक्षा बैठक

## मतगणना स्थलों पर होंगे माकूल इंतजाम



**जयपुर,27 मई (एजेंसियां)।** भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने राज्य के सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों और बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव के लिए 4 जून को होने वाली मतगणना के संबंध में मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था और मतगणना कार्य के लिए आवश्यक संसाधनों की समुचित आपूर्ति पर संतोष व्यक्त किया।

बैठक में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने कहा कि मतदान की तरह ही मतगणना के दौरान भी भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा–निर्देशों की पालना करने की बात कही। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बैठक में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों के अनुसार राजस्थान में मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और पर्याप्त संख्या में मतगणना कार्मिकों की उपलब्धता सुनिश्चित कर उन्हें प्रशिक्षित किया जा चुका है।

गुप्ता ने बताया कि मतों की गिनती की प्रक्रिया और मतगणना केंद्र की व्यवस्था के बारे में शनिवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की गई है, जिसमें राजनीतिक दलों से अपने–अपने काउंटिंग एजेंट्स की सूचियां 31 मई तक संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय में आवश्यक रूप से देने के लिए कहा गया है।

गुप्ता ने बताया कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस आयुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों को मतगणना केंद्र में सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। मतगणना स्थलों पर त्रि–स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सुरक्षा घेरे का पहला स्तर मतगणना परिसर और परिसर के चारों ओर 100 मीटर की परिधि से शुरू होगा, द्वितीय स्तर और मध्य घेरा मतगणना परिसर के गेट पर होगा, इसका संचालन सशस्त्र पुलिस द्वारा किया जाएगा, तीसरा स्तर और सबसे भीतरी घेरा मतगणना हॉल के दरवाजे पर होगा, इसका संचालन केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल द्वारा किया जाएगा।

आयोग के निर्देशानुसार, रिटर्निंग अधिकारी किसी भी राजनीतिक व्यक्ति, मंत्री या वरिष्ठ अधिकारी से निर्देश प्राप्त नहीं करेंगे और न ही किसी तरह का पक्षपात करेंगे। मतगणना स्थल में प्रवेश के लिए वैध प्राधिकार–पत्र होने के बावजूद यदि आरओ को मतगणना हॉल में किसी व्यक्ति की उपस्थिति के बारे में संदेह है, तो वह उसकी तलाशी ले सकेगा। किसी भी व्यक्ति को बिना अनुमति के कमरे में प्रवेश करने या छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता ने बताया कि ईवीएम की मतगणना टेबल पर काउंटिंग सुपरवाईजर, काउंटिंग असिस्टेंट, काउंटिंग स्टाफ तथा एक माइक्रो ऑब्जर्वर रहेंगे। इसी प्रकार, पोस्टल बैलेट की गणना टेबल पर एक सहायक रिटर्निंग अधिकारी, एक काउंटिंग सुपरवाईजर, दो काउंटिंग असिस्टेंट तथा एक माइक्रो ऑब्जर्वर मौजूद रहेंगे। मतगणना टेबल पर अभ्यर्थी के काउंटिंग एजेंट भी रहेंगे। मतगणना टेबल्स के लिए करीब 3,550 माइक्रो ऑब्जर्वर और 1,200 से अधिक सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) नियुक्त किए गए हैं। सभी रिटर्निंग अधिकारियों और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को 17 मई को राज्य स्तरीय पर और 24 मई को जिला स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा चुका है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कुल 56 मतगणना पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं।

**360 डिग्री वीडियोग्राफी होगी**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस आयुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों को मतगणना केंद्र में सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। मतगणना से पहले सभी सीयू, वीवीपैट मशीनों और संबंधित दस्तावेजों को स्ट्रॉन्ग रूम से लेकर काउंटिंग हॉल तक लाने और मतगणना पश्चात वापस स्ट्रॉन्ग रूम तक ले जाने की कार्रवाई की निर्बाध सीसीटीवी कवरेज सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही काउंटिंग हॉल में संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया की 360 डिग्री सीसीटीवी कैमरा या वीडियोग्राफी से मय दिनांक और समय की मोहर के साथ कवरेज की जाएगी।

**सभी मतगणना केंद्रों पर गर्मी से बचाव के इंतजाम**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए सभी राज्य के सभी 29 मतगणना केंद्रों पर कूलिंग की समुचित व्यवस्था और पूरे मतगणना स्थल पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। मतगणना कार्मिकों और काउंटिंग एजेंट्स की सुविधा के लिए प्रत्येक मतगणना कक्ष में शीतल पेयजल, मेडिकल किट तथा कूलर की व्यवस्था की जाएगी। सभी मतगणना केन्द्रों पर मीडिया सेंटर में मीडियाकर्मियों के लिए भी समुचित व्यवस्था की जाएगी।

# सड़क किनारे मिला युवक का क्षत–विक्षत शव

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**अलवर,27 मई (एजेंसियां)।** अलवर शहर के अरावली विहार थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 27 वर्षीय युवक का शव मिला है, जिसको लेकर परिवारजनों ने हत्या की आशंका जताई है। जानकारी के अनुसार कैंडलगंज निवासी के साथ कल देर रात चार युवकों द्वारा मारपीट की गई, जिनके पास चाकू और धारदार हथियार थे।

जब पीड़ित अपने परिवार के साथ कोतवाली थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने के लिए गया तो पुलिस ने उनका कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया। इसके बाद पीड़ित ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रात करीब 2 से 2:30 बजे के बीच लाइव आकर उनके साथ हुई मारपीट और पहले की भी अन्य पूरी कहानी बताई।

उसने बताया कि पास के रहने वाले सौरभ जयसवाल उर्फ नोनू से जान का खतरा है।

सौरभ जयसवाल का पीड़ित की पत्नी के साथ अवैध संबंध थे, जिसके चलते पहले भी पीड़ित के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी तक दी जा चुकी थी। पीड़ित का पड़ोसी जब आज सुबह कैंडल गंज से गुजर रहा था तो उसने देखा कि पीड़ित ने अपनी नाश्ते और डिस्पोजल की दुकान को नहीं खोला है तो पड़ोसी ने पीड़ित को फोन लगाया तब परिवार के लोगों को पता लगा कि उसकी हत्या करने के बाद शांतिकुंज की तरफ रेलवे ट्रैक के समीप फेंक दिया गया।

## चौमू की पाइप फैक्टरी में लगी भीषण आग

**जयपुर,27 मई (एजेंसियां)।** चौमू अग्निशमन के एएफओ जय जांगिड़ ने बताया कि आग जैतपुरा रीको इंडस्ट्रियल एरिया की किसान पाइप्स फैक्टरी के गोदाम में दोपहर 1 बजे लगी। सूचना मिलते ही दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए, लेकिन प्लास्टिक पाइप्स होने के कारण धुएं का गुबार ज्यादा फैल रहा था, जिससे आग बुझाने में कठिनाई हो रही थी। आग लगने की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। फैक्टरी के पास फायर एनओसी नहीं थी और इस संबंध में उन्हें दो बार नोटिस भी मिल चुका था, लेकिन फैक्ट्री मालिक ने लापरवाही बरती। जब इस बारे में बताया गया तो फैक्टरी मालिक ने उलटे दमकलकर्मियों को ही पाठ पढ़ाना शुरू कर दिया। अब इस अग्निकांड के बाद जिम्मेदार विभाग उनके खिलाफ सख्त कदम उठाएगा। जानकारी के अनुसार आग लगते समय कर्मचारी फैक्टरी में काम कर रहे थे, लेकिन आग की लपटें तेज होते ही वे भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहे।

**जोधपुर 48 डिग्री सेल्सियस के पार, सूर्यनगरी का बुरा हाल**

# पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल की मौत



**जोधपुर,27 मई (एजेंसियां)।** जोधपुर में हीटवेव से भी अभी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। आगामी कुछ दिनों तक भयंकर लू का दौर जारी रहेगा। यहां गर्मी में लोगों के कदम घरों से बाहर नहीं पड़ रहे। वहीं पुलिस लाइन में तैनात कॉन्स्टेबल पदम सिंह की गर्मी के चलते तबीयत बिगड़ने पर एमडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिनकी उपचार के दौरान रविवार रात को मौत हो गई।

इधर, रविवार को पीपाड़ शहर में जैन संत चिरंजय मुनि के बाद सोमवार को पीपाड़ शहर के ही जैन साध्वी दयाश्री म.सा. का भी देवलोकगमन हो गया है। बताया जा रहा है कि साध्वी की रात को गर्मी के कारण तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद सुबह 5 बजे उनका निधन हो गया। निधन के चलते समाज में शोक की लहर छाई हुई है।

**दूध डेयरी की आड़ में डोडा पोस्त रखने का मामला**

## 5.500 किला डोडा पोस्त जब्त कर आरोपी किया गिरफ्तार

**सिरोही,27 मई (एजेंसियां)।** पुलिस के अनुसार अनादरा थानाधिकारी हिंगलाजदान की अगुवाई में हेड कांस्टेबल मोड़सिंह, हरजीराम, डालूराम, हरिराम एवं डीएसटी टीम द्वारा नागाणी में एक दूध की डेयरी पर दबिश दी गई। इस दौरान वहां 5.500 किलोग्राम डोडा पोस्त भी जब्त कर सीयागांव, डारो की ढाणी, पूर, थाना सांचोर, जिला सांचोर निवासी भंवरलाल पुत्र किशनलाल डारा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर इसकी खरीद फरोख्त के संबंध में पूछताछ की जा रही है।



# फोटो वायरल करने की धमकी देकर दो बहनों के साथ किया दुष्कर्म



**दौसा,27 मई (एजेंसियां)।** जिले के बैजूपाड़ा थाना इलाके में 6 मई को दो युवतियों से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बैजूपाड़ा थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि बीती 6 मई को दर्ज प्रकरण में पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ वीडियो वायरल कर धमकाने और दुष्कर्म करने की शिकायत की थी। बैजूपाड़ा थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता द्वारा दी गई शिकायत पर दर्ज मामले में खुशीराम मीना को डरा–धमकाकर दुष्कर्म करने और अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी चोरी व नकबजनी के करीब 9 मुकदमे दर्ज हैं।

# नौवीं कक्षा की छात्रा ने सिविल अस्पताल में दिया बच्ची को जन्म

**यमुनानगर,27 मई (एजेंसियां)।** हरियाणा के यमुनानगर में सिविल अस्पताल में शहर की एक कॉलोनी निवासी 14 वर्षीय नौंवी कक्षा की छात्रा ने बच्ची को जन्म दिया। पीड़िता की मां का कहना है कि पुराना हमीदा निवासी मुद्रीश ने उसकी बेटी से दोस्ती कर घर पर आकर उसके साथ संबंध बनाए थे। जिससे वह गर्भवती हुई।

रविवार को जब उसके पेट में दर्द हुआ तो वह उसे सिविल अस्पताल लेकर गई। बेटी के गर्भवती होने का पता चलने पर मामले का खुलासा हुआ। कुछ देर बाद उसकी बेटी ने बच्ची को जन्म दिया। पुलिस ने आरोपी युवक पुराना हमीदा निवासी मुद्रीश पर पॉक्सो एक्ट समेत कई धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

एक कॉलोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति की वर्ष 2020 में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। जिसके बाद से वह मेहनत मजदूरी करके बच्चों का पालन पोषण कर रही है। उसकी 14 वर्षीय बेटी के शहर के निजी स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ती है। रविवार को उसकी बेटी के पेट में दर्द हुआ।

उसे लगा कि उसके पेट में रसोली है। इसलिए वह उसे लेकर सिविल अस्पताल में गई। जहां पर अल्ट्रासाउंड करने पर डॉक्टर ने बताया कि उसकी बेटी गर्भवती है और उसकी लड़की की आज ही डिलीवरी करनी पड़ेगी। इसके बाद उसकी बेटी ने बच्ची को जन्म दिया। जब उसने अपनी लड़की से इस बारे पूछा तो उसने बताया कि पुराना हमीदा निवासी मुद्रीश ने उससे दोस्ती की थी। आपके काम पर जाने के बाद आरोपी मुद्रीश घर पर आता था और उसके साथ गलत काम करता था। मना करने पर उसे धमकी देता था। महिला का आरोप है कि आरोपी मुद्रीश ने उसकी नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म किया है। उसने आरोपी युवक के खिलाफ शहर पुलिस में शिकायत दी।

## टूट कर नीचे गिरी एलिवेटेड हाईवे की ड्रेनेज पाइप, दो लोग घायल



**पानीपत,27 मई (एजेंसियां)।** पानीपत में सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे जीटी रोड पर हादसे में दो लोग घायल हो गए। एलिवेटेड हाईवे की ड्रेनेज पाईप टूट कर नीचे गिर गई। पाइप गिरने से कार में सवार दो लोग घायल हो गए। वहीं करीब छह गाड़ियां और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। एक घायल को नजदीक के निजी अस्पताल में दाखिल कराया है। जानकारी के अनुसार, ये ड्रेनेज पाइप एलिवेटेड हाइवे के बरसाती पानी की निकासी को लेकर लगाया गया है। यह करीब 50 फीट ऊंचाई से नीचे गिरा है। हादसे के बाद जीटी रोड पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों को एक तरफ किया और ट्रैफिक सामान्य करवाया।

# ईंट भट्ठे पर बनी झुग्गी–झोपड़ी में रहने वाली युवती के साथ दुष्कर्म

## नशीला पदार्थ सुंघाकर की दरिंदगी

**जींद,27 मई (एजेंसियां)।** जींद के उचाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक ईंट–भट्ठे पर रहने वाली युवती के साथ एक युवक ने नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। युवती की शिकायत पर छात्तर गांव के युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पुलिस को दी शिकायत में एक युवती ने कहा कि वह अपने परिवार के साथ ईंट भट्ठे पर रहती है। 24 मई रात को अमन उनकी झोपड़ी में घुस आया। अमन ने उसे नशीला पदार्थ पिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद अमन उसे झोपड़ी से कहीं दूर उठा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। उसे होश आया तो उसने विरोध किया। इसके बाद अमन ने उसके साथ मारपीट भी की। अमन इसी ईंट भट्ठे पर ट्रैक्टर चलाता है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर अमन के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद से ही अमन फरार चल रहा है।

# अपार धन और प्रसिद्धि दिलाती है अपरा एकादशी, जानें कथा और महत्व



ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी का नाम अपरा है, क्योंकि यह अपार धन और पुण्यों को देने वाली तथा समस्त पापों का नाश करने वाली है । इस साल अपरा एकादशी 2 जून 2024 को है।

ये व्रत जान-अनजाने में किए 10 महापापों से मुक्त करता है, इसके प्रभाव से व्यक्ति को नरक का मुंह नहीं देखना पड़ता। साथ ही पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। आइए जानते हैं अपरा एकादशी का महत्व और कथा।

### अपरा एकादशी का महत्व

पुराणों के अनुसार दूसरों की निंदा करने वालों को नरक प्राप्त होता है लेकिन इस व्रत के प्रताप से ऐसे लोगों का स्वर्ग जाना संभव होता है।

गौ, भूमि या स्वर्ण के दान का फल भी इस एकादशी व्रत के समान फल देता है। तीनों पुष्करों में या कार्तिक माह में स्नान करने से जो फल मिलता है वो इस एक एकादशी का व्रत करने से प्राप्त हो जाता है। जो मनुष्य इसका व्रत करते हैं, उनकी लोक में प्रसिद्धि होती है, अपार धन मिलता है।

### अपरा एकादशी व्रत कथा

पौराणिक कथा के अनुसार प्राचीन काल में महीध्वज नाम का एक धर्मात्मा राजा राज्य करता था। उसका छोटा भाई वज्रध्वज क्रूर, अधर्मी और अन्यायी था। वह बड़े भाई से द्वेष रखता था। एक दिन उसने बड़े भाई की हत्या कर दी और उसकी देह एक जंगल में पीपल के पेड़ के नीचे गाड़ दिया। अकाल मृत्यु के कारण राजा प्रेत बन गया और उसी पीपल के पेड़ पर रहकर उत्पात करने लगा।

### ऐसे मिली राजा को मुक्ति

एक दिन धौम्य ऋषि वहां से गुजरे, उन्होंने पेड़ पर प्रेत देखा और तप के बल से प्रेत के बारे में सब जान लिया, साथ ही उसके उत्पात का कारण भी समझा। इसके बाद ऋषि ने उसे पीपल के पेड़ से उतारा और परलोक विद्या का उपदेश दिया।

इसके अलावा ऋषि ने स्वयं ही राजा की प्रेत योनि से मुक्ति के लिए अपरा (अचला) एकादशी का व्रत किया। उसके प्रताप से वह राजा प्रेत योनि से मुक्त हो गया और ऋषि को आभार व्यक्त कर दिव्य देह धारण कर पुष्पक विमान से स्वर्ग चला गया।

# कालाष्टमी पर काल भैरव को इस तरह करें प्रसन्न, मिलेगा मनचाहा वर



हिंदू धर्म में काल भैरव को तंत्र-मंत्र का देवता माना गया है। कालाष्टमी का पर्व भगवान भैरव को समर्पित है। यह त्योहार प्रत्येक महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इस बार ज्येष्ठ माह में कालाष्टमी 30 मई को मनाई जाएगी। इस दिन काल भैरव की विशेष पूजा की जाती है। मान्यता है कि प्रभु की उपासना करने से जातक की सभी मुरादें पूरी होती हैं और शुभ फल की प्राप्ति होती है। यदि आप भी काल भैरव का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहते हैं, तो कालाष्टमी के दिन पूजा के दौरान काल भैरव अष्टक स्तोत्र का पाठ जरूर करें। इससे पूजा सफल होगी और मनचाहा वर मिलेगा।

### काल भैरव अष्टक

देवराजसेव्यमानपावनांघ्रिपङ्कजं
व्यालयज्ञसूत्रमिन्दुशेखरं कृपाकरम्।
नारदादियोगिवृन्दवन्दितं दिगंबरं
काशिकापुराधिनाथकालभैरवं भजे।।1।।
भानुकोटिभास्वरं भवाब्धितारकं परं
नीलकण्ठमीप्सितार्थदायकं त्रिलोचनम्।
कालकालमंबुजाक्षमक्षशूलमक्षरं
काशिकापुराधिनाथकालभैरवं भजे।।2।।
शूलटङ्कपाशदण्डपाणिमादिकारणं
श्यामकायमादिदेवमक्षरं निरामयम्।
भीमविक्रमं प्रभुं विचित्रताण्डवप्रियं
काशिकापुराधिनाथकालभैरवं भजे।।3।।
भुक्तिमुक्तिदायकं प्रशस्तचारुविग्रहं
भक्तवत्सलं स्थितं समस्तलोकविग्रहम्।
विनिक्कणन्मनोज्ञहेमकिङ्किणीलसत्कटिं
काशिकापुराधिनाथकालभैरवं भजे।।4।।
धर्मसेतुपालकं त्वधर्ममार्गनाशकं
कर्मपाशमोचकं सुशर्मदायकं विभुम्।
स्वर्णवर्णशेषपाशशोभिताङ्गमण्डलं
काशिकापुराधिनाथकालभैरवं भजे।।5।।
रत्नपादुकाप्रभाभिरामपादयुग्मकं
नित्यमद्वितीयमिष्टदैवतं निरंजनम्।
मृत्युदर्पनाशनं करालदंष्ट्रमोक्षणं
काशिकापुराधिनाथकालभैरवं भजे।।6।।
अट्टहासभिन्नपद्मजाण्डकोशसंततिं
दृष्टिपातनष्टपापजालमुग्रशासनम्।
अष्टसिद्धिदायकं कपालमालिकाधरं
काशिकापुराधिनाथकालभैरवं भजे।।7।।
भूतसंघनायकं विशालकीर्तिदायकं
काशिवासलोकपुण्यपापशोधकं विभुम्।
नीतिमार्गकोविदं पुरातनं जगत्पतिं
काशिकापुराधिनाथकालभैरवं भजे।।8।।

# किन लोगों के लिए फायदेमंद होता हैं मूंगा रत्न?

## पहनने से पहले जानें नियम, फायदे और नुकसान



रत्न शास्त्र में कुल 9 रत्न और 84 उपरत्न का उल्लेख किया गया है। सभी रत्नों का संबंध किसी न किसी ग्रह से होता है। कोई भी रत्न धारण करने से पहले विद्वानों और ज्योतिषी की सलाह लेनी बहुत जरूरी होती है। बिना जानकारी के कोई भी रत्न धारण करने से बहुत समस्याएं भी झेलनी पड़ सकती है। रत्न धारण करने के लिए कुंडली में मौजूद ग्रहों की स्थिति पता होना बहुत जरूरी होती है। इसी के चलते आज हम आपको मूंगा रत्न के बारे में बताने मूंगा को अंग्रेजी में कोरल के नाम से जाना जाता है। इस रत्न का संबंध मंगल ग्रह से होता है। आइए जानते हैं मूंगा रत्न धारण करने के फायदे, नुकसान और नियम।

### मूंगा रत्न धारण करने के फायदे

- मूंगा रत्न धारण करने से सफलता प्राप्त होती है और इच्छित लक्ष्य तक पहुंचने की राह आसान हो जाती है।
- जिन लोगों को अनजाना सा डर लगा रहता है उनके लिए मूंगा पहनना लाभदायक साबित होता है।
- मेडिकल, इंजीनियरिंग के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए मूंगा रत्न धारण करना फायदेमंद होता है।
- अगर किसी को डरावने सपने आते हों जिससे नींद पूरी नहीं हो पाती है उनके लिए मूंगा पहनना शुभ होता है।
- मांगलिक दोष के बुरे प्रभाव को कम करने के लिए मूंगा पहनने की सलाह दी जाती है।

### किन राशियों के लिए शुभ होता है मूंगा?

रत्न शास्त्र के अनुसार कुंडली में मंगल की स्थिति को मजबूत करने के लिए मूंगा धारण किया जाता है। जिस व्यक्ति की राशि मेष, वृश्चिक हो या फिर लग्न में सिंह, धनु, मीन हो उन लोगों को मूंगा धारण करना शुभ परिणाम देता है।

किन लोगों को नहीं पहनना चाहिए मूंगा?

रत्न शास्त्र के अनुसार मकर और धनु राशि के जातकों को मूंगा नहीं पहनना चाहिए। इन राशि के लोगों को अशुभ परिणाम झेलने पड़ सकते हैं।

# मां लक्ष्मी को अर्पित करें ये एक चीज

## होंगे चमत्कारी लाभ, खुल जाएंगे धनलाभ के रास्ते

हिंदू धर्म में मां लक्ष्मी को धन की देवी कहा जाता है। नियमित रूप में मां लक्ष्मी की पूजा करने से आर्थिक तंगी नहीं होती और धन-वैभव की कमी का सामना नहीं करना पड़ता है। मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए आप उनकी प्रिय चीजें अर्पित कर सकते हैं। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार धन की देवी को धनिया अर्पित करने से उनकी कृपा व्यक्ति पर सदैव बनी रहती है साथ ही कई चमत्कारी फायदे देखने को मिलते हैं। आइए जानते हैं।



मां लक्ष्मी के चरणों में धनिया अर्पित करने से घर में सुख-समृद्धि हमेशा बनी रहती है। ये सरल उपाय करने से धन की देवी की कृपा भी आपके ऊपर हमेशा बनी रहेगी।

मां लक्ष्मी के चरणों में धनिया अर्पित करने के बाद उस धनिया को तिजोरी में या फिर धन रखने वाले स्थान पर लाल कपड़े में बांधकर रख दें। इससे तिजोरी कभी खाली नहीं होगी और आर्थिक समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

तिजोरी में धनिया रखने से आय के नए सोर्स बनने के साथ-साथ धनलाभ के प्रबल योग बनते हैं। इससे पैसों की तंगी तो दूर होती ही है साथ में बरकत भी बनी रहती है।

लगातार मेहनत करने के बाद भी आपको शुभ परिणाम नहीं मिल रहा और कर्ज का बोझ बढ़ा जा रहा है तो आप मां लक्ष्मी को धनिया अर्पित करें। इससे आपके सिर से कर्ज का भार जल्दी उतरेगा। अगर आपके दांपत्य जीवन में काफी मुश्किलें आ रही हैं या फिर पति पत्नी में विवाद होते रहते हैं तो हर शुक्रवार मां लक्ष्मी को धनिया अर्पित करें। इससे आपके रिश्ते में मधुरता आएगी।

# दीपक की लौ में छिपे हैं कई रहस्य

## मिले ये संकेत तो समझें श्री कृष्ण की कृपा से पलटने वाली है किस्मत



हिंदू धर्म में भगवान के सामने दीपक दिखाना अपनी श्रद्धा को व्यक्त करने के लिए जाना जाता है। किसी भी धार्मिक कार्य में दीपक जलाना शुभ मानते हैं। जिससे कि भगवान प्रसन्न हो कर अपना आशीर्वाद बनाए रखते हैं। व्यक्ति यह कैसे समझे कि भगवान उन पर प्रसन्न हुए हैं या नहीं या फिर उन्होंने भक्तों की प्रार्थना को स्वीकारा है कि नहीं तो आइए ज्योतिष शास्त्र के जरिए दीपक की लौ में बनने वाले बांसुरी की आकृति के अर्थ को विस्तार में समझे।

### जानें दीपक की लौ में बांसुरी की आकृति का अर्थ

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यदि दीपक की लौ में बांसुरी की आकृति नजर आने लगे तो यह शुभ माना जाता है। दरअसल यह भगवान श्री कृष्ण के आशीर्वाद से जोड़ा जाता है। दरअसल यह संकेत यह दर्शाता है कि भगवान श्री कृष्ण व्यक्ति पर अपनी कृपा हमेशा बरसाते रहेंगे।

### दांपत्य जीवन में आएगी खुशियां

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार दीपक की लौ में बांसुरी की आकृति नजर आए तो यह वैवाहिक जीवन के लिए शुभ माना जाता है। दरअसल यह पति पत्नी के रिश्ते को और भी मजबूत बनाने की ओर इशारा है। ऐसे में रिश्ते में और अधिक प्रेम बढ़ता है।

### दुश्मनों से मिलेगा छुटकारा

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यदि दीपक की लौ में बांसुरी या फिर मोर मंख नजर आए तो समझ जाए कि जल्द ही व्यक्ति को अपने दुश्मनों से छुटकारा मिल जाएगा।

### प्रेम का है प्रतीक

ज्योतिष शास्त्र की मानें तो दीपक की लौ में बांसुरी की आकृति नजर आने का अर्थ है कि भगवान श्री कृष्ण भक्त की पूजा से प्रसन्न हैं और यह उनके प्रेम का भी प्रतीक है। दीपक की लौ में बांसुरी का बनना एक दो नहीं बल्कि कई तरह से शुभ संकेत देते हैं। इसलिए जब भी ऐसी आकृति नजर आए तो समझ जाए कि भक्त के साथ पूरे घर के सदस्यों पर भगवान श्री कृष्ण की कृपा बरसने वाली है।

# आर्थिक तंगी से हैं परेशान, तो लाल किताब के इन उपायों से समस्या होगी दूर

सनातन धर्म में लाल किताब का बेहद खास महत्व है। यह किताब ज्योतिष पर आधारित है। इस किताब में इंसान के जीवन से संबंधित परेशानियों को दूर करने के लिए कई उपायों का उल्लेख किया गया है। लाल किताब के अनुसार, इन उपायों को करने से संकटों और आर्थिक तंगी से मुक्ति मिलती है। आइए जानते हैं लाल किताब के इन उपायों के बारे में।

### लाल किताब के उपाय

मंगलवार और शनिवार को हनुमान जी की विधिपूर्वक पूजा करें और उन्हें लाल चोला अर्पित करें। साथ ही बरगद के पेड़ के पत्ते का दीपक बनाकर बजरंगबली के सामने जलाएं। यह उपाय लगातार 11 मंगलवार या शनिवार तक करें। इससे सभी तरह के संकटों से मुक्ति मिलती है और करियर में वृद्धि होती है।

अगर आप जीवन में आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं, तो नौ कन्याओं को हरे रंग का रुमाल दान करें और रात्रि में सोने से पहले बेड के नीचे सिरहाने की ओर मिट्टी या स्टील के पात्र में जौ भरकर रखें और सुबह होने पर इसे किसी जानवर को खिला दें। लाल किताब के अनुसार, इस




उपाय को करने से धन की देवी मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और आर्थिक तंगी से मुक्ति मिलती है।

यदि आप किसी कार्य के लिए कहीं बाहर जा रहे हैं, तो घर से निकलने से पहले माथे पर केसर या चंदन का तिलक लगाएं। मान्यता है कि ऐसा करने से इंसान को सभी कार्यों में सफलता हासिल होती है।

हर रोज कुत्ते को रोटी खिलानी चाहिए। लाल किताब के अनुसार, इस उपाय को करने से भगवान शनि देव प्रसन्न होते हैं।

लाल किताब के उपाय करने के लिए सोमवार या मंगलवार का दिन उत्तम माना गया है। इसके अलावा पूर्णिमा, अमावस्या और संक्रांति पर भी कर सकते हैं।

# ये 4 ग्रह जून महीने में करेंगे राशि परिवर्तन इन राशियों को मिलेगा विशेष लाभ

**ज्योतिषीय गणना के अनुसार जून महीने में 04 ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे। इससे राशि चक्र की सभी राशियों पर भाव अनुसार प्रभाव पड़ने वाला है। इन 04 ग्रहों के राशि परिवर्तन से मिथुन राशि के जातकों को सर्वाधिक लाभ प्राप्त होने वाला है। इसके अलावा, कई अन्य राशि के जातकों को भी शुभ फल प्राप्त होगा।**




### मंगल गोचर 2024

ग्रहों के सेनापति मंगल देव 01 जून को दोपहर 03 बजकर 36 मिनट पर स्वराशि मेष में गोचर करेंगे। इस राशि के स्वामी मंगल देव हैं और आराध्य हनुमान जी हैं। इस दौरान 19 जून को भरणी और 07 जुलाई को कृतिका नक्षत्र में गोचर करेंगे। इसके बाद 12 जुलाई को वृषभ राशि में गोचर करेंगे।

### बुध गोचर 2024

ग्रहों के राजकुमार बुध देव 31 मई को वृषभ राशि में गोचर करेंगे। इस दौरान 05 जून को रोहिणी नक्षत्र और 11 जून को मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। बुध देव 14 जून को मिथुन राशि में गोचर करेंगे। इस काल के अंतर्गत 17 जून को आर्द्रा और 24 जून को पुनर्वसु नक्षत्र में गोचर करेंगे। इसके बाद 29 जून को कर्क राशि में गोचर करेंगे।



### सूर्य राशि परिवर्तन 2024

वर्तमान समय में सूर्य देव वृषभ राशि में विराजमान हैं। आत्मा के कारक सूर्य देव 15 जून को मिथनु राशि में गोचर करेंगे। 15 जून को सूर्य देव देर रात 12 बजकर 37 मिनट पर मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। इस दौरान 21 जून को आर्द्रा और 05 जुलाई को पुनर्वसु नक्षत्र में गोचर करेंगे। इसके बाद 16 जुलाई को कर्क राशि में प्रवेश करेंगे।

### शुक्र गोचर 2024

सुखों के कारक शुक्र देव जून महीने में राशि परिवर्तन करेंगे। शुक्र देव 12 जून को संध्याकाल 06 बजकर 29 मिनट पर वृषभ राशि से निकलकर मिथुन राशि में गोचर करेंगे। इस दौरान 18 जून को आर्द्रा और 28 जून को पुनर्वसु नक्षत्र में गोचर करेंगे। इसके बाद 07 जुलाई को कर्क राशि में गोचर करेंगे।

# शाहरुख खान ने केकेआर की जीत पर मनाया जश्न





**भरे स्टेडियम में पत्नी गौरी खान को कर दिया किस**

आईपीएल 2024 के आखिरी मुकाबले में शाहरुख खान की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को पटखनी देकर शानदार जीत हासिल की। इसी के साथ केकेआर ने चौथी बार आईपीएल की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। कोलकाता की जीत पर पूरे स्टेडियम में जश्न का माहौल देखने को मिला तो वहीं शाहरुख खान और उनका परिवार खुशी से झूम उठा। केकेआर की जीत पर शाहरुख खान, गौरी खान और सुहाना खान इमोशनल होते हुए भी नजर आए वहीं किंग खान ने स्टेडियम में अपना सिग्नेचर पोज देकर जीत की खुशी जाहिर की। अब स्टेडियम से शाहरुख खान और उनके परिवार की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वयारल हो रही हैं। इन फोटोज में किंग खान केकेआर की जीत के बाद भरे स्टेडियम में अपनी पत्नी गौरी को किस करते नजर आ रहे हैं।इस तस्वीर में शाहरुख खान इमोशनल होकर अपनी बेटी सुहाना खान और बेटे अबराम को गले लगाते नजर आ रहे हैं। फोटो में देखा जा सकता है कि केकेआर की जीत के बाद अबराम भी अपने पापा को देख इमोशनल हो रहे हैं। इस तस्वीर में देखा जा सकता है कि सुहाना खान अपने पिता के गले लगकर खुशी से इमोशनल हो गई हैं। आईपीएल 2024 के आखिली मुकाबले की यह तस्वीरें जमकर वायरल हो रही हैं।




कोलकाता नाइट राइडर्स की जीत के बाद शाहरुख खान अपनी पत्नी गौरी खान को सबके सामने किस करते नजर आ रहे हैं। फोटो में खान परिवार की खुशी देखते ही बन रही है।इस तस्वीर में देखा जा सकता है कि शाहरुख खान स्टेडियम में अपना सिग्नेचर पोज दे रहे हैं। फोटो में शाहरुख खान ब्लैक कलर की टीशर्ट पहनें और आंखों पर काला चश्मा लगाए नजर आ रहे हैं।इस तस्वीर में शाहरुख खान अपने दोनों बेटे आर्यन खान और अबराम के साथ नजर आ रहे हैं। फोटो में देखा जा सकता है कि आर्यन भी केकेआर की जीत पर काफी खुश हैं।इस तस्वीर में देखा जा सकता है कि केकेआर की जीत के बाद शाहरुख खान अपने परिवार के साथ स्टेडियम में उतर आए। इस दौरान उन्होंने अपने परिवार के साथ जमकर पोज दिए।इस तस्वीर में देखा जा सकता है कि शाहरुख खान अपनी पत्नी गौरी के साथ आईपीएल 2024 की ट्रॉफी उठाते नजर आ रहे हैं। फोटो में पति- पत्नी काफी खुश लग रहे हैं।इस तस्वीर में देखा जा सकता है कि शाहरुख खान केकेआर की जीत के बाद अपनी बेटी सुहाना को खूब लाड कर रहे हैं। फोटो में सुहाना खान की बेस्ट फ्रेंड शनाया कपूर भी नजर आ रही हैं।इस तस्वीर में शाहरुख खान के साथ जूही चावला, उनके पति और बेटी जाह्नवी जीत की ट्रॉफी के साथ पोज दे रहे हैं। फोटो में शाहरुख और जूही काफी खुश लग रहे हैं।

# उर्फी जावेद ने टॉपलेस फोटोशूट से हिलाया इंटरनेट



टीवी सीरियल अदाकारा और इंटरनेट संसेशन उर्फी जावेद अपने बोल्ड अंदाज से दर्शकों को दीवाना बना देती हैं। एक बार फिर अदाकारा ने इंस्टाग्राम पर अपना बोल्ड अवतार दिखाया है। अदाकारा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक बोल्ड वीडियो शेयर किया है। जिसमें उर्फी जावेद टॉपलेस लुक में नजर आईं। अदाकारा उर्फी जावेद ने इस वीडियो में सिल्क क्लोथ फ्लॉवर से अपना आधा बदन छुपाया है। साथ ही उर्फी जावेद ने फ्लॉवर वाली स्कर्ट कैरी की है। उर्फी जावेद का ये वीडियो इंस्टाग्राम पर आते ही तहलका मचाने लगा है।

**उर्फी जावेद के बोल्ड फोटोशूट ने हिला डाला इंटरनेट**

इस तस्वीर पर लोगों ने जमकर कमेंट्स किए हैं। एक यूजर ने उर्फी जावेद के इस वीडियो पर कमेंट कर लिखा, 'अब बस भी करो दीदी' तो वहीं, एक यूजर ने एक्ट्रेस को ट्रोल करते हुए पूछा, 'संस्कार कहां गए आखिर आपके।' कई लोगों ने उन्हें उनके इस बोल्ड लुक के लिए ट्रोल कर डाला है। बावजूद इसके अदाकारा के इस वीडियो पर अब तक करीब 45,000 लोगों ने लाइक कर दिया है। एंटरटेनमेंट न्यूज की दुनिया में वायरल हुआ अदाकारा का ये वीडियो आप यहां देख सकते हैं।

**'लव सेक्स और धोखा 2' में दिखी थीं उर्फी जावेद**

बता दें कि अदाकारा उर्फी जावेद हाल ही में सिनेमाघर पहुंची एकता कपूर के प्रोडक्शन बैनर तले बनी फिल्म 'लव सेक्स और धोखा 2' में नजर आई थीं। इस मूवी में अदाकारा का एक कैमियो रोल था। जिसमें अदाकारा ने एक बेहद बोल्ड रोल किया था। इसके अलावा वो इन दिनों एमटीवी के चर्चित शो स्प्लिटविला 15 में एक गेस्ट के तौर पर हिस्सा ले रही हैं। वो स्प्लिटविला 14 का भी हिस्सा रह चुकी हैं। उर्फी जावेद अपने संसेशनल और यूनिक फैशन से ही सुर्खियां बटोरती रहती हैं। इसके अलावा अगर उर्फी जावेद के वर्क फ्रंट की बात करें तो अदाकारा ने बिग बॉस ओटीटी के पहले पार्ट से सुर्खियां बटोरी थीं। जबकि, इससे पहले एक्ट्रेस उर्फी जावेद ने टीवी सीरियल्स से अपने करियर की शुरुआत की थी।

# मौनी रॉय ने दिलकश अदाओं से ढाया कहर



बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। मौनी रॉय इन दिनों वेकेशन ट्रिप को एंजॉय कर रही हैं और अपनी तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल धड़का रही हैं। मौनी रॉय ने अपनी कुछ ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की जिन्हें उनके तमाम चाहने वाले फैंस बार-बार देख रहे हैं। मौनी रॉय का ग्लैमरस अंदाज उनके फैंस को खूब पसंद आ रहा है और फैंस अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस की फोटोज पर प्यार बरसा रहे हैं। मौनी रॉय इन दिनों फुल एंजॉय कर रही हैं और इसका नजारा उनकी लेटेस्ट फोटोज में साफ दिखाई दे रहा है। मौनी रॉय अपनी वेकेशन ट्रिप की तस्वीरें शेयर कर रही हैं। मौनी रॉय ने एक बार फिर अपनी वेकेशन की झलक अपने फैंस को दिखाई है। मौनी रॉय की ग्लैरस तस्वीरें देखकर उनके तमाम चाहने वाले फैंस आहें भरने पर मजबूर हैं।मौनी रॉय की नई तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि समंदर किनारे रिवीलिंग ड्रेस में मस्ती कर रही हैं। मौनी रॉय की तस्वीरों को फैंस बार-बार निहार रहे हैं। मौनी रॉय ने अपने चेहरा ढकते हुए कैमरे के सामने पोज दिया है। मौनी रॉय को देखकर लग रहा है कि वह फोटो लेने वाले से खुद को कैमरे में कैद से मना कर रही हैं।मौनी रॉय का हद से ज्यादा कातिलाना अंदाज फैस को घायल कर रहा है। हालांकि, मौनी रॉय अक्सर अपनी बोल्ड अदाओं से अपने फैंस का ध्यान खींचती रहती हैं।मौनी रॉय की सोशल मीडिया पर काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। मौनी रॉय जैसे ही तस्वीरें शेयर करती हैं कि बुलेट की स्पीड से सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती हैं।मौनी रॉय ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत से टीवी इंडस्ट्री की थी और उन्होंने अच्छी पहचान बनाई। अब मौनी रॉय बॉलीवुड फिल्मों में काम करते नजर आती हैं।





# नेहा सिंह की किलर अदाओं के सामने फेल हुआ उर्फी जावेद का ग्लैमर

भोजपुरी इंडस्ट्री में तहलका मचाने वाली एक्ट्रेस नेहा सिंह अपने सोशल मीडिया पोस्ट्स की वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। नेहा सिंह का अंदाज हद से ज्यादा कातिलाना है। इस बात की गवाही नेहा सिंह का इंस्टाग्राम अकाउंट देता है। नेहा सिंह की फोटोज इंटरनेट पर आते ही छा जाती है। इस बीच नेहा सिंह की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जो कि हर तरफ धड़ल्ले से वायरल हो रही है। भोजपुरी की क्वीन नेहा सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट को अपडेट करते हुए कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो नागिन की तरह बलखाती नजर आ रही हैं। नेहा सिंह का ये अंदाज देखते ही बन रहा है। सामने आई इन फोटोज में भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा सिंह बेहद बोल्ड लुक में नजर आ रही हैं। नेहा सिंह ने ऐसा बोल्डनेस का तड़का लगाया है कि हर कोई घायल हो गया है।भोजपुरी की बोल्ड हसीना नेहा मलिक की हर अदा पर लोग फिदा हो गए है। सामने आई इस फोटो में नेहा सिंह खुले बालों में किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही हैं।सामने आई इन फोटोज में नेहा सिंह ने कैमरे के सामने बेहद किलर पोज दिए हैं। नेहा सिंह का एक पोज इंटरनेट पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है।इन फोटोज में बोल्डनेस क्वीन नेहा मलिक की अदाएं हद से ज्यादा कातिलाना है। भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा सिंह ने अपने लुक्स से सभी को घायल कर दिया है।भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा सिंह इन फोटोज में अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट कर रही है। बता दें कि फिगर के मामले में नेहा सिंह, बॉलीवुड एक्ट्रेसेस को भी टक्कर देती हैं।

भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें शेयर कर फैंस को विजुअल ट्रीट देती रहती हैं। नेहा के हर पोस्ट पर लोग रिएक्ट करते हैं।भोजपुरी की पॉपुलर अदाकारा नेहा सिंह के इंस्टाग्राम पर नजर डालें तो उनको 4.7 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। बोल्डनेस क्वीन नेहा सिंह की फैन फॉलोइंग जबरदस्त है।बॉलीवुड अदाकार सनी लियोनी से लेकर टीवी एक्ट्रेस उर्फी जावेद तक, बोल्डनेस के मामले में नेहा सिंह सभी हसीनाओं को टक्कर देती हैं। नेहा सिंह अपने बोल्ड लुक्स से फैंस के दिलों पर कहर बरपा देती हैं।

# दूसरे पति निखिल संग तलाक की खबरों के बीच फिर दुल्हन बनीं दलजीत कौर

टीवी एक्ट्रेस दलजीत कौर की पर्सनल लाइफ इन दिनों टॉक ऑफ द टाउन बनी हुई है। दलजीत ने कुछ समय पहले ही केन्या के बिजनेसमैन निखिल पटेल से बेहद ही धूमधाम से शादी रचाई थी और केन्या शिफ्ट हो गई थीं, लेकिन चंद महीनों के अंदर ही दलजीत पति को छोड़ इंडिया वापिस आ गईं। अब एक्ट्रेस ने अपने पति पर एक्ट्रा मैरिटल अफेयर का आरोप लगाया है। इन सब खबरों के बीच दलजीत कौर का एक पोस्ट धड़ल्ले से वायरल हो रहा है। दलजीत अपने लेटेस्ट वीडियो में दुल्हन के अवतार में दिख रही हैं। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या अब दलजीत तीसरी बार भी शादी करने का मन बना चुकी हैं।



दरअसल, दलजीत कौर सोशल मीडिया पर लगातार एक्टिव हैं। वह खुद से जुड़ी तमाम खबरों के बीच इंस्टाग्राम पर कुछ न कुछ शेयर कर रही हैं। हाल ही में, एक्ट्रेस ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह दुल्हन लुक में नजर आ रही हैं। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि दलजीत ने सुर्ख लाल रंग का लहंगा पहना हुआ है, जिस पर गोल्डन कलर का वर्क है। इसके साथ एक्ट्रेस ने भारी भरकम ज्वैलरी कैरी की हुई है। इसके रॉयल आउटफिट के साथ दलजीत अपने हुस्न का दीदार करवा रही हैं। एक्ट्रेस एक से बढ़कर एक पोज दे रही हैं। हालांकि, इस वीडियो के बैकग्राउंड में चल रहे गाने ने सारी सच्चाई बता दी। वीडियो में हीरामंडी का गाना चल रहा है। यानी एक्ट्रेस इस वीडियो में हीरामंडी के लुक को रीक्रिएट करने की कोशिश कर रही हैं। दलजीत कौर के इस वीडियो पर फैंस भर-भरकर कमेंट्स कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने खुलासा किया था कि निखिल पटेल का किसी एसएन से अफेयर कर रहा है।

संपादकीय

# संविधान विरुद्ध मुस्लिम आरक्षण पर न्यायालय ने दिया संदेश

**लोकसभा** चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुस्लिम आरक्षण के विषय को उठाकर कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दलों के संविधान विरोध कृत्य को उजागर कर दिया है। मुस्लिम आरक्षण पर मचे हो-हल्ला के बीच न्यायालय से एक बहुत महत्वपूर्ण निर्णय आया है। उच्च न्यायालय ने ममता बनर्जी की सरकार को झटका देते हुए उन्हें द्वारा 2011 से जारी अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी प्रमाण पत्रों को अमान्य करार दिया है। न्यायालय के निर्णय पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जिस प्रकार की प्रतिक्रिया दी है, वह किसी भी प्रकार से उचित नहीं कही जा सकती। एक प्रकार से उन्होंने संवैधानिक पद पर बैठकर न्यायालय की अवमानना की है। कोई मुख्यमंत्री यह कैसे कह सकता है कि वह न्यायालय के निर्णय को नहीं मानेगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यहाँ तक कह दिया है कि न्यायालय का यह निर्णय भाजपा का निर्णय लगता है। ममता बनर्जी को न्यायालय के आदेश से इसलिए चिढ़ हो रही है क्योंकि इससे उनके वोटबैंक को भारी नुकसान हो सकता है। दरअसल, ममता बनर्जी सरकार ने मुस्लिम समुदाय को साधने के लिए बड़ी संख्या में मुसलमानों को भी पिछड़ा वर्ग में शामिल करके उनके प्रमाण-पत्र जारी किए थे। कांग्रेस की सरकारों ने भी यह कारनामा किया है, जिस पर आजकर भाजपा हमलावर है। धर्म के आधार पर आरक्षण देना, वास्तव में संविधान विरोधी कृत्य है। हमारे संविधान में कहीं भी आरक्षण के लिए धर्म को आधार नहीं बनाया गया है। हिन्दू धर्म के वंचित वर्ग के उत्थान के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है। वहीं, राजनीतिक दल अपने राजनीतिक उत्थान के लिए मुस्लिमों को तुष्टीकरण करते हुए आरक्षण की व्यवस्था से छेड़छाड़ कर रहे हैं। मुसलमानों को आरक्षण देना केवल संविधान विरोधी कार्य नहीं है अपितु यह पिछड़ा वर्ग विरोध कृत्य भी है। एक तरह से पिछड़ा वर्ग के विभिन्न वर्गों का अधिकार छीनकर संप्रदाय विशेष को आरक्षण दिया जा रहा है। याद रखें कि संप्रदाय के आधार पर आरक्षण देने की भूमिका कांग्रेस के समय में ही बनायी गई थी। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में गठित सच्चर कमेटी की रिपोर्ट ने इसका आधार तैयार किया है। उस रिपोर्ट में देश में मुस्लिम समुदाय की स्थिति के बारे में विस्तृत बातें की गई थीं। रिपोर्ट में कहा गया था कि पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों में केवल 3.5 प्रतिशत ही मुस्लिम थे। इसी को आधार बनाकर 2010 में पश्चिम बंगाल की वाम मोर्चा सरकार ने 53 जातियों को ओबीसी की श्रेणी में डाल दिया। इस तरह उस समय लगभग 87.1 प्रतिशत मुस्लिम आबादी आरक्षण के दायरे में आ गई। लेकिन, 2011 में वाम मोर्चा की सरकार सत्ता से बाहर हो गई और उसका यह फैसला कानून नहीं बन सका। बाद में, ममता सरकार ने इस सूची को बढ़ाकर 77 कर दिया। 35 नई जातियों को इस सूची में जोड़ा गया, जिसमें से 33 मुस्लिम समुदाय की जातियां थीं। ममता सरकार के इस कानून की वजह से राज्य की 92 फीसदी मुस्लिम आबादी को आरक्षण का लाभ मिलने लगा। कुलमिलाकर वाम दल हों या कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस, सबने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में मुसलमानों को घुसाने का प्रयास किया है, जो कि विधि सम्मत नहीं है। इसलिए ही न्यायालय ने ममता सरकार की व्यवस्था को अवैध बताया है। जो भी राजनीतिक दल संविधान से छेड़छाड़ करके अपनी सांप्रदायिक राजनीति को चलाना चाहते हैं, न्यायालय का यह निर्णय उनके लिए सबक है।

मुस्लिम आरक्षण पर मचे हो-हल्ला के बीच न्यायालय से एक बहुत महत्वपूर्ण निर्णय आया है। उच्च न्यायालय ने ममता बनर्जी की सरकार को झटका देते हुए उन्हें द्वारा 2011 से जारी अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी प्रमाण पत्रों को अमान्य करार दिया है। न्यायालय के निर्णय पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जिस प्रकार की प्रतिक्रिया दी है, वह किसी भी प्रकार से उचित नहीं कही जा सकती। एक प्रकार से उन्होंने संवैधानिक पद पर बैठकर न्यायालय की अवमानना की है। कोई मुख्यमंत्री यह कैसे कह सकता है कि वह न्यायालय के निर्णय को नहीं मानेगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यहाँ तक कह दिया है कि न्यायालय का यह निर्णय भाजपा का निर्णय लगता है। ममता बनर्जी को न्यायालय के आदेश से इसलिए चिढ़ हो रही है क्योंकि इससे उनके वोटबैंक को भारी नुकसान हो सकता है। दरअसल, ममता बनर्जी सरकार ने मुस्लिम समुदाय को साधने के लिए बड़ी संख्या में मुसलमानों को भी पिछड़ा वर्ग में शामिल करके उनके प्रमाण-पत्र जारी किए थे। कांग्रेस की सरकारों ने भी यह कारनामा किया है, जिस पर आजकर भाजपा हमलावर है। धर्म के आधार पर आरक्षण देना, वास्तव में संविधान विरोधी कृत्य है। हमारे संविधान में कहीं भी आरक्षण के लिए धर्म को आधार नहीं बनाया गया है। हिन्दू धर्म के वंचित वर्ग के उत्थान के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

## जल-संकट चुनाव जीतने एवं राजनीतिक बयानबाजी का हिस्सा तो है, लेकिन समाधान का नहीं

# जल-संकट चुनाव जीतने का नहीं, समाधान का माध्यम बने

ललित गर्ग

भीषण गर्मी पड़ रही है, जैसे-जैसे गर्मी प्रचंड होती जा रही है, जल संकट की खबरें भी डराने लगी है। राजस्थान, दिल्ली, कर्नाटक आदि प्रांतों में पानी के लिये त्राहि-त्राहि मची है। मध्यप्रदेश के छतरपुर ज़िले महर-खुवा गांव में जल-संकट की तस्वीरें भयावह एवं डराने वाली है। इस गांव में लगभग 100 आदिवासी परिवार रहते हैं, जिनके पास अब इतना भी पानी नहीं बचा है कि ये दिन में दो वक्त का खाना बना सकें और अपनी प्यास बुझा सकें। ऐसे हजारों गांव हैं, जहां पानी के अभाव में जीवन संकट में हैं। भारत अपने इतिहास के सबसे गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है।

**देश** के कई भागों में भीषण गर्मी पड़ रही है, जैसे-जैसे गर्मी प्रचंड होती जा रही है, जल संकट की खबरें भी डराने लगी है। राजस्थान, दिल्ली, कर्नाटक आदि प्रांतों में पानी के लिये त्राहि-त्राहि मची है। मध्यप्रदेश के छतरपुर ज़िले महर-खुवा गांव में जल-संकट की तस्वीरें भयावह एवं डराने वाली है। इस गांव में लगभग 100 आदिवासी परिवार रहते हैं, जिनके पास अब इतना भी पानी नहीं बचा है कि ये दिन में दो वक्त का खाना बना सकें और अपनी प्यास बुझा सकें। ऐसे हजारों गांव हैं, जहां पानी के अभाव में जीवन संकट में हैं। भारत अपने इतिहास के सबसे गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है। लोकसभा चुनाव अन्तिम चरण की ओर अग्रसर है, आज हमारे उम्मीदवार मुफ्त बिजली और पानी देने का वादा करके चुनाव तो जीत जाते हैं लेकिन भारत में जिस तरह पानी का संकट गंभीर हो रहा है, उससे उनकी कथनी और करनी की असमानता ही बार-बार उजागर होती है। जल-संकट चरम पराकाष्ठा पर है, एक दिन ऐसा भी आ सकता है, जब पैसा देकर भी पानी खरीदना मुश्किल हो जाएगा। जल-संकट चुनाव जीतने एवं राजनीतिक बयानबाजी का हिस्सा तो है, लेकिन समाधान का नहीं। जल संकट ने राजनीतिक रंग तो ले लिया है, विभिन्न राजनीतिक दल एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं और पिस रहा आम आदमी। पैसे वालों के लिए पानी इतनी बड़ी समस्या नहीं है लेकिन जिन लोगों के पास पैसों की किल्लत है, वे पानी की किल्लत से भी जूझ रहे हैं क्योंकि टैंकर का पानी महंगा पड़ रहा है। वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते राजस्थान, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से दो-चार है। जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते जल संकट की गंभीरता को ही दर्शाते हैं। आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस प्रतिशत की गिरावट आई है। जो हाल के वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट है। जो सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है। महर-खुवा गांव की ही तरह अलवर जिले के कई गांव में लोग किसी एक मौसम में नहीं, बल्कि 12 महीनें भीषण जल संकट का सामना कर रहें है। इन गांवो में पानी का स्त्रोत है ही नहीं। इन इलाकों में पानी की इतनी कमी है कि लोग उसे अपने घरों में टैंकर में छिपाकर और ताला लगाकर सुरक्षित रखने लगे हैं। भारत के गांवों में रहने वाले करीब 20 करोड़ परिवारों के घरों में नल नहीं है। इन परिवारों की औरतें पैदल चलकर, घंटों लाइन में लगकर पानी इकट्ठा करती हैं। इसी चुनौती से निपटने के लिए मोदी सरकार ने साल 2019 में हर घर में नल से पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन की घोषणा की। सरकार का दावा है कि अब तक 10 करोड़ घरों में नल लग गए हैं। लेकिन अभी हजारों गांवों में जल-संकट एक बड़ी समस्या बनी हुई है। एक नागरिक के रूप में हम आत्ममंथन करें कि बढ़ते जल-संकट के समाधान की दिशा में हमने क्या कदम उठाये। क्या पानी की फिजूल खर्ची को कम करने का कोई संकल्प लिया? गर्मी के आने पर हम हाय-हाय तो करने लगते हैं, लेकिन कभी हमने विचार किया कि हम इस स्थिति को दूर करने के लिये क्या योगदान देते हैं? क्या हम पौधा-रोपण की ईमानदार कोशिश करते हैं? हम जल के दुरुपयोग को रोकने का प्रयास करते हैं? क्या वर्षा जल सहेजने का प्रयास करते हैं ताकि तापमान कम करने व भूगर्भीय जल के संरक्षण में मदद मिले? सच कहें तो हमारे पूर्वजों ने प्रकृति के अनुरूप जैसी जीवन शैली विकसित की थी, वह हमें कुदरत के चरम से बचाती थी। राजस्थान में जल-संकट की संभावनाओं को देखते हुए आम नागरिक खुद के स्तर पर व्यापक प्रयत्न करता है। रेगिस्तान से जुड़े अनेक गांवों एवं शहरों में बने या बनने वाले मकानों में कुआ जरूर होता है, जहां बरसात के पानी को एकत्र किया जाता है, जो संकट के समय काम आता है। इसलिये गाँव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरुआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाने के द्वारा बरसात के पानी को बचाया जा सकता है। हम महसूस करें कि बढ़ती जनसंख्या का संसाधनों में बढ़ता दबाव भी तापमान की वृद्धि एवं जल-संकट का कारण है। बड़ी विकास परियोजनाओं व खनन के लिये जिस तरह जंगलों को उजाड़ा गया, उसका खमियाजा हमें और आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा। विलासिता के साधनों, वातानुकूलन के मोह, वाटर-पार्कों एवं होटलों में पानी के अपव्यय को रोकने के लिये जन-चेतना जागृत करने की अपेक्षा है। हमारे पुरखों ने मौसम अनुकूल खानपान, परंपरागत पेय-पदार्थों के सेवन तथा मौसम अनुकूल जीवन शैली के साथ-साथ जल-संरक्षण का ऐसा ज्ञान दिया, जो हमें मौसम के चरम में सुरक्षित रख सकता है। एक व्यक्ति के रूप में हम बहुत कुछ ऐसा कर सकते हैं जिससे जल-संकट से खुद व समाज को सुरक्षित कर सकते हैं। सरकार व समाज मिलकर जल-संकट का मुकाबला कर सकते हैं। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये है, वे दुनिया के लिये मार्गदर्शक हैं। देश के सात राज्यों के 8220 ग्राम पंचायतों में भूजल प्रबंधनों के लिए अटल भूजल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उचित ही रेखांकित किया कि सभी राज्यों को मिलकर काम करना होगा तथा जल संरक्षण एवं उपयोग किये गये पानी को फिर से इस्तेमाल में लाने के उपाय करने होंगे। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन है नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, रक्षा करो, अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। अन्तिम समय यही तुम्हारे जीवन और जीवनी को बचायेंगे। धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं। 2030 तक देश में पानी की मांग उपलब्ध जल वितरण की दोगुनी हो जाएगी। जिसका मतलब है कि करोड़ों लोगों के लिए पानी का गंभीर संकट पैदा हो जाएगा। स्वतंत्र संस्थाओं द्वारा जुटाए डाटा में दर्शाया गया है कि करीब 70 प्रतिशत प्रदूषित पानी के साथ भारत जल गुणवत्ता सूचकांक में 122 देशों में 120वें पायदान पर है। नीति आयोग ने कहा है, 'अभी 60 करोड़ भारतीय गंभीर से गंभीरतम जल संकट का सामना कर रहे हैं और दो लाख लोग स्वच्छ पानी तक पर्याप्त पहुंच न होने के चलते हर साल अपनी जान गंवा देते हैं।' इन जटिल एवं विकराल स्थितियों एवं डरावने तथ्यों के बावजूद हम पानी का इस्तेमाल करते हुए पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है।



दृष्टि कोण

# बढ़ते तापमान का नया संकट 'ऊष्मा-द्वीप'



**श्रीमद्भागवत** पुराण के अनुसार तेज गर्मी या प्रलय आने पर सांवर्तक सूर्य अपनी प्रचंड किरणों से पृथ्वी, प्राणी के शरीर, समुद्र और जल के अन्य स्रोतों से रस यानी नमी खींचकर सोख लेता है। नतीजतन उम्मीद से ज्यादा तापमान बढ़ता है, जो गर्म हवाएं चलने का कारण बनता है। यही हवाएं लू कहलाती हैं। परंतु अब यही हवाएं देश के पचास से ज्यादा शहरों को 'ऊष्मा-द्वीप' (हीट आइलैंड) में बदल रही हैं। राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, हिमाचल प्रदेश और मध्यप्रदेश में पारा 43 से 47 डिग्री के बीच बना हुआ है। राजस्थान के बाड़मेर में दिन का तापमान 48 डिग्री और हिमालय की शीतल घाटी कश्मीर में गरम हवाओं के चलते तापमान 34 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ और दिन यही तापमान बने रहने की घोषणा कर दी है। आमतौर से गरम हवाएं तीन से आठ दिन चलती हैं और एक-दो दिन में बारिश हो जाने से तीन-चार दिन राहत रहती थी, लेकिन इस बार गरम हवाएं चलने की निरंतरता बनी हुई है। जिसने कई शहरों को ऊष्मा-द्वीप में बदलकर रहने लायक नहीं रहने दिया है। इसके प्रमुख कारणों में शहरीकरण का बढ़ना और हरियाली का क्षेत्र घटना माना जा रहा है। ज्यादातर उष्मा-द्वीप घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में आमद दर्ज करा रहे हैं। ऐसे इलाकों में बाहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक तापमान का सामना करना पड़ता है। ऊंची इमारतें, सीसी की सड़के, पैदलपथ और अन्य बुनियादी ढांचागत विकास इसके लिए दोषी हैं। यह विकास जल निकायों जैसे प्राकृतिक परिदृष्यों की तुलना में सूर्य की गर्मी को अधिक अवषोशित कर, फिर इस गर्मी का उत्सर्जन करते हैं। ऐसे में हरियाली कम होने के कारण ये उच्च ताप वाले क्षेत्र उष्मा-द्वीप में परिवर्तित हो जाते हैं। इन क्षेत्रों में दिन का तापमान लगभग 1-7 डिग्री और रात्रि का तापमान लगभग 2-5 डिग्री तक बढ़ जाता है। इस तापमान के बढ़ने के कारणों में कारों और अन्य वाहनों का दिन-रात आग उगलते रहना भी माना जा रहा है। एसी और फ्रिज भी निरंतर कार्बनडाइ ऑक्साइड उगल रहे हैं। वैसे सामान्य स्थिति में द्वीप का अर्थ समुद्री या नदी-घाटियों में पानी से घिरे उस ऊंचे स्थल से लिया जाता है, जिसके चारों ओर जल भरा होता है। लेकिन अब उष्मा-द्वीप वह शहरी इलाके कहलाने लगे हैं, जो बड़े तापमान से झुलझ रहे हैं। सीएसई ने देश में अलग-अलग जलवायु वाले नौ शहरों के अध्ययन में पाया कि जयपुर जैसे शहर में ज्यादा तापमान वाले दिनों में शहर का 99.52 प्रतिशत हिस्सा गर्म हवाओं के केंद्र में आकर ऊष्मा-द्वीप बन जाता है। सतत आवास कार्यक्रम (सस्टेनेबल हैबिटैट प्रोग्राम) के निदेशक रजनी सरीन का कहना है कि हीट सेंटर उस क्षेत्र को कहते हैं जहां जमीनी सतह का तापमान (एलएसटी) छह साल या उससे अधिक समय में बार-बार मैदानी इलाकों में 45 डिग्री से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। महानगरों में हरियाली और जल-संरचनाओं का क्षेत्र कम होने से हीट सेंटर का विस्तार हो रहा है। खासतौर से शहरों में जो तत्व हरियाली और अद्रता बनाए रखते थे, जिनमें तालाब, नदी-झीलें शामिल हैं का अस्तित्व सिमटता जा रहा है। यह जलभराव गर्मी से बचाव करता था। इनके सिमटने से शहरों में और शहरों के आस-पास बंजर भूमि और ईंट, सीमेंट, कंक्रीट के जंगल बढ़ते जा रहे हैं। जो गर्मी बढ़ाने का काम कर रहे हैं। सीएसई ने नागपुर, अहमदाबाद, चेन्नई, पुणे, जयपुर, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता और भुवनेश्वर में यह सर्वेक्षण किया है। लेकिन जिन शहरों में इस नजरिए से सर्वे नहीं हो पाया है, वे भी ऐसे ही हालातों के शिकार हो सकते है ? मानव निर्मित प्रदूषण से जुड़ी इस आपदा के कारणों में आधुनिक विकास और बढ़ता शहरीकरण है। इन्हीं कारणों से हवाएं आवारा होकर लू का रूप लेने लगी हैं। लेकिन हवाएं भी भला आवारा होती हैं ? वे तेज, गर्म व प्रचंड होती हैं। जब प्रचंड से प्रचंडतम होती हैं तो अपने प्रवाह में समुद्री तूफान और आंधी बन जाती हैं। सुनामी जैसे तूफान इन्हीं आवारा हवाओं के दुष्परिणाम हैं। अमेरिका के नेषनल ओसियानिक एंड एटमॉसफेरिक एडमिनिस्ट्रेशन की रिपोर्ट के अनुसार भारत ही नहीं दक्षिण एशिया के कई देश गरम हवाओं से जूझ रहे हैं। इन देशों में गरम हवाएं चलने की आशंका 45 गुना बढ़ गई है। इन देषों में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और म्यांमार शामिल है। वियतनाम में तो हालात इतने बद्तर हो गए हैं कि गर्मी की वजह से कई तालाब पूरी तरह सूख गए हैं और लाखों टन मछलियां मर गई हैं। सरकार ने लोगों को घरों में रहने की हिदायत दी है। पश्चिम एशिया के देश सीरिया, इजराइल, फिलिस्तीन, जॉर्डन और लैबनान में गरम हवाएं पांच गुना बढ़ सकती हैं। एशिया में घातक गरम हवाएं लगातार चलने का यह तीसरा वर्ष है। इसकी एक वजह अलनीनो भी मानी जा रही है। प्रशांत महासागर से आने वाली गरम हवाओं की वजह से दुनिया में गरम हवाएं चल रही हैं। अभी हाल ही में अमेरिका के आयोबा राज्य में गरम हवाओं के तूफान से ग्रीन फील्ड नगर में कई मौतें हो गई हैं। इस बवंडर ने शहर के एक बहुत बड़े हिस्सों को पूरी तरह तबाह कर दिया है। आजकल आवारा पूंजी की तरह हवाएं भी आवारा होकर भारत के एक बड़े भू-भाग में मचल रही हैं।

कुछ अलग

# साख पर सवाल

**निश्चित** रूप से भारतीय चुनाव आयोग ने पहले चुनाव से लेकर 18वीं लोकसभा के चुनाव संपन्न कराने में एक लंबा सफर तय किया है। लेकिन स्थितियां बहुत तेजी से बदली हैं। पहले चुनाव में महज 17 करोड़ मतदाता थे। अब दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में मौजूदा आम चुनाव में 97 करोड़ मतदाता हैं। इस दौरान पार्टियों की संख्या बढ़ी है, वोटर बढ़े हैं, पोलिंग बूथ बढ़े हैं, पार्टियों के बीच लड़ाइयां तल्ख हुई हैं और चुनाव आयोग के खिलाफ शिकायतें भी तेज हुई हैं। पहले चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन से लेकर टीएन शेषन जैसे सख्त चुनाव आयुक्तों तक ने आयोग को नई प्रतिष्ठा दी है। लेकिन इस बार 543 संसदीय सीटों के लिये सात चरणों में हो रहे मतदान में कई प्रसंग ऐसे घटे कि लोगों ने चुनाव आयोग की साख पर उंगली उठाई। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। जिसमें चुनाव आयोग पर मतदान संबंधी अंतिम आंकड़े देर से जारी करने तथा प्रतिशत वृद्धि का मामला उठाया गया। एडीआर व कॉमन कॉज की ओर से दायर याचिका में बूथों पर मतों की संख्या संबंधी फॉर्म 17-सी की स्कैन कापी आयोग की वेबसाइट पर डालने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में आयोग ने इस मांग को अव्यावहारिक बताया है। साथ ही कहा कि चुनाव की तैयारी एक लंबी प्रक्रिया के बाद पूरी होती है, ऐसा करने से व्यवधान उत्पन्न होगा। इससे पहले विपक्ष सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप भी लगाता रहा है। जबकि आयोग की दलील रही है कि इन्फोर्समेंट एजेंसी उसके अधीन नहीं होती। विपक्ष आयोग को तटस्थ भाव से कार्रवाई करने को कहता रहा है। विपक्ष ने प्रधानमंत्री द्वारा बांसवाड़ा में दिए गए भाषण में इस्तेमाल जुमलों को संप्रदाय विशेष के विरुद्ध टिप्पणी बताया और आयोग से शिकायत की। आरोप है कि आयोग ने सत्तारूढ़ दल के खिलाफ उदार रवैया दिखाया। प्रधानमंत्री को नोटिस दिए जाने के बजाय भाजपा अध्यक्ष को नोटिस जारी किया। ऐसे ही संविधान पर दिए गए राहुल गांधी के बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष को नसीहत दी गई। दरअसल, विपक्ष मांग करता रहा है कि मतदान के बाद वोटों का प्रतिशत जारी करने के बजाय डाले गए वोटों की संख्या जारी की जानी चाहिए। दरअसल, विपक्ष आरोप लगाता रहा है कि आयोग सत्तारूढ़ दल के प्रति उदार रवैया अपनाता रहा है। जिसके चलते विपक्ष ने आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने का प्रयास किया। उनका कहना है कि चुनाव आयोग को निष्पक्ष अंपायर की भूमिका में नजर आना चाहिए। विपक्ष बांसवाड़ा रैली में प्रधानमंत्री के भाषण पर सख्त कार्रवाई की मांग करता रहा है। इसी तरह आरक्षण, संपत्ति जब्त करने आदि कई विवादित बयान सामने आए। तल्ख टिप्पणियां कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर भी की गई थी। विपक्ष कहता है कि इन टिप्पणियों पर आयोग को कार्रवाई करनी चाहिए। हालांकि, कई पूर्व चुनाव आयुक्त मानते हैं कि यह पहला मौका नहीं जब विपक्ष आयोग पर सवाल उठा रहा है। जैसे-जैसे राजनीतिक दलों में तल्खी बढ़ती है, बीच में आयोग को शामिल कर लिया जाता है। वहीं कुछ गैर सरकारी संगठनों ने मुहिम चलायी कि 'चुनाव आयुक्त दृढ़ता दिखाएं या इस्तीफा दें।' उनका मानना रहा है कि आचार संहिता के उल्लंघन के दौरान आयोग सक्रिय नहीं हुआ। कुछ पूर्व चुनाव आयुक्त कहते हैं कि मतदान के बाद दूर-दराज के इलाके से मतदान के अंतिम आंकड़े आने में वक्त लगता है। इसलिए अंतिम आंकड़े अगले दिन जारी किये जाते हैं। वहीं चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष के एक सवाल के जवाब में कहा कि इस बाबत समस्त सूचना वोटर टर्नआउट ऐप पर मौजूद है। आयोग का तर्क है कि वोटर टर्न आउट हर केंद्र पर वैधानिक फॉर्म 17-सी पर पीठासीन अधिकारी तैयार करते हैं व उम्मीदवार के मतदान एजेंट उस पर हस्ताक्षर करते हैं।

देश दुनिया से

# लोकमंगल के संचारक देवर्षि नारद को आदि गुरु मानने से बढ़ेगा गौरव

नुकीले पत्थरों से जो कहानी शुरू हुई वह आगे बढ़ते-बढ़ते तीर-तलवार और उसके आगे बंदूकों-तोपों तक चली गई। फिर लड़ाकू जहाज और मिसाइलें। बात यहां तक ही नहीं ठहरी। अब यह अदृश्य लड़ाई में तब्दील हो चुकी है जिसमें शत्रु पास होते हुए भी कहीं दिखता नहीं। यह शत्रु देशी या विदेशी कोई भी हो सकता है। वह आप पर या आपके देश पर हमले करता है इंटरनेट या फोन के माध्यम से आपके पैसे चुराने की कोशिश करता है या बेशकीमती सूचनाएं। यही है साइबर हमला और सारी दुनिया के देश इससे परेशान हैं। लेकिन भारत की बात ही अलग है। पिछले दस वर्षों में देश का डिजिटलीकरण बहुत तेजी से हुआ और यह लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन गया।

**आदिकाल** से मनुष्य का स्वभाव रहा है- लड़ना और नये शस्त्रों का आविष्कार करना। नुकीले पत्थरों से जो कहानी शुरू हुई वह आगे बढ़ते-बढ़ते तीर-तलवार और उसके आगे बंदूकों-तोपों तक चली गई। फिर लड़ाकू जहाज और मिसाइलें। बात यहां तक ही नहीं ठहरी। अब यह अदृश्य लड़ाई में तब्दील हो चुकी है जिसमें शत्रु पास होते हुए भी कहीं दिखता नहीं। यह शत्रु देशी या विदेशी कोई भी हो सकता है। वह आप पर या आपके देश पर हमले करता है इंटरनेट या फोन के माध्यम से आपके पैसे चुराने की कोशिश करता है या बेशकीमती सूचनाएं। यही है साइबर हमला और सारी दुनिया के देश इससे परेशान हैं। लेकिन भारत की बात ही अलग है। पिछले दस वर्षों में देश का डिजिटलीकरण बहुत तेजी से हुआ और यह लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन गया। लेकिन उसके सामने साइबर अपराधी भी चुनौती बनकर खड़े हो गये हैं जिनका लगातार सफाया हो रहा है। देश की प्रतिष्ठित संस्थाओं से सूचनाएं चुराने की पुरजोर कोशिशें हो रही हैं, उन्हें नष्ट करने की भी साजिश ऑनलाइन हो रही है। लोगों से डरा-धमका कर उनकी गाढ़ी कमाई निकलवाने की कोशिशें हो रही हैं। यह सब दूर-दराज से सिर्फ इंटरनेट, स्मार्टफोन या ऐसे ही माध्यमों से हो रहा है। साइबर ठगी तो इसका छोटा-सा उदाहरण है। बड़े शातिर साइबर हमलावर तो देश की वित्तीय संस्थाओं और प्रणालियों पर भी हमला करते रहते हैं। जी-20 के दौरान तो भारतीय प्रतिष्ठानों और जी-20 आयोजन संबंधी दफ्तरों पर लाखों हमले हुए। इस दौरान हर 60 सेकेंड में 16 लाख साइबर अटैक हुए थे। लेकिन केंद्रीय एजेंसियों ने अपनी त्वरित व कुशल कार्रवाई के जरिये साइबर अपराधियों को उनके मंसूबों में कामयाब नहीं होने दिया। छोटे स्तर पर तो ये कुछ हद तक कामयाब हो गये लेकिन उन पर शिकंजा कसता जा रहा है। देश में साइबर हमलों को खत्म करने की जिम्मेदारी केन्द्रीय गृह मंत्रालय की है। प्रधानमंत्री तथा केन्द्रीय गृह मंत्री के निर्देशन में एक साइबर तथा इन्फॉरमेशन सिक्योरिटी डिवीजन साइबर सेफ इंडिया के लिए काम कर रहा है। गृह मंत्रालय ने तीन नये कानून भी बनवाये जो साइबर अपराध रोकथाम में सहायक होंगे। इनमें इलेक्ट्रॉनिक एफआईआर की व्यवस्था के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक प्रमाणों को सबूत के तौर पर मानने का प्रावधान भी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय में साइबर क्राइम से निपटने के लिए स्थापित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने अब तक उल्लेखनीय कार्य किया है। विदेशों से हमले करने वाले साइबर अपराधी बेहद चतुर एवं अति आधुनिक डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर से लैस होते हैं। वे हमला करते हैं और हमारे देश के महत्वपूर्ण संस्थानों के वेबसाइटों तथा संचार व्यवस्था को ध्वस्त करने की कोशिश करते हैं या वहां से सूचनाएं चुराने का प्रयास करते हैं। हमारे कई बड़े संस्थानों पर ऐसे हमले हो चुके हैं लेकिन ज्यादातर निष्फल हुए हैं। ऐसे हमले चीन, पाकिस्तान से तो होते ही हैं, तुर्की और अमेरिका-कनाडा से भी होते हैं। लेकिन हमारी एजेंसियां चाकचौबंद रहती हैं और हमले निष्फल करती जाती हैं। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने पूरे भारत में 1200 करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है और लगभग 5 लाख शिकायतों का निपटारा किया है। यह केन्द्र विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों और हितधारकों में समन्वय स्थापना के अलावा साइबर अपराध से निपटने के लिए देश के भीतर क्षमता निर्माण करने का भी प्रयास कर रहा है। इसने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के लॉन्चिंग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसका उपयोग पहले से ही राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 31 लाख से अधिक साइबर अपराध शिकायतों, 66,000 एफआईआर के साथ 14 करोड़ बार किया जा चुका है। राष्ट्रीय साइबर फोरेंसिक प्रयोगशाला (एनसीएफएल) साइबर घटनाओं से संबंधित जांच में सहायता करती है। चूंकि, ऐसे अपराध राज्य की सीमाओं से परे होते हैं, इसलिए आई4सी ने बेहतर अंतर-राज्य समन्वय के लिए संयुक्त साइबर अपराध समन्वय दल यानी जेसीसीटीएस की स्थापना की है। 'साइबर दोस्त' नामक एक सोशल मीडिया हैंडल भी संचालित किया जा रहा है, जो विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा से जुड़े टिप्स मुहैया कराता है। गृह मंत्रालय द्वारा 'साइबर जागृति दिवस' नामक एक पहल भी की जा रही है। गृह मंत्री अमित शाह ने जी-20 के दौरान गुरुग्राम में 'एनएफटी, एआई और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा' विषय पर जी-20 सम्मेलन के दौरान भारत के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों से साइबर स्वयंसेवक दस्ते को हरी झंडी दिखाई थी। डिजिटल रूप से सुरक्षित भारत की जरूरत बन चुका आई4सी पहल विकसित भारत के आह्वान को मज़बूती प्रदान करता है। भविष्य में बड़े पैमाने पर डिजिटल दुनिया में होने वाले अपराधों को रोकने, कम करने और उन पर निगरानी रखने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की देखरेख में एक राष्ट्रव्यापी साइबर अपराध रोकथाम तंत्र कार्यरत है। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। लेकिन इसके मार्ग में साइबर अपराधी खड़े हैं। कई देश नहीं चाहते कि भारत इतनी तरक्की करे और इसके लिए वे साइबर हमलों का सहारा लेते हैं ताकि उनकी पहचान छुपी रहे लेकिन हमारी एजेंसियां भी इतनी चुस्त-दुरुस्त हैं कि वे पकड़ ही लेती हैं कि हमला कहां से हो रहा है या इसके पीछे कौन से तत्व हैं। हमलावर भी चुप बैठने वाले नहीं और उन पर हमारी ओर से भी जवाबी हमले किये जाते हैं ताकि उनकी कमर टूटे।



आप का नजरिया

# अग्निपथ की तपिश

**हालांकि** मोदी सरकार अग्निपथ योजना को सशस्त्र बलों की गेम-चेंजर और युवा शक्ति के जरिये सेना की ताकत बढ़ाने वाली बताती रही है, लेकिन इस योजना के दीर्घकालिक प्रभावों को लेकर सवाल गाहे-बगाहे उठते रहे हैं। यद्यपि जून 2022 में शुरू की गई अग्निपथ योजना फिलहाल गहन विभागीय जांच के अधीन है, लेकिन विशेषकर, विपक्ष को यह मुद्दा आम चुनाव के दौरान रास आ रहा है। जिन इलाकों से ज्यादा युवा सेना में जाते रहे हैं उन इलाकों में कांग्रेस ने सरकार पर तीखे हमले इस योजना को लेकर किये हैं। दरअसल, इस योजना के अंतर्गत सिर्फ पच्चीस फीसदी अग्निवीरों की सेवाओं को बरकरार रखने का प्रावधान है। यही वजह है कि चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर सेवा से बाहर होने वाले अग्निवीरों का मुद्दा राजनीतिक हलकों में विवादास्पद रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस ने अपने आम चुनाव 2024 के घोषणापत्र में वायदा किया है कि वह सत्ता में आई तो इस योजना को खत्म कर देगी। साथ ही सेना, नौसेना व वायुसेना द्वारा अपनाई जाने वाली पुरानी भर्ती प्रक्रिया को पुनः लागू करेगी। हालांकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह कहा था कि सरकार आवश्यकता पड़ने पर योजना में कोई भी बदलाव लाने को लिये तैयार है। इस बयान के कुछ सप्ताह बाद एक प्रमुख समाचार पत्र ने खबर दी है कि सेना भर्ती प्रक्रिया में अग्निवीर योजना के प्रभाव का आकलन करने के लिये एक आंतरिक सर्वेक्षण कर रही है। यह भी कि अग्निवीरों, यूनिट कमांडरों और रेजिमेंटल केंद्रों के कर्मचारियों की राय मांगी जा रही है। फिर सर्वेक्षण के निष्कर्षों के आधार पर सेना संभावित बदलावों के लिये अगली सरकार को सिफारिशें कर सकती है। हालांकि केंद्र सरकार आश्वासन देती रही है कि अग्निवीरों के रूप में शामिल किये गए युवाओं के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्हें सरकारी व निजी क्षेत्रों में समायोजित करने में वरीयता देने तथा स्वरोजगार के लिये प्रोत्साहित करने की भी बात होती रही है। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि सरकार का ये वायदा 75 फीसदी रंगरूटों की नौकरी की संभावनाओं के बारे में आशंकाओं को दूर करने में विफल रहा है। कहा जा रहा है कि सेवा समाप्ति के बाद इन सेवानिवृत्त अग्निवीरों की रोजगार सुरक्षा दांव पर होगी। यही वजह है कि विपक्षी राजनीतिक दल, खासकर कांग्रेस इस नाराजगी का फायदा उठा रही है। पार्टी ने हरियाणा में इसे चुनावी मुद्दा बनाने की भरसक कोशिश की है। निस्संदेह, मौजूदा परिदृश्य में अग्निपथ की गहन समीक्षा आवश्यक है। सैनिकों की कार्यशील आयु कम कर एक सैन्य बल तैयार करने के मकसद को लेकर कोई किंतु-परंतु नहीं है। लेकिन इस योजना के दूरगामी प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। देश में व्यापक बेरोजगारी व अल्प रोजगार की स्थिति को ध्यान में रखते हुए निराश युवाओं के पुनर्वास के लिये सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में समायोजन के लिये दृढ़ प्रतिबद्धता की आवश्यकता होगी। यद्यपि यह भी हकीकत है कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गंभीर मुद्दों को राजनीति का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए।



# रियलमी के टॉप परफॉर्मर जीटी 6टी की बढ़ रही डिमांड, 28 मई को अर्ली एक्सेस अमेजन सेल

**नई दिल्ली, 27 मई (एजेंसियां) ।**

रियलमी जीटी सीरीज नए रियलमी जीटी 6टी के साथ चर्चाओं में बना हुआ है। पावरफुल चिपसेट, सुपर-फास्ट चार्जिंग और अपने सेगमेंट में सबसे बड़े वीसी कूलिंग सिस्टम के फीचर्स के साथ, रियलमी ने इसे टॉप परफॉर्मिंग ट्रियो करार दिया है।रियलमी ने 22 मई को ऑफिशियल डिवाइस को लॉन्च किया, जिससे अपकमिंग पहली सेल के लिए फैंस काफी एक्साइटेड है।

रियलमी ने पिछले अहमदाबाद में अपने फ्लैगशिप स्टोर पर एक स्पेशल पॉप-अप इवेंट को होस्ट किया, जिसमें डिवाइस के ऑफिशियल लॉन्च से पहले एक्सक्लूसिव फर्स्ट लुक से पर्दा हटाया गया।

600 से ज्यादा फैंस चिलचिलाती गर्मी के बावजूद स्टोर में आए, जिससे यह साबित हुआ कि जीटी 6टी का क्रेज कितना है। रियलमी ने पहले आने वाले 150 लोगों को मिस्ट्री बॉक्स दिए, जबकि पहले 10 लकी कस्टमर्स को और भी बड़े अवॉर्ड जीतने का मौका देने के लिए खास रियलमियाओ लेगो बॉक्स और स्क्रैच कार्ड मिले।

पॉप-अप इवेंट को जबरदस्त सफलता मिली, इसमें जीटी 6टी डिवाइस का पूरा स्टॉक पूरी तरह से बिक गया। यह जबरदस्त रिस्पॉन्स साफ तौर से रियलमी की लेटेस्ट ऑफर्स को लेकर लोगों के क्रेज को दिखाता है। एक्साइटमेंट को जारी रखने के लिए, रियलमी ने 28 मई से अमेजन पर जीटी 6टी के लिए अर्ली एक्सेस सेल की घोषणा की है। सेल दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक सीमित समय के लिए चलेगी, जिससे लोगों को बढ़ती डिमांड वाले डिवाइस को खरीदने का एक और मौका मिलेगा। अहमदाबाद में पॉप-अप इवेंट को मिला जबरदस्त रिस्पांस स्मार्टफोन मार्केट में क्रांति लाने की रियलमी जीटी 6टी की क्षमता का बयां करता है। जैसा कि हम अर्ली एक्सेस सेल के लिए तैयार हैं, यह कहना सही होगा कि टॉप परफॉर्मर रियलमी जीटी 6टी ने लोगों में एक्साइटमेंट को बढ़ाया है।

उम्मीद है कि रियलमी जीटी 6टी अपने एडवांस फीचर्स, मॉडर्न टेक्नोलॉजी और शानदार कीमत के साथ परफॉर्मेंस में बिल्कुल फिट होगा। इसकी उपलब्धता ने बाजार में हलचल पैदा कर दी है। जिस स्पीड से पॉप-अप इवेंट में रियलमी जीटी 6टी बिक गया, उसको ध्यान में रखते हुआ आप कैलेंडर में मार्क करना न भूलें और रियलमी से बिल्कुल नया पावर हाउस लेने के लिए अर्ली एक्सेस सेल लाइव होने पर तैयार रहें।

## न्यूज ब्रीफ

### मस्क की कंपनी एक्सएआई ने जुटाया 6 अरब डॉलर का फंड



**नई दिल्ली।** एलन मस्क की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनी एक्सएआई की ओर से कहा गया कि उसने भविष्य की टेक्नोलॉजी के विकास और रिसर्च के लिए 6 अरब डॉलर की पूंजी जुटाई है। मस्क की एआई कंपनी की ओर से ये जानकारी सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर दी गई। कंपनी के पोस्ट के जवाब में एलन मस्क ने लिखा कि आने वाले समय में हम कई और घोषणाएं करने वाले हैं। मस्क ने कंपनी के फंडिंग जुटाने को लेकर एक अन्य पोस्ट के जवाब में कहा कि इसका प्री-मनी वैल्यूएशन 18 अरब डॉलर था। कंपनी ने बताया कि सीरीज बी में जुटाई गई इस फंडिंग का इस्तेमाल एक्सएआई के पहले उत्पादों को बाजार में उतारने और एडवांस इन्फ्रास्ट्रक्चर को बनाने में उपयोग किया जाएगा। कंपनी ने अपनी ब्लॉग पोस्ट में कहा कि एक्सएआई का पूरा ध्यान एक एडवांस एआई सिस्टम बनाने को लेकर है। सही, सक्षम और मानवता को अधिक से अधिक फायदा पहुंचाने वाला होगा। कंपनी का मिशन यूनिवर्स के सही अर्थ को जानना है। एक्स एआई की ओर से एआई चैटबॉट ग्रॉक को पेश किया गया है। इसमें वेलोर इक्विटी पार्टनर्स, वीवाई कैपिटल, आंद्रेसेन होरोविट्ज, सिकोइया कैपिटल, फिडेलिटी मैनेजमेंट, रिसर्च कंपनी, प्रिंस अलवलीद बिन तलाल और किंगडम होल्डिंग आदि ने निवेश किया हुआ है। इसके अलावा एक्सएआई ने कहा कि वह आने वाले समय में नए टेक्नोलॉजी अपडेट्स और उत्पाद पेश करेंगे।

### मानव दूध का कारोबार गैरकानूनी! एफएसएसएआई ने कहा- बिक्री या प्रोसेसिंग की, तो लिया जाएगा सख्त एक्शन



**नई दिल्ली।** देश के फूड रेगुलेटर- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने एफएसएस एक्ट, 2006 के तहत मानव दूध की प्रोसेसिंग या बिक्री की इजाजत देने से मना कर दिया है। एफएसएसएआई ने यह भी निर्देश दिया है कि अगर कोई इंसानी दूध और उसके उत्पादों का कारोबार कर रहा है, तो उसे यह फौरन कर देना चाहिए। नहीं तो उसके खिलाफ कानूनी एक्शन लिया जाएगा। सरकारी अधिकारियों के लिए यह निर्देश फूड रेगुलेटर ने इस बारे में 24 मई को एक एडवाइजरी जारी की थी।
एफएसएसएआई ने अपनी एडवाइजरी में सरकारी अधिकारियों को भी निर्देश दिया है कि वे इस मामले में सख्ती से काम लें। फूड रेगुलेटर ने कहा, राज्य और केंद्रीय लाइसेंसिंग अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि 'मां के दूध/मानव दूध' की प्रोसेसिंग या बिक्री में शामिल फूड बिजनेस ऑपरेटर को न तो रजिस्टर्ड करें, न ही उसे लाइसेंस दें। नवजात शिशुओं को दिया जाए दूध नेशल लेवल स्तर पर जारी गाइडलाइंस के अनुसार, अगर कोई मानवीय दूध डोनेट करता है, तो उसका इस्तेमाल कारोबार के तौर पर नहीं होना चाहिए। इसका सही इस्तेमाल यह है कि दूध को नवजात शिशुओं को दिया जाए, जिनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए मां के दूध की सख्त जरूरत होती है।

### निदेशकों की नियुक्ति में विफल रहने पर तेल एवं गैस कंपनियों पर जुर्माना



**नई दिल्ली।** निदेशक मंडल में जरूरी संख्या में निदेशकों की नियुक्ति में विफल रहने रहने पर कई तेल एवं गैस कंपनियों पर जुर्माना लगाया गया है। इन कंपनियों पर पिछली तीन तिमाहियों में भी इसी कारण से जुर्माना लगाया गया था। किस लिए लगा है जुर्माना शेयर बाजारों ने जनवरी-मार्च तिमाही में सूचीबद्धता अनिवार्यता को पूरा नहीं करने पर इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम, ओएनजीसी, ऑयल इंडिया लिमिटेड और मेंगलूर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स पर कुल मिलाकर 34 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना इन पर 31 मार्च, 2024 तक अपने निदेशक मंडल में जरूरी संख्या में स्वतंत्र निदेशकों या महिला निदेशकों की नियुक्ति नहीं करने के लिए लगाया गया है। हालांकि, इन कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि निदेशकों की नियुक्ति सरकार द्वारा की जाती है और इसमें उनकी कोई भूमिका नहीं है। अप्रैल-जून 2023 में अनुपालन न करने पर ओएनजीसी पर 3.36 लाख रुपये, आईओसी पर 5.36 लाख रुपये और गेल पर 2.71 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। एचपीसीएल और बीपीसीएल प्रत्येक को 3.6 लाख रुपये का जुर्माना देने को कहा गया, जबकि ऑयल इंडिया को 5.37 लाख रुपये का जुर्माना भुगतना पड़ा।

# यूपीआई से एक दिन में कितने रुपए का कर सकते हैं ट्रांजैक्शन, इतनी है लिमिट

**नई दिल्ली, 27 मई (एजेंसियां) ।**

डिजिटल युग में हर दूसरा इंटरनेट यूजर यूपीआई के जरिए पेमेंट कर रहा है। फोन में ऐप के साथ पैसे ट्रांसफर करने का यह काम सेकेंड्स का हो जाता है।

आप भी सुई से लेकर हाथी तक की चीजों के लिए यूपीआई पेमेंट करते होंगे। क्या आपके जेहन में कभी सवाल आया कि आप एक दिन में कितने रुपये तक पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं




### एनपीसीआई ने सेट की है यूपीआई ट्रांजेक्शन लिमिट

जी हां, यहां बताना जरूरी है कि भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम यूपीआई के लिए ट्रांजैक्शन की एक लिमिट सेट करता है। इस लिमिट को ध्यान में रखते हुए ही यूपीआई के जरिए पेमेंट की जा सकती है-

### नॉर्मल यूपीआई ट्रांजैक्शन

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम की ऑफिशियल वेबसाइट पर दी गई जानकारी के मुताबिक, नॉर्मल यूपीआई के लिए ट्रांजैक्शनकी लिमिट 1 लाख रुपये है। यह लिमिट पर ट्रांजैक्शन के लिए है।

### स्पेसिफिक कैटेगरी के लिए लिमिट

कैपिटल मार्केट, कलेक्शन, इंश्योरेंस में यूपीआई ट्रांजैक्शन के साथ यही लिमिट बढ़कर 2 लाख रुपये हो जाती है।

आईपीओ और रिटेल डायरेक्ट स्कीम के लिए यूपीआई ट्रांजैक्शन की लिमिट 5 लाख रुपये पर ट्रांजैक्शन रखी गई है।

### अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों के लिए यूपीआई लिमिट

पेमेंट वेबसाइट पर दी गई जानकारी के मुताबिक, 8 दिसंबर 2023 से भारतीय रिजर्व बैंक ने स्पेसिफिक फिल्ड के लिए यूपीआई ट्रांजैक्शन की लिमिट बढ़ा दी है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने शिक्षण संस्थानों और अस्पतालों को की जाने वाले यूपीआई पेमेंट की लिमिट 5 लाख रुपये कर दी है। बता दें, 2023 से पहले शिक्षण संस्थानों और अस्पतालों के लिए यूपीआई पेमेंट की लिमिट 1 लाख रुपये थी।

### फोनपे के पिनकोड ने ग्राहकों तक पहुंच बढ़ाने के लिए सिंपली नामधारी के साथ की साझेदारी

**बेंगलुरु।** फोनपे के घरेलू स्टोर-फर्स्ट कॉमर्स ऐप पिनकोड ने घोषणा की कि उसने एक नया समझौता किया है। कंपनी ने कहा कि ऑनलाइन ग्राहकों तक पहुंच बनाने के लिए भारत के एकमात्र 100 प्रतिशत शाकाहारी ओमनी-चैनल रिटेलर सिंपली नामधारी के साथ हाथ मिलाया है।कंपनी ने एक बयान में कहा कि इसके जरिए बेंगलुरु निवासियों को पिनकोड ऐप पर किराने का सामान, ताजे फल और सब्जियां और अन्य प्रमुख एफएमसीजी उत्पाद आसानी से प्राप्त हो सकेंगे। पिनकोड के सीईओ विवेक लोहचेब ने कहा, नामधारी भारत में ताजे फलों और सब्जियों के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक के रूप में जाना जाता है, और अब उनके उत्पाद पिनकोड पर भी उपलब्ध हैं। पिनकोड ई-कॉमर्स बूम के साथ-साथ स्थानीय व्यवसायों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहा है। लोहचेब ने कहा, हमारे साथ साझेदारी करके, व्यापारी अपनी दुकानों को बिना किसी बाधा के डिजिटल कर सकते हैं, क्योंकि हम उन्हें ऑनलाइन मांग बढ़ाने के लिए हमारे व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाते हुए ऑनलाइन होने को सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करते हैं। उनके अनुसार, पिनकोड के दो मिलियन से अधिक रजिस्टर्ड यूजर्स हैं, अब तक 1.5 मिलियन से अधिक ऑर्डर निपटाए जा चुके हैं। सिंपली नामधारी के सीईओ गुरमुख सिंह रूपड़ा ने कहा, हमारे अपने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के अलावा, पिनकोड ऐप ग्राहकों को ताजे फल और सब्जियां, डेयरी उत्पाद, एफएमसीजी और अन्य पांच हजार से अधिक उत्पादों की सूची की पेशकश कर सिंपली नामधारी ऑनलाइन ऑर्डर बढ़ाने में मदद करेगा। पिनकोड प्रशिक्षण, समर्पित डैशबोर्ड और दिन-प्रतिदिन के कार्यों के लिए एक मोबाइल ऐप के माध्यम से व्यापक सहायता भी प्रदान करता है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि व्यापारी अपने डिजिटल स्टोर को अपने तरीके से चला सकें। व्यापारियों के लिए कंपनी की पेशकश में मुफ्त डिलीवरी, मौसमी प्रोत्साहन और ऑर्डर पूर्ति में विश्वसनीयता शामिल है। इससे व्यापारियों को डिजिटल मार्केटप्लेस में कारोबार के लिए एक निर्बाध अवसर मिलता है।

### पर्सन टू पर्सन यूपीआई ट्रांजैक्शन

पीटूपी यूपीआई ट्रांजैक्शन के लिए हर बैंक अपनी अलग शर्त रख सकता है। उदाहरण के लिए एचडीएफसी बैंक यूपीआई ट्रांजैक्शन के लिए 1 लाख रुपये लिमिट या 20 ट्रांजैक्शन की लिमिट सेट करता है। यह लिमिट 24 घंटे के लिए तय की गई है।

नियमों के मुताबिक, रोजाना 20 यूपीआई ट्रांजैक्शन किए जा सकते हैं। इसके बाद यूजर को ट्रांजैक्शन शुरू करने के लिए 24 घंटे तक इंतजार करना होगा। थर्ड-पार्टी यूपीआई ऐप के लिए केवल 10 ट्रांजैक्शन की अनुमति है।

# मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में बजट को नया रूप दिया, बोलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण




**नई दिल्ली, 27 मई ।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने पिछले 10 वर्षों में केंद्रीय बजट को खर्चों के रिकॉर्ड से बदलकर समान वितरण के रणनीतिक खाके में तब्दील किया है। मंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकार करदाताओं के पैसे का सर्वोत्तम संभव इस्तेमाल करना जारी रखेगी...। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अपनी बजट प्रथाओं और आंकड़ों में पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है। पारदर्शी बजट वाले देशों को अक्सर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक जैसे अंतरराष्ट्रीय निकायों द्वारा अधिक अनुकूल रूप से देखा जाता है। इससे वैश्विक विश्वास में सुधार हो सकता है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में लिखा, ''यह इंडियन नेशनल कांग्रेस नीत संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) सरकार की 'ऑफ-बजट' उधारी और 'ऑयल बॉन्ड' जारी करने के जरिए घाटे को छिपाने की दोहराई जाने वाली प्रथा के बिल्कुल विपरीत है, जिसने कुछ हद तक राजकोषीय बोझ को भविष्य की पीढ़ियों पर स्थानांतरित कर दिया। संप्रग के तहत बजट आंकड़ों को अनुकूल दिखाने के लिए मानक राजकोषीय प्रथाओं को नियमित रूप से बदला गया। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में पुरानी बाधाओं और प्रथाओं को पीछे छोड़ते हुए केंद्रीय बजट की विश्वसनीयता में काफी सुधार देखा गया है। सीतारमण ने कहा, ''हमारी सरकार ने बजट को केवल खर्चों के रिकॉर्ड से बदलकर समान विकास के रणनीतिक खाके में बदल दिया है। हम अपने करदाताओं से एकत्र किए गए प्रत्येक रुपये का विवेकपूर्ण और सही इस्तेमाल करते हैं...सार्वजनिक वित्त की पारदर्शी तस्वीर पेश करते हैं। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत केंद्रीय बजट की विशेषता राजकोषीय विवेक, पारदर्शिता और समावेशिता है, जो सामाजिक विकास तथा बुनियादी ढांचे में निवेश सुनिश्चित करता है।सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों के जरिए 108 केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) का संचालन करती है, जिसका बजट वित्त वर्ष 2024-25 के लिए करीब 5.01 लाख करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए यह 4.76 लाख करोड़ रुपये थे।

# सेवानिवृत्ति की योजना बनाते समय बढ़ती महंगाई का जरूर रखें ध्यान, भविष्य के मासिक खर्च की करें गणना

**नई दिल्ली, 27 मई ।**



सेवानिवृत्ति किसी नौकरीपेशा व्यक्ति के जीवन का वह सुनहरा चरण होता है, जहां उसे पैसे कमाने के लिए काम नहीं करना पड़ता है। जिम्मेदारियां कम होती हैं, जबकि समय अधिक। यह चरण खूबसूरत और वित्तीय रूप से स्वतंत्र तभी हो सकता है, जब व्यक्ति आर्थिक रूप से सुरक्षित हो और इस परिवर्तन के लिए तैयार हो। नौकरी के बाद खुशहाल जीवन के लिए एक और महत्वपूर्ण बात का जरूर ध्यान रखना चाहिए...बढ़ती महंगाई का। लगातार बढ़ती महंगाई किराने के सामान, बिजली की लागत से लेकर किराया और मेडिकल की लागत तक, सभी वस्तुओं एवं सेवाओं की कीमतों को प्रभावित करती है। महंगाई दर को 5.3 फीसदी मानकर गणना करें तो आज 30,000 रुपये का मासिक खर्च अगले 30 साल में बढ़कर 1.40 लाख रुपये हो जाएगा। वह भी तब, जब आप उसी जीवनशैली को अपनाए रहें। इस गणना में लाइफ स्टाइल महंगाई को जोड़ दें तो मासिक बजट और बढ़ जाएगा। चाहत और तैयारी में 3.3 करोड़ का अंतर अगर हम अभी 30,000 रुपये मासिक खर्च मान लें तो 5.3 फीसदी की महंगाई दर के हिसाब से अगले 30 साल में यह रकम बढ़कर 1.40 लाख रुपये तक पहुंच जाएगी। यानी अभी जिन जरूरतों को पूरा करने के लिए 30,000 रुपये खर्च करने पड़ते हैं, इसके लिए 30 साल बाद 1.40 लाख की जरूरत होगी। यह मानते हुए कि लाइफ एक्सपेक्टेंसी यानी जीवन प्रत्याशा 90 साल है, उसी जीवनशैली को बनाए रखने के लिए व्यक्ति को 5.1 करोड़ रुपये के सेवानिवृत्ति फंड की जरूरत होगी। ऐसे में हम जिस तरह की सेवानिवृत्ति चाहते हैं और जिसकी तैयारी कर रहे हैं, उसके बीच 3.35 करोड़ रुपये का बड़ा अंतर है।

# एक साल के शिखर पर अडाणी पोर्ट्स के शेयर, इस खबर का मिला फायदा

**नई दिल्ली, 27 मई । (एजेंसियां) ।**




अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन के शेयर शुरुआती कारोबार में करीब 3 प्रतिशत चढ़कर एक साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। अदाणी पोर्ट्स 24 जून को बीएसई सेंसेक्स के टॉप-30 शेयर में शामिल होगी, जिसकी वजह से इसके शेयरों जबरदस्त तेजी देखी जा ही है। यह बीएसई पर 2.93 प्रतिशत बढ़कर 1,457.25 रुपये पर पहुंच गया था।

अदाणी पोर्ट्स टॉप-30 में आईटी दिग्गज विप्रो की जगह लेगी। टॉप-30 से बाहर होने का विप्रो को नुकसान भी उठाना पड़ा। इसके शेयर 2.36 फीसदी की गिरावट के साथ 452.55 रुपये पर आ गए। अगर शुरुआती कारोबार की बात करें, तो 30-शेयर बीएसई सेंसेक्स कंपनियों में विप्रो के शेयर में सबसे ज्यादा गिरावट आई। अदाणी पोर्ट्स इस मामले में पहली कंपनी अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी की अगुआई वाले की 10 कंपनियां शेयर मार्केट में लिस्ट हैं। इनमें से अदाणी पोर्ट्स सेंसेक्स में शामिल होने वाली पहली कंपनी है। यह बदलाव 24 जून, 2024 से प्रभावित होगा। एसएंडपी डॉव जोन्स इंडेक्स और बीएसई के ज्वाइंट वेंचर एशिया इंडेक्स ने शुक्रवार को एक बयान में बताया था कि व्यापक रिव्यू के बाद यह बदलाव किया गया है। निफ्टी इंडेक्स के घटक हैं। एसएंडपी बीएसई 100, एसएंडपी बीएसई बैंकेक्स, एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 50 और एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 50 में भी बदलाव की घोषणा की गई है।

### अदाणी पोर्ट्स के शेयर का हाल

अदाणी पोर्ट्स के शेयरों ने पिछले 6 महीने में निवेशकों को करीब 72 फीसदी का बंपर रिटर्न दिया है। वहीं, पिछले पांच साल में निवेशकों को इससे करीब 250 फीसदी का रिटर्न मिला है। इसका एक साल का हाई 1,457.05 रुपये है, जो इसने बनाया है।

# दूरसंचार विभाग और गृह मंत्रालय ने एसएमएस घोटालेबाजों पर की कार्रवाई

**नयी दिल्ली 27 मई (एजेंसियां)।**

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने गृह मंत्रालय के सहयोग से संचार साथी पहल के माध्यम से नागरिकों को संभावित एसएमएस धोखाधड़ी से बचाने के लिए कार्रवाई की है। डीओटी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि गृह मंत्रालय में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने साइबर अपराध करने के लिए धोखाधड़ी वाले संचार भेजने के लिए आठ एसएमएस हेडर के दुरुपयोग के बारे में जानकारी प्रदान की है।

डीओटी ने पाया कि पिछले तीन महीनों में इन आठ हेडर का उपयोग करके 10,000 से अधिक धोखाधड़ी वाले संदेश भेजे गए। प्रमुख संस्थाएं जो इन आठ एसएमएस हेडर की मालिक थीं, उन्हें ब्लैक लिस्ट में डाल दिया गया है। इन प्रमुख संस्थाओं के स्वामित्व वाले सभी 73 एसएमएस हेडर और 1,522 एसएमएस सामग्री टेम्पलेट्स को भी ब्लैक लिस्ट में डाल दिया गया है। इनमें से किसी भी प्रमुख इकाई, एसएमएस हेडर या टेम्पलेट का उपयोग अब किसी भी दूरसंचार ऑपरेटर को एसएमएस भेजने के लिए नहीं किया जा सकता है।




दूरसंचार विभाग ने इन संस्थाओं को ब्लैक लिस्ट में डालकर नागरिकों के संभावित उत्पीड़न को रोका है। दूरसंचार विभाग ने साइबर अपराध से नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी के लिए दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने में दूरसंचार विभाग की मदद करने के लिए नागरिक संचार साथी पर चक्षु सुविधा पर संदिग्ध धोखाधड़ी संचार के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकते हैं। टेलीमार्केटिंग गतिविधियों के लिए मोबाइल नंबरों का उपयोग करने की अनुमति नहीं है। यदि कोई उपभोक्ता प्रचार संदेश भेजने के लिए अपने टेलीफोन कनेक्शन का उपयोग करता है, तो पहली शिकायत पर उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा, और उनका नाम और पता दो साल की अवधि के लिए ब्लैक लिस्ट में डाला जा सकता है। टेलीमार्केटिंग कॉल को उनके पूर्वलग्नों द्वारा पहचाना जा सकता है। टेलीमार्केटिंग के लिए 180, 140 है और इसके लिए 10-अंकीय नंबरों की अनुमति नहीं है।

### एनएसई 250 रुपये से कम दाम वाले शेयरों के लिए लाएगा एक पैसे का टिकट साइज




**मुंबई।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की ओर से 250 रुपये से कम वाले शेयरों का टिकट साइज एक पैसा करने का फैसला किया गया है। हाल ही में एनएसई द्वारा जारी किए गए सर्कुलर में ये जानकारी दी गई है। बता दें, मौजूदा समय में शेयर में कम से कम 5 पैसे का टिकट साइज है। टिकट साइज कम होने का सीधा फायदा निवेशकों को मिलेगा। ये बदलाव 10 जून से लागू होगा। टिकट साइज एक अंतर होता है जो कि शेयर बिक्री करने वाले और शेयर खरीदने वाले के दाम के बीच होता है। ऐसे में टिकट साइज घटने से प्राइस की बेहतर डिस्कवरी हो पाएगी और खरीदारी एवं बिक्री करने वाले दोनों को सही कीमत मिलेगी। उदाहरण के लिए अगर कोई व्यक्ति 199.98 रुपये पर शेयर बेचना चाहता है तो स्थिति में 199.98 पर नहीं, बल्कि 199.95 या 200 रुपये पर सौदा हो पाएगा। ऐसे में टिकट साइज घटने से सौदा 199.98 पर ही हो सकेगा। सर्कुलर में दी गई जानकारी के मुताबिक, टिकट साइज 5 पैसे से घटाकर एक पैसा किया जा रहा रहा है। ये टी प्लस 1 सेटलमेंट के साथ टी प्लस 0 सेटलमेंट में भी लागू होगा। एक्सचेंज की ओर से बताया गया कि टिकट साइज को आखिरी कारोबार सत्र में शेयर की कीमत के मुताबिक मासिक आधार पर रिव्यू और एडजस्ट किया जाएगा। सर्कुलर में आगे कहा गया कि 8 जुलाई से स्टॉक फ्यूचर्स में भी समान टिकट साइज सिस्टम लागू हो जाएगा। इसमें बदलाव एक्सपायरी के समय किया जाएगा।



# टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम में खिलाड़ियों की कमी, कप्तान मिचेल मार्श हैं चिंतित

**नई दिल्ली, 27 मई (एजेंसियां)।**

टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आगाज 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में होना है। इस मेगा इवेंट से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम खिलाड़ियों की कमी से परेशान है। बता दें कि ऑस्ट्रेलियाई टीम को इवेंट से पहले अभ्यास मैच खेलने है, जिसके लिए उनके पास पूरे खिलाड़ी नहीं है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम मैचों से पहले दो अभ्यास मैच खेलने है। पहला अभ्यास मैच नामीबिया और दूसरा वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला जाना है। कंगारू टीम के कप्तान अभी चोट से उबर रहे हैं और वो नामीबिया के खिलाफ होने वाले मैच को मिस कर सकते हैं।

कप्तान मिचेल मार्शन ने इस इवेंट से पहले एक बड़ा बयान दिया है। मिचेल मार्श ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के वार्म-अप मैच को लेकर दिया बयान दरअसल, बातचीत करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान मिचेल मार्श ने कहा कि हमारे पास खिलाड़ियों की कमी है, लेकिन ये प्रैक्टिस मैच है और जिन खिलाड़ियों को खेलने की जरूरत होगी वो खेलेंगे।

आईपीएल 2024 का फाइनल मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया, जिसमें ट्रेविस हेड, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क दो टीमों का हिस्सा रहे। इन तीनों के अलावा कैमरन ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल आरसीबी की टीम का हिस्सा रहे, जो विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम से इस हफ्ते के आखिरी में शामिल होंगे। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स के प्लेयर मार्कस स्टोइनिस नामीबिया के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के बाद टीम से जुड़ेंगे। वहीं, रिर्जव खिलाड़ी की बात करें तो वो खिलाड़ी 5 जून को ओमान के खिलाफ होने वाले मैच से पहले टीम से जुड़ेंगे। मार्श ने कहा की जो खिलाड़ी आईपीएल में रहे हैं, वे काफी क्रिकेट खेल रहे थे।

## न्यूज ब्रीफ

### विश्व कप फुटबॉल क्वालीफिकेशन मैच में प्रशंसकों की भारी तदाद रहेगी : स्टिमक



**भुवनेश्वर ।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक का मानना है कि छह जून को कुवैत के खिलाफ होने वाले विश्व कप क्वालीफिकेशन मैच में भारतीय तादद में दर्शक रहेंगे। कुवैत के खिलाफ इस मैच में जीत दर्ज कर भारत इतिहास में पहली बार विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में पहुंचने का प्रयास करेगा। इसके अलावा स्टिमक के अनुसार दूसरा कारण ये है कि लोग करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री को अपने अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलते हुए देखना चाहेंगे। छेत्री ने अपने करियर में अब तक भारत की ओर से सबसे अधिक 94 गोल किये है। वह अपने विदाई मैच के साथ ही अपना 151 मुकाबला खेलेंगे। इस प्रकार भारत की ओर से सबसे अधिक मैच खेलने का रिकार्ड भी उनके नाम होगा। स्टिमक ने कहा, ''इस मैच के महत्व को देखते हुए जिसमें हमें पहली बार तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने के लिए एक जीत की जरुरत होगी। इसके साथ ही ये सुनील छेत्री का विदाई मैच भी रहेगा। ऐसे में हमें उम्मीद रहेगी कि सॉल्ट लेक स्टेडियम दर्शकों से भरा रहेगा।'' उन्होंने कहा, ''मुझे पूरा भरोसा है कि इस खेल के प्रशंसक देशर भर से कोलकाता पहुंचेंगे और हमारे खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाएंगे।'' कोच के अनुसार टीम पिछले दो सप्ताह से इस मैच के लिए अभ्यास कर रही है और अपनी कमजोरियों को भी दूर कर रही है।

### अय्यर ने केकेआर की खिताबी जीत के साथ ही बनाया एक नया रिकार्ड

**चेन्नई ।** आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की जीत से इसके कप्तान श्रेयस अय्यर ने एक अहम उपलब्धि हासिल की है।



खिताबी जीत के साथ ही श्रेयस ऐसे पहले कप्तान बन गये हैं। जो 2 विभिन्न फ्रेंचाइजियों की ओर से खेलते हुए अपनी टीम को फाइनल तक लेकर गए हैं। इससे पहले साल 2020 में श्रेयस की कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स की टीम फाइनल तक पहुंची थी। फाइनल मुकाबले में श्रेयस ने अपना कप्तानी कौशल भी दिखाया। उन्होंने गेंदबाजों को इस प्रकार बदला कि हर दूसरे ओवर में टीम को विकेट मिली। इससे हैदराबाद की टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पाई। ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी टीम का कोई खिलाड़ी आईपीएल फाइनल में 30 से ज्यादा रन नहीं बना सका हो। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से सबसे ज्यादा 24 रन पैट कमिंस ने बनाये हैं। यही नहीं, कोलकाता के 6 गेंदबाजों ने मैच में विकेट लिए। केकेआर की ओर से कप्तान श्रेयस बड़ी पारियां नहीं खेल पाये पर अहम अवसरों पर उन्होंने रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका दिलाई। उन्होंने 13 मैचों में 38 की औस के साथ 351 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके नाम पर 2 अर्धशतक हैं। उनका स्ट्राइक रेट 145 था जबकि उन्होंने 16 छक्के लगाए हैं। श्रेयस बतौर कप्तान आईपीएल में दो फाइनल में पहुंचने के साथ ही मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या की बराबरी पर पहुंच गए हैं। हार्दिक ने साल 2022 में गुजरात टाइटंस को अपनी कप्तानी में जीत दिलायी थी जबकि 2023 सत्र में उनकी टीम फाइनल में पहुंची थी पर उसे चेन्नई सुपरकिंग्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

### दीपा करमाकर ने रचा इतिहास, एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय जिमनास्ट बनीं

**नई दिल्ली ।** ओलंपियन भारतीय जिमनास्ट दीपा करमाकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया।



रियो ओलंपिक 2016 में शामिल हो चुकीं दीपा ने महिला वॉल्ट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। यह पहली बार है जब किसी भारतीय जिमनास्ट ने इस चैंपियन में पीला तमगा हासिल किया है। 30 वर्षीय दीपा ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन वॉल्ट फाइनल में 13.566 का औसत स्कोर बनाया। उत्तर कोरिया की किम सोन हयांग (13.466) और जो क्योंग ब्योल (12.966) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। निलंबन के कारण पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर हैं दीपा रियो ओलंपिक 2016 में वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रही दीपा ने 2015 चरण में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। आशीष कुमार ने 2015 एशियाई चैंपियनशिप में व्यक्तिगत फ्लोर एक्सरसाइज में कांस्य पदक जीता था। प्रणति नायक ने भी 2019 और 2022 चरण में वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था। डोपिंग उल्लंघन के कारण 21 महीने के निलंबन के बाद पिछले साल वापसी करने वाली दीपा आगामी पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर हैं।

# एम्बाप्पे के विदाई मैच में पीएसजी ने जीता फ्रेंच कप, फाइनल में लियोन को 2-1 से परास्त किया



**पेरिस, 27 मई (एजेंसियां)।**

पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपने स्टार फुटबालर किलियन एम्बाप्पे के विदाई मैच में लियोन पर 2-1 से जीत दर्ज कर फ्रेंच कप पर कब्जा जमा लिया। पीएसजी की जीत में एम्बाप्पे ने कोई गोल नहीं किया, लेकिन क्लब के साथ सात वर्षों के उनके शानदार सफर को ध्यान में रखते हुए फाइनल के बाद साथी खिलाडियों ने उन्हें हवा में उछालकर जश्न मनाया। एम्बाप्पे ने पीएसजी के लिए 308 मैच खेले, जिसमें उन्होंने रिकॉर्ड 256 गोल किए। एम्बाप्पे के अगले सत्र में स्पेनिश क्लब रियल मैड्रिड के साथ जुडने की संभावना है। पीएसजी के लिए दोनों गोल पहले हाफ में ओस्मान डेंबेले (22) और फेबियन रुइज (34) ने किए। लियोन के लिए एकमात्र गोल जैक ओब्रायन (55) ने किया।

**लेवरकुसेन ने जीता जर्मन कप** – यूरोपा लीग के फाइनल में अटलांटा के हाथों 0-3 की हार के बाद बायर लेवरकुसेन ने घर में अपराजेय रहने का रिकॉर्ड कायम रखा। उसने जर्मन कप के फाइनल में काइसरस्लॉटर्न को 1-0 से पराजित कर खिताब जीता। कुछ दिन पूर्व पहली बार बुंडेसलीगा जीतने वाले बायर का यह इस सत्र में दूसरा खिताब है। कोच जाबी अलोंसो की अगुवाई में खेलने वाले बायर के लिए ग्रानिट जाका ने 16वें मिनट में गोल किया। इस सत्र में बायर ने घर में एक भी मैच नहीं हारा। उसने घर और यूरोप के सभी कंपटीशनों में कुल 53 मैच खेले, जिसमें उसे अटलांटा के हाथों एकमात्र हार मिली।

**बार्सिलोना ने महिला चैंपियंस लीग का खिताब जीता** – बिलबाओ। पुरुषों की तरह लियोन की महिलाओं को भी यूएफा महिला चैंपियंस लीग के फाइनल में बार्सिलोना के हाथों हार का सामना करना पड़ा। बार्सिलोना ने लियोन को 2-0 से हराकर पिछले चार सत्रों में तीसरी बार चैंपियंस लीग का खिताब जीता। रिकॉर्ड 50, 827 दर्शकों के सामने विश्व की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबालर चुनी गईं एइटाना बोनमाती ने दूसरे हाफ में बार्सिलोना के लिए गोल किया। स्टापेज समय में विश्व की पूर्व श्रेष्ठ फुटबालर एलेक्सिया पुटेलास ने बार्सिलोना के लिए दूसरा गोल किया।

**अल अइन एशियाई चैंपियंस लीग विजेता बना** – अबु धाबी। संयुक्त अरब अमीरात के क्लब अल अइन ने जापानी क्लब योकोहामा मरीनोज को 5-1 से परास्त कर एशियाई चैंपियंस लीग का खिताब जीत लिया। पहले चरण के फाइनल में अल अइन को 2-1 से हार मिली थी। दूसरा चरण जीतकर अल अइन ने 6-3 के औसत से मुकाबला जीता। चेल्सी, एसी मिलान के पूर्व स्ट्राइकर हरनना क्रेस्पो की कोचिंग में खेल रही अल अइन 2003 के बाद पहली बार विजेता बना है। इस दौरान उसे दो फाइनल में हार मिली।

# भारतीय महिला हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी, अर्जेंटीना से मिली हार



**नई दिल्ली, 27 मई ।**

भारतीय महिला हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन अर्जेंटीना के खिलाफ भी जारी रहा और टीम को एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम चरण में अर्जेंटीना से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम का बेल्जियम चरण में यह अंतिम मुकाबला था। इस मैच में अर्जेंटीना के लिए सेलिना डि सैंटो (पहले मिनट), मारिया कैंपॉय (39वें) और मारिया ग्रेनाटो (47वें मिनट) ने गोल किए। भारतीय महिला हॉकी टीम अब लंदन में एक जून को अपने अगले मैच में जर्मनी से भिड़ेगी।

### शुरुआत से ही अर्जेंटीना ने बनाई बढ़त

अर्जेंटीना ने पहले ही मिनट में बढ़त बना ली जब डि सैंटो ने ग्रेनाटो के शॉट पर गोल दागा। अर्जेंटीना का दबदबा जारी रहा और भारत का संघर्ष जारी रहा। अर्जेंटीना को आठवें मिनट बाद पेनाल्टी कॉर्नर मिला लेकिन इसमें टीम बढ़त बढ़ाने में असफल रही।

भारत ने कुछ पास देने शुरू किए और उदिता के शॉट पर लालरेमसियामी गोल करने में विफल रहीं जब अर्जेंटीनी गोलकीपर क्लारा बारबेरी ने इसे रोका। अर्जेंटीना ने दूसरे क्वार्टर में दबदबा कायम रखते हुए कई पेनाल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन बीचू देवी खारीबाम और सलीमा टेटे की सतर्क जोड़ी ने गेंद को नेट से बाहर रखने में मदद की।

### पेनाल्टी कॉर्नर का फायदा नहीं उठा सकी टीम

दीपिका भारतीय टीम को मिले एक पेनाल्टी कॉर्नर का फायदा नहीं उठा सकीं। भारत को तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में पेनाल्टी कॉर्नर मिला लेकिन कोई गोल नहीं हुआ। अर्जेंटीना को 39वें मिनट में सफलता मिली, जब कैंपॉय ने सर्कल में प्रवेश कर सविता पूनिया को छकाते हुए अपनी बढ़त दोगुनी कर दी।

भारत को इस क्वार्टर के आखिरी मिनट में गोल करने का मौका मिला लेकिन नवनीत कौर का प्रयास बारबेरी ने रोक दिया। अंतिम क्वार्टर शुरू होते ही अर्जेंटीना को पेनाल्टी कॉर्नर मिला और ग्रेनाटो ने अगस्टिना गोर्जेलानी की फ्लिक को गोल में डालकर अपनी बढ़त में इजाफा किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### तेलंगाना में भारी...

आंधी के साथ बारिश ने महबूबनगर, जोगुलाम्बा-गडवाल, वानापर्थी, यदाद्री-भोंगीर, संगारेड्डी और विकाराबाद जिलों को भी प्रभावित किया। कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। ट्रांसमिशन और वितरण लाइनें टूट गईं। बिजली के तारों पर पेड़ की शाखाएं गिर गईं। खंभे क्षतिग्रस्त हो गए और उखड़ गए। कुछ स्थानों पर होर्डिंग्स व मोबाइल टावर सड़कों और घरों पर गिर गए।

### तूफान रेमल के कारण...

प्रारंभिक रिपोर्टों के मुताबिक तेज हवा के कारण छप्पर वाले घर नष्ट हो गए तथा कोलकाता और कई अन्य जिलों में बिजली के खंभे गिर गए। रेमल के पश्चिम बंगाल और उससे सटे बंगलादेश के तटों के बीच टकराने से घर ढहने अथवा मलबे में दबकर कई लोग घायल हो गए। बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राजभवन के टास्क फोर्स के साथ क्षतिग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अधिकारियों ने बताया कि चक्रवात के टकराने की प्रक्रिया रविवार रात लगभग 8.30 बजे शुरू हुई और राज्य के दक्षिण 24 परगना जिले में सागर द्वीप और मोंगला के पास बंग के खेपुपारा के बीच आज तड़के समाप्त हुई। कोलकाता में 146 मिलीमीटर बारिश हुई और 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं, जो 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंच गयी। तेज हवा के कारण पेड़ उखड़ गए और ओवरहेड बिजली के तार टूट गए। कोलकाता में दीवार गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया। दक्षिण कोलकाता के ढाकुरिया, पार्क सर्कस और बालीगंज जैसे इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया, जबकि टॉलीगंज और कवि नजरूल स्टेशनों पर मेट्रो रेलवे के शेड उड़ गए। कोलकाता में पार्क स्ट्रीट और एस्प्लेनेड स्टेशनों के बीच पटरियों पर पानी भरने से उत्तर-दक्षिण मेट्रो रेलवे लाइन की सेवाएं प्रभावित हुईं।मेट्रो रेलवे के प्रवक्ता ने कहा, पार्क स्ट्रीट और एस्प्लेनेड स्टेशनों के बीच पटरियों पर जलभराव के कारण दक्षिणेश्वर और गिरीश पार्क के साथ-साथ कवि सुभाष और महानायक उत्तम कुमार स्टेशनों के बीच 07.51 बजे से छोटी सेवाएं चलाई जा रही हैं। ट्रैक बेड से पानी हटाने की कोशिशें जारी हैं। उपनगरीय सियालदह दक्षिण खंड में ऐहतियात के तौर पर रेलवे सेवाओं को पहले ही निलंबित कर दिया गया है, जबकि नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय (एनएससीबीआई) हवाई अड्डे को भी रविवार को अपराह्न 12 बजे से सोमवार सुबह नौ बजे के बीच बंद कर दिया गया है। कुल मिलाकर 340 घरेलू और 54 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं।

उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना और पूर्वी मिदनापुर जिलों से प्राप्त रिपोर्टों में कहा गया है कि तूफान के कारण कई कच्चे मकान ढह गए तथा बिजली के खंभे भी टूट गए। बंगाल की खाड़ी में विशाल ज्वार की लहरें देखी गईं। गौरतलब है कि राज्य सरकार पहले ही निचले इलाकों में रहने वाले करीब 1.10 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा चुकी है।

### पंजाब के मंत्री...

लेकिन उसे नौकरी देने की बजाय भगवंत मान सरकार के मंत्री के द्वारा उसे वीडियो कॉल करने के लिए कहा जाता है। आरोप है कि इस वीडियो कॉल के दौरान मंत्री ने लड़की से अपने कपड़े उतारने के लिए कहा और वे स्वयं भी अपना वस्त्र उतारकर आपत्तिजनक हरकत करने लगे। हालांकि शुभ लाभ इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है, न ही इस बात की कोई जानकारी है कि ये कब का है। तजिंदर पाल सिंह बग्गा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के कई नेता इसके पहले भी इसी तरह की हरकत करते हुए पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके पहले अरविंद केजरीवाल सरकार के एक मंत्री संदीप केवल राशन कार्ड बनाने के लिए एक महिला से यौन शोषण करते हुए पाए गए थे। इस तरह का वीडियो वायरल होने के बाद अरविंद केजरीवाल को अपने मंत्री को बर्खास्त करना पड़ा था। अब भगवंत मान को भी अपने मंत्री को बर्खास्त कर इस मामले की जांच करानी चाहिए। पंजाब में मतदान से ठीक पहले भगवंत मान सरकार के मंत्री की वीडियो वायरल होने से आप सरकार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।मंत्री बलकार सिंह पर इसी तरह के आरोप इसी साल जनवरी के महीने में भी लगे थे। अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने यह दावा किया था कि उनके पास एक वीडियो है, जिसमें मंत्री बलकार सिंह आपत्तिजनक हरकत करते हुए देखे जा सकते हैं। मजीठिया ने उक्त वीडियो को राज्यपाल और पंजाब सरकार को सौंपकर इसकी जांच कराने की मांग की थी। लेकिन कथित तौर पर सरकार इस पर सहमत नहीं हुई। इसके पहले भी भगवंत मान सरकार के एक और मंत्री लाल चंद कटारूचक का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें कथित तौर पर वे आपत्तिजनक हरकत करते हुए देखे गए थे।बताते चलें कि पंजाब की 13 लोकसभा सीटों के लिए एक जून को मतदान होगा। इस चुनाव के लिए अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान जमकर चुनाव प्रचार भी कर रहे हैं। भाजपा के पंजाब चुनाव में मजबूती से उतरने और कांग्रेस-अकाली दल की वापसी की संभावनाओं के बीच आम आदमी पार्टी के लिए राज्य में अपनी पकड़ बनाए रखना बहुत जरूरी हो गया है। इस महत्त्वपूर्ण चुनाव के बीच भगवंत मान सरकार के एक मंत्री की वीडियो आम आदमी पार्टी के लिए मुसीबत का कारण बन सकती है।

### केजरीवाल ने अंतरिम...

ईडी का दावा है कि आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसौदिया, राज्य सभा सांसद संजय सिंह सहित अन्य ने अवैध कमाई के लिए साजिश रची थी। गौरतलब है कि इस मामले में आप सांसद श्री सिंह को उच्चतम न्यायालय ने दो अप्रैल को राहत दी। शीर्ष अदालत के इस आदेश के मद्देनजर राऊज एवेन्यू स्थित एक विशेष अदालत ने तीन अप्रैल को उन्हें सशर्त तिहाड़ जेल से रिहा करने का आदेश पारित किया था।

### केजरीवाल के पीए...

इस मामले में विभव फिलहाल पुलिस की गिरफ्त में हैं। ऐसे में विभव की तरफ से कोर्ट में जमानत याचिका दायर की गई थी।बता दें कि पिछली सुनवाई में विभव कुमार की जमानत अर्जी पर तीस हजारी कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। दिल्ली पुलिस को विभव की जमानत अर्जी पर सोमवार यानी आज ही जवाब दाखिल करना था। इससे पहले आज कोर्ट में जिस वक्त सुनवाई हो रही थी, उस दौरान स्वाति मालीवाल कोर्ट रूम में ही मौजूद थीं। इस दौरान जब स्वाति मालीवाल के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास से निकलने की वीडियो कोर्ट में जज को दिखाया जा रहा था और एफआईआर के बारे में विभव के वकील जज को बता रहे थे, उस समय स्वाति मालीवाल की आंखों में आंसू आ गए। स्वाति मालीवाल इस दौरान कोर्ट रूम में ही रोने लगी और फिर चुप होकर कार्यवाही सुनने लगीं।विभव कुमार के वकील ने बचाव में अदालत के सामने दलील पेश की। उन्होंने सुनवाई में कौरवों और द्रौपदी का जिक्र किया। कोर्ट में सुनवाई के दौरान स्वाति मालीवाल रोने लगीं। विभव कुमार के वकील ने कहा कि इस केस में विभव के खिलाफ जिन धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है, उनका कोई औचित्य नहीं बनता। इस केस में आईपीसी 308 के तहत मुकदमा दर्ज करने का कोई मतलब नहीं है। स्वाति मालीवाल को सीएम आवास पर बुलाया नहीं गया था, उन्होंने जबरदस्ती मुख्यमंत्री आवास के अंदर घुसने की कोशिश की।विभव के वकील ने कहा कि स्वाति मालीवाल को सिक्योरिटी स्टाफ ने बाहर इतंजार करने को कहा था पर वो सिक्योरिटी जोन को पार कर अंदर घुस आईं। सिक्योरिटी स्टाफ ने भी अपने बयान में कहा है कि मैडम ने मुझसे कहा कि आप सांसद को बाहर इंतजार कराओगे। विभव के वकील कोर्ट में बताया कि आप मुझे ऐसे नहीं रोक सकते कहते हुए स्वाति मालीवाल अंदर घुस आईं। इसके बाद पीए विभव ने पूछा कि किसके निर्देश पर उसे अंदर आने की इजाजत मिली है। विभव का ये पूछना बनता है क्योंकि मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर जवाबदेही उसकी भी है। सुरक्षाकर्मी तब अंदर गए और पूरे सम्मान के साथ उसे बाहर ले जाया गया। ऐसे में इस तरह की घटना होने का सवाल ही कब बनता है। विभव के वकील ने पूछा कि क्या एक सांसद होने के नाते आपको कुछ भी करने का लाइसेंस मिल जाता है। उन्हें सीएम आवास पर किसी ने नहीं बुलाया था। जाहिर है, वो एक सोची समझी प्लानिंग के तहत उस दिन वहां पहुंची थी। वो उस दिन सिक्योरिटी स्टाफ से बार-बार विभव के बारे में भी पूछ रही थीं।

### हमें अब...

कहा कि क्या आप अंधे हो गए हो? क्या आप सो गए? अब हमें स्थानीय प्रणाली और राज्य पर भरोसा नहीं है। राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता मनीषा लव कुमार शाह ने यह भी माना कि अहमदाबाद में दो अन्य गेमिंग जोन को संचालित करने की अनुमति नहीं है और कहा कि इस तरह के सभी मुद्दों की जांच करने और 72 घंटे के भीतर रिपोर्ट दाखिल करने के लिए एक विशेष टीम बनाई गई है। राजकोट के पुलिस आयुक्त राजू भार्गव ने कहा कि राजकोट गेमिंग जोन को पिछले साल नवंबर में स्थानीय पुलिस द्वारा लाइसेंस दिया गया था, जिसे 31 दिसंबर, 2024 तक नवीनीकृत कर दिया गया था। कोर्ट को यह भी बताया गया कि मॉल के अंदर छोटा गेमिंग जोन बना है। इसके सहित शहर में 34 ऐसी जगह हैं, जिनमें से तीन के पास अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं है। राज्य सरकार ने कहा कि गेमिंग जोन इस तरह के प्रमाण पत्र के बिना नहीं खुल सकता है। इस पर पीठ और भड़क गई और सरकार से कहा कि तब राजकोट में इस नियम का पालन नहीं किया गया था। अदालत को आश्वस्त करने के प्रयास में राज्य ने कहा कि तीन मालिकों को गिरफ्तार कर लिया गया है और बाकी को हिरासत में लेने की प्रक्रिया जारी है। इस बीच, अदालत ने अतीत में हुई कई घटनाओं का जिक्र किया और कहा कि हमने पिछले चार वर्षों में कई निर्णय और निर्देश दिए हैं। उसके बाद भी राज्य में छह घटनाएं हुईं। अदालत ने कहा, लोग राज्य मशीनरी के काम नहीं करने के कारण मर रहे हैं।

### हरकत में आई ...

जिसमें राजकोट नगर निगम के अग्निशमन और आपातकालीन सेवा के स्टेशन अधिकारी रोहित विगोरा को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही इस आग दुर्घटना के लिये जिम्मेदार कुल सात अधिकारियों पर ड्यूटी के निलंबन की कार्रवाई की गयी है।उल्लेखनीय है कि राजकोट तालुका क्षेत्र में टीआरपी गेम जोन में शनिवार को लगी आग में झुलसने से मरने वालों की संख्या 28 हो गयी तथा तीन अन्य झुलसे गये थे। झुलसे लोगों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। इस मामाले में टीआरपी गेम जान के संचालक छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। हादसे के कारणों की जांच के लिये गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) के अध्यक्ष अपर पुलिस महानिदेशक सुभाष त्रिवेदी और अन्य सदस्य भी शनिवार देर रात राजकोट पहुंच गये थे। एसआईटी इस घटना के कारणों की जांच करके अपनी प्राथमिक रिपोर्ट तीन दिनों में राज्य सरकार को सौंपेगी। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल ने भी रविवार सुबह यहां दुर्घटना स्थल का दौरा कर इस घटना के कारणों सहित बचाव कार्यों का विवरण प्राप्त किया था।

# माफिया मिट्टी में मिले तो यूपी में आने लगा करोड़ों निवेश : योगी

## सीएम योगी ने मोहम्मदाबाद में बलिया लोकसभा सीट के लिए की सभा

**गाजीपुर, 27 मई (एजेंसियां)।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यूपी से माफिया का सफाया करने के बाद अब प्रदेश में भारी पैमाने पर निवेश आ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में बड़े स्तर पर निवेश हो रहा है, जिसके बाद यहां फैक्ट्रियां लगेंगी और नौजवानों को यहीं पर नौकरी भी मिलेगी। योगी ने सपा पर प्रहार करते हुए कहा कि इन लोगों ने गरीबों के बेटों को मारने का संकल्प लिया था, तो हमने भी माफिया को मिट्टी में मिलाने का संकल्प लिया और आज माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं। योगी आदित्यनाथ सोमवार को मोहम्मदाबाद में बलिया लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी नीरज शेखर के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद हम मथुरा जाने की तैयारी कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने क्रांतिकारियों की पावन धरा को कोटि कोटि नमन करते हुए कहा कि मोहम्मदाबाद क्षेत्र के लिए स्वर्गीय कृष्णानंद राय जी के बहुत से सपने थे। यहां के विकास को लेकर वह अत्यंत चिंतित रहते हैं और लगातार प्रयास करते थे। मगर, जब भी कृष्णानंद राय जैसा कोई जनप्रतिनिधि विकास के लिए कोई प्रयास करता था सपा के लोग ऐसे नेताओं को माफियाओं की भेंट चढ़ा देते थे। इन लोगों ने स्वर्गीय कृष्णानंद राय की हत्या पर संवेदना व्यक्त करने की जगह हत्यारों को संरक्षण दिया और आज माफिया के मरने पर मातम मनाने आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृष्णानंद राय के साथ ही श्याम शंकर राय, रमेश



राय, रमेश पटेल, मुन्ना यादव सहित अन्य लोगों को बर्बरता के साथ मारा गया था। तब प्रदेश में सपा और केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। ये दोनों जब भी मिलते हैं तब अनर्थ होता है। हमें फिर से कोई अनर्थ नहीं होने देना है। सीएम योगी ने कहा कि सपा और कांग्रेस को ये बताना चाहिए कि मुन्ना यादव, रमेश पटेल जिनकी मुख्तार जैसे माफिया ने हत्या की थी, क्या वो पिछड़ी जाति के नहीं थे। प्रयागराज में पूजा पाल के पति राजू पाल और जया पाल के पति उमेश पाल क्या पिछड़ी जाति के नहीं थे। उनका संकल्प बीजेपी के जनप्रतिनिधियों को, गरीब के बेटों को मारने का था तो हमारा भी संकल्प था कि माफिया को मिट्टी में मिला रहेगे।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमें गौरव की अनुभूति होनी चाहिए कि आज हम एक ऐसे माहौल में जी रहे हैं, जिसकी कल्पना देश के प्रथम स्वातंत्र्य सेनानी मंगल पांडेय, चित्तू पांडेय ने की थी। विकास की जो तड़प पूर्व पीएम श्रद्धेय चंद्रशेखर जी में थी और मोहम्मदाबाद के विकास के लिए चिंतित रहने वाले कृष्णानंद राय के सपनों को साकार करने का प्रयास मोदी जी कर रहे हैं। आज पूरे देश में जहां कहीं भी हम जाते हैं लोगों के मन में एक ही भाव और संकल्प है। जनता कह रही है कि फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार चार सौ पार। ये सुनकर सपा को चक्कर आने लगता है। क्योंकि ये 60-62 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इन लोगों ने यादवों को भी टिकट दिया तो केवल अपने परिवार वालों को। सीएम ने कहा कि उन्होंने निरहुआ को मुम्बई से लाकर आजमगढ़ की जिम्मेदारी दी। उनके सांसद बनने के बाद आजमगढ़ में एयरपोर्ट, विश्वविद्यालय, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज और संगीत महाविद्यालय बन गया। अच्छे लोग चुनकर आते हैं तो विकास भी अच्छा होता है।

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस अपने मेनिफेस्टो में कहती है कि वह सत्ता में आएगी तो पर्सनल लॉ लागू करेगी। इसका मतलब बेटी स्कूल नहीं जा पाएगी, महिलाएं बाजार नहीं जा पाएंगी, तीन तलाक की कुप्रथा को फिर से लागू करेंगे। मगर, हम हिंदुस्तान को शरियत से नहीं चलने देंगे, यहां तालिबानी शासन नहीं होने देंगे। कांग्रेस कहती है कि ये सत्ता में आए तो विरासत टैक्स लगाएंगे, यानी आपके पूर्वजों की संपत्ति का सर्वे कराएंगे और उसमें से आधी संपत्ति पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के मुसलमानों में बांट देंगे। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है। आज तो कोई सभ्य मुसलमान भी अपने बेटे का नाम औरंगजेब नहीं रखता, क्योंकि उसने अपने बाप को कैद करके पानी के लिए तरसाया और अपने भाई की हत्या की। औरंगजेब ने जजिया कर लगाया था, वह कहता था कि मुसलमान बनो या जजिया दो। हम औरंगजेब को दोबारा जीवित नहीं होने देंगे।

सीएम ने कहा कि आज दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है, देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त हुआ है। पटाखा भी जोर से फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देता है। उसे पता है कि नया भारत छेड़ता नहीं, मगर कोई छेड़ेगा तो छोड़ता भी नहीं है। सपा में राशन माफिया हावी थे, मगर आज 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन मिल रहा है। पाकिस्तान की जितनी आबादी है उससे ज्यादा आबादी को मोदी जी ने गरीबी रेखा से ऊपर उठाया है। आज पूरा देश कह रहा है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। इसके लिए हमें बलिया संसदीय सीट से नीरज शेखर को भारी बहुमत से जिताना होगा। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में मंत्री दयाशंकर सिंह, सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, पीयूष राय, एमएलसी विशाल सिंह चंचल, मार्कण्डेय शाही, मुन्ना राय, विजय शंकर, उपेन्द्र तिवारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# धर्म के आधार पर आरक्षण देश की अखंडता के लिए चुनौती : योगी

## कांग्रेस और इंडी गठबंधन में मुस्लिम आरक्षण की होड़ खतरनाक

**गोरखपुर, 27 मई (एजेंसियां)।**

धर्म के आधार पर आरक्षण के मुद्दे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन के दलों पर एक बार फिर हमला बोला है। इस मामले में कांग्रेस का इतिहास दागी बताते हुए तथा समाजवादी पार्टी को तुष्टिकरण की हद पार करने वाली पार्टी करार देते हुए योगी ने कहा, धर्म के आधार पर आरक्षण भारतीय संविधान की मूल भावना के विपरीत और पूरी तरह असंवैधानिक है। इसे कतई स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण को अगर थोपने का प्रयास हुआ तो यह देश की अखंडता के लिए चुनौती होगी।

सोमवार को लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए घोसी संसदीय क्षेत्र रवाना होने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में मीडियाकर्मियों से बातचीत की। इस अवसर पर उन्होंने मुस्लिमों को आरक्षण देने को लेकर विपक्षी दलों में मची होड़ को खतरनाक बताते हुए कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान सभा में इसका पुरजोर विरोध किया था। इसके बावजूद कांग्रेस और इंडी गठबंधन के उसके सहयोगी दलों में मुस्लिम आरक्षण देने की होड़ लगी हुई है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास तो इस मामले में बहुत ही दागी रहा है। केंद्र में यूपीए सरकार के समय कांग्रेस ने 2006 में जस्टिस रंगनाथ मिश्र कमेटी गठित कर आरक्षण में ओबीसी का हिस्सा काट करके मुसलमानों



को देने का कुत्सित प्रयास किया था। इसी तरह कांग्रेस ने जस्टिस राजेंद्र सच्चर की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर कुछ मुस्लिम जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल कर अनुसूचित जाति के आरक्षण में सेंध लगाने का घिनौना प्रयास किया था। दोनों ही मामलों में भाजपा और एनडीए ने विरोध किया था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस की जब आंध्र प्रदेश में सरकार थी तो उसने ओबीसी के आरक्षण में से मुसलमानों को आरक्षण दे दिया था। जबकि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ने मुसलमानों की सभी जातियों को ओबीसी में शामिल कर ओबीसी के आरक्षण में सेंध लगाई है। सीएम योगी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के अंदर टीएमसी सरकार ने 2010 में 118 मुस्लिम जातियों को ओबीसी में शामिल करके पिछले 14 वर्ष से लगातार ओबीसी के अधिकार में पूरी तरह डकैती डाली है। सीएम योगी ने कहा कि ओबीसी के आरक्षण का लाभ मुस्लिमों को दिए जाने पर कोलकाता उच्च न्यायालय ने जो निर्णय दिया है, वह टीएमसी सरकार के असंवैधानिक कृत्य पर जोरदार तमाचा है। धार्मिक आधार पर आरक्षण असंवैधानिक है, यह बहुत स्पष्ट कहते हुए कोलकाता उच्च न्यायालय ने सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी आरक्षण से बाहर किया है।

सीएम योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन के दल मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए किसी भी हद पर जा सकते हैं। बिहार के अंदर आरजेडी के नेता लालू प्रसाद यादव जी पहले ही बोल चुके हैं की सभी मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए। अब यह आरक्षण कहां से मिलेगा, जाहिर सी बात है कि ये लोग ओबीसी, एससी-एसटी के आरक्षण में से बांटकर मुसलमानों को देना चाहते हैं। सीएम योगी ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने तो खुद को जन्मजात हिंदू विरोधी, अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जातियों की विरोधी होने का पर्याय बना दिया है। रामजन्मभूमि का विरोध हो या रामभक्तों पर गोली चलाने का मामला, सपा के हिंदू विरोध और मुस्लिम तुष्टिकरण का ही चित्रण रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यही नहीं, 2012 और 2014 के अपने चुनाव घोषणा पत्र में समाजवादी पार्टी ने मुसलमानों को आरक्षण देने की वकालत की थी। सपा ने शरारतपूर्ण तरीके से तुष्टिकरण की हद पर करते हुए उत्तर प्रदेश की तत्कालीन 20 करोड़ की आबादी की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करते हुए पीएसी की 54 कंपनियों को समाप्त किया था। उस समय सपा सरकार ने पीएसी की जो भर्ती निकाली थी, उसमें 15 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण देने का प्रयास किया था। तब माननीय न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा था।

# अधिवक्ताओं के लिए मोदी समर्पित, मोदी के लिए अधिवक्ता: योगी

## मुख्यमंत्री ने वाराणसी में अधिवक्ताओं से किया संवाद

**वाराणसी, 27 मई (एजेंसियां)।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को वाराणसी कचहरी के निकट रामआसरे वाटिका में अधिवक्ताओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं ने देश व समाज के लिए खुद को समर्पित किया है। पीएम मोदी अधिवक्ताओं की प्राथमिकता में हैं और अधिवक्ता उनकी प्राथमिकता में हैं। आजादी की लड़ाई में अधिवक्ताओं ने प्रैक्टिस रोक कर देश को पूरा समय दिया था। उनके मन में नेशन फर्स्ट था। आज मोदी जी भी नेशन फर्स्ट के अभियान को लेकर चले हैं। एक तरफ नेशन फर्स्ट तो दूसरी तरफ फैमिली फर्स्ट वाले लोग हैं। आज विरासत, सुरक्षा, सम्मान, विकास और गरीब कल्याण के कार्य हो रहे हैं। हमारा अधिवक्ता समुदाय लड़ते-लड़ते थक जाता था, लेकिन अयोध्या का फैसला नहीं आ पाता था। अब तो वहां मंदिर भी बन गया है। काशी में आप कुछ और भी कर रहे हैं। काशी की देखादेखी अब मथुरा में भी आगाज हो गया है।

सीएम योगी ने कहा कि सुशासन के लिए कानून का राज और सुरक्षा पहली शर्त है। हम एक-दूसरे के पूरक हैं। विधायिका के द्वारा बनाए गए अधिनियम को अधिवक्ता समुदाय प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने का कार्य करता है। अपनों से पीड़ित व्यक्ति परिवार के सदस्य के कहने पर हस्ताक्षर नहीं करता है, लेकिन अधिवक्ता जहां भी कह दे, वहां हस्ताक्षर कर देता है। आप और आपकी यूनिफॉर्म विश्वास का प्रतीक है। पीड़ित को न्याय दिलाने की प्रतिबद्धता सराहनीय और अभिनंदनीय है। गरीब से लेकर समाज के हर तबके को न्याय दिलाने के आपके प्रयास से लाखों लोगों को नया जीवन मिलता है।

सीएम ने कहा कि अधिवक्ता समाज का प्रबुद्ध वर्ग है। इस वर्ग ने देश की ज्वलंत समस्याओं से खुद को कभी अलग नहीं किया, बल्कि चुनौतियों से डटकर मुकाबला करने के लिए सदा अग्रिम पंक्ति में खड़ा रहा। अधिवक्ता समुदाय देश की आजादी की




लड़ाई के अग्रिम पंक्ति में था। उन्होंने देश और दुनिया में अच्छी डिग्री ली, लेकिन लगा कि अधिवक्ता पेशा ही सब कुछ नहीं हो सकता तो अच्छी प्रैक्टिस रखकर देश की आजादी के आंदोलन में कूद पड़े, तब आजादी कोसों दूर थी, लेकिन उन्होंने नेशन को फर्स्ट रखा। आजादी की लड़ाई में लड़ने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सरदार पटेल, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, भीमराव अंबडेकर और मालवीय जी भी अधिवक्ता थे।

सीएम ने बताया कि चौरीचौरा में गोरखपुर के क्रांतिकारियों को फांसी दी गई थी तो उनकी पैरवी के लिए कई घंटों तक मालवीय जी खड़े रहे और कइयों को फांसी के फंदे से बचाया। देश की हर चुनौती के लिए अधिवक्ता समुदाय खड़ा रहा, इसलिए लोकतंत्र के महापर्व में भी अधिवक्ता समुदाय पीछे नहीं रह सकता। दस वर्ष में आपने बदलती काशी, भारत और सात वर्ष में नए उत्तर प्रदेश को देखा है। इसका श्रेय काशीवासियों को जाता है, क्योंकि आपने मोदी जी को प्रतिनिधि चुनकर संसद में भेजा। इस बदलाव का लाभ न केवल काशी, उत्तर प्रदेश, बल्कि देश-दुनिया ले रही है। दुनिया में संकट आता है तो दुनिया भारत-मोदी की तरफ देखती है।

सीएम ने कहा कि कैंट स्टेशन से काशी विश्वनाथ धाम तक देश का सबसे बड़ा रोपवे काशी में बन रहा है। यह कार्य इस वर्ष के अंत तक हो जाएगा। प्रतिदिन एक लाख श्रद्धालु इसका प्रयोग करेंगे। काशी की सड़कों से लेकर गलियों के अंदर तक विकास हुआ। झूलते तारों से मुक्ति हुई। काशी के घाटों का सुंदरीकरण हुआ तो गंगा जी अविरल और निर्मल हुई। न केवल सड़क, रेलवे, अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट व वॉटरवे के रूप में काशी से हल्दिया तक जुड़ना दिखाता है कि काशी हर कनेक्टिविटी का केंद्र बना है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम बन गया। पहले यहां 50 श्रद्धालुओं के आने पर परेशानी होती थी, आज 50 हजार श्रद्धालुओं के साथ आने पर भी दिक्कत नहीं होती। एक दिन में 10-10 लाख श्रद्धालु दर्शन करते हैं। इससे नाव, टैक्सी, होटल, रेस्टोरेंट, प्रसाद वालों समेत हर तबके के लोगों का विकास होता है।

सीएम योगी ने कहा कि काशी के बारे में लोगों की धारणा बदली है। नव्य-दिव्य काशी में आए लोग अभिभूत होकर जाते हैं। 2017 के पहले काशी में रंगदारी आम बात थी। माफिया हावी थे, हर काम में उनका हस्तक्षेप रहता था। व्यापारी नंदकिशोर रुंगटा का अपहरण कर फिरौती लेकर उन्हें मारकर फेंक दिया जाता था। आतंकवाद के सामने देश और प्रदेश की सरकार माफिया के आगे घुटने टेक चुकी थी। अब भारत और उप्र में हुए परिवर्तन के वाहक आप हैं, क्योंकि आपने भाजपा व मोदी को समर्थन दिया। सरकार जो भी दे रही है, वह हमारी ड्यूटी और समाज के हर तबके का संरक्षण करना हमारा दायित्व है।

सीएम ने कहा कि हमें भी न्याय के लिए अधिवक्ता के पास जाना पड़ता था। उनके चैंबर को देखकर लगता था कि यह दूसरों के लिए लड़ते हैं, लेकिन सुविधा के अभाव में ही काम करते हैं। चैंबर में ही दिन में ही सूरज और चांद दिखाई देते थे, फिर भी मौसम की परवाह किए बिना अधिवक्ता काम करते थे। फिर हमने कहा कि यदि कोर्ट का भवन बनेगा तो अधिवक्ता के चेंबर को भी इससे जोड़ा जाए। बेंच और बार में संतुलन होना चाहिए। अधिवक्ताओं के चैंबर निर्माण के लिए भी सरकार ने धनराशि उपलब्ध कराई। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में डॉ. राजेंद्र प्रसाद के नाम पर विश्व स्तरीय लॉ यूनिवर्सिटी बना रहे हैं। हमारा प्रयास है कि वह देश के लिए मानक बने। वहां से अच्छे अधिवक्ताओं की टीम पैदा करें।

# बेटियों और महिलाओं को घरों में कैद करने की साजिश कर रहा इंडी

## सीएम योगी ने घोसी से अरविंद राजभर को जिताने की अपील की

**मऊ, 27 मई (एजेंसियां)।**

इंडी गठबंधन से सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि ये कहते हैं कि सत्ता में आएंगे तो विरासत टैक्स लगाएंगे। इनका यह टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। ये कहते हैं कि सत्ता में आने पर पर्सनल लॉ लागू करेंगे यानी यह देश में तालिबानी और शरिया कानून लागू करना चाहते हैं। यह बेटियों और महिलाओं को घर में कैद करने की साजिश कर रहे हैं, लेकिन इन्हें ये नहीं पता कि यह देश बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान से चलेगा। हम देश में फिर से तीन तलाक की कुप्रथा को शुरू नहीं होने देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्ष में दुनिया में देश और भारत के हर नागरिक का सम्मान



बढ़ा है। ऐसे में पूरे देश में एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार का नारा गूंज रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मऊ की घोसी लोकसभा क्षेत्र के लिए आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी डॉ. अरविंद राजभर के पक्ष में वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्ष में देश की तकदीर बदली है। अब देश में सुरक्षा का बेहतर वातावरण है। देश में चारों ओर विकास के बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं। इसके अलावा मोदी जी के नेतृत्व में गरीबों को उनका हक दिया जा रहा है। देश में 80 करोड़ गरीबों को फ्री में राशन की सुविधा दी जा रही है। 60 करोड़ गरीबों को आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख का स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जा रहा है। 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि, 12 करोड़ घरों में शौचालय का निर्माण किया गया है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से हो पाया है। सीएम योगी ने कहा कि 4 जून के बाद देश के 70 वर्ष से ऊपर हर बुजुर्ग को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाएगा। वहीं कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की सोच नकारात्मक है। यह प्रभु राम के साथ देश के भी विरोधी हैं। यह लोग दलितों और पिछड़ों के हक पर डकैती डालते हैं। अब इनकी नजर ओबीसी जाति के आरक्षण पर है। यह कहते हैं कि ओबीसी आरक्षण में सेंध लगाकर मुसलमानों को देंगे, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। यह ओबीसी जाति के लोगों का अधिकार है और इस अधिकार को हम छीनने नहीं देंगे। सीएम योगी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि आरक्षण का आधार धर्म नहीं हो सकता।

# अयोध्या में 38 लाख से अधिक पौधे लगाएगी योगी सरकार

**अयोध्या, 27 मई (एजेंसियां)।**

योगी सरकार बनने के बाद हर वर्ष प्रदेश में वृहद् पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एक बार फिर इस अभियान के लिए वन सहित सभी विभाग तैयारियों में जुट गये हैं। सरकार का जोर वायु को शुद्ध करके स्वच्छ ऑक्सीजन देने वाले फलदार और औषधीय गुण वाले पौधों को लगाने पर है। अयोध्या में इस साल 38 लाख 12 हजार 680 पौधे लगाने का लक्ष्य है।



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार विकास के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का भी ध्यान रख रही है। अयोध्या की आबोहवा को सुधारने के लिए सरकार पौधरोपण अभियान चलाने की तैयार कर रही है। इससे वायुमण्डल में ऑक्सीजन की शुद्ध मात्रा को बढ़ाने व वातावरण को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। अयोध्या के वन संरक्षक प्रणव जैन ने बताया कि फलदार व ऑक्सीजन देने वाले पौधों को अधिक संख्या में लगाने की योजना है। इसमें सहजन, पीपल, पाकड़, बरगद, अर्जुन, जामुन, आंवला, अमरुद, आम, सागौन, शीशम आदि के ज्यादा से ज्यादा पौधों के रोपण की तैयारी है। उन्होंने बताया कि वन विभाग के अलावा 26 अन्य विभाग पौधरोपण अभियान में भाग लेंगे। किस विभाग को कितने पौधे लगाने का लक्ष्य हैं, उसकी सूची भी वन विभाग ने बना ली है। इस साल पौधरोपण में कई प्रजातियों के पौधे लगाने की योजना है। जनता की सहभागिता के लिए पौधे लगाने की इच्छुक जनता को भी पौधे देने की योजना बनाई जा रही है। हर घर एक पौधा देने की तैयारी है। जिससे अधिक से अधिक पौधरोपण हो सके और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिले।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, मंगलवार, 28 मई, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# अग्रवाल समाज मलकपेट की वार्षिक साधारण सभा एवं रजत जयंती उत्सव धूमधाम से आयोजित

**हैदराबाद, 27 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा की वार्षिक साधारण सभा एवं रजत जयंती उत्सव हिमायत नगर स्थित होटल ब्लू बेसिल में धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री महाराजा अग्रसेनजी की पूजा एवं उपस्थित सदस्यों द्वारा सामूहिक प्रार्थना से हुआ। अपने अध्यक्षीय स्वागत संबोधन में पंकज कुमार संघी नें रजत जयन्ती महोत्सव पर सभी सदस्यों तथा विशेष रूप से स्थापना से जुड़े सदस्यों की उपस्थिति पर आभार प्रकट किया। मानद मंत्री प्रदीप बंसल ने वर्ष भर की गतिविधियों से अवगत कराया तथा भावी कार्यक्रमों की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष सत्यनारायण मोदी ने वर्ष 2023-24 का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। युवा मोर्चा के सेवाभावी कार्यक्रमों की जानकारी संयोजक निश्चित अग्रवाल ने दी।




कार्यक्रम संचालक लाजपतराय गुप्ता के संयोजन में अग्रसेन हॉल ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टियों तथा शाखा के रजत जयंती उत्सव पर विगत 25 वर्षों से अपने अमूल सेवाएं प्रदान करने हेतु पूर्व अध्यक्षों का स्मृति चिह्न व माला द्वारा समाज के विशेष सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया।

अग्रसेन हाल के ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी गयारसीलाल सिंघानिया, खेमचंद अग्रवाल, हरिश्चंद्र बजाज, महावीर प्रसाद अग्रवाल तथा पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय तुलसीराम गुप्ता, स्वर्गीय डॉक्टर विश्वनाथ संघी, गयारसीलाल पचेरिया, ओम प्रकाश पचेरिया, बिशन लाल संघी, महावीर प्रसाद अग्रवाल, लालचंद सिंगल, श्यामसुन्दर अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल, गोविंद नारायण मोदी, लाजपत राय गुप्ता, हरिश्चंद्र बजाज व राजकुमार गुप्ता को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। अवसर पर शाखा व समाज के प्रति विशेष सेवाओं के लिए अग्रवाल समाज सहायता ट्रस्ट आत्मगौरव भवन के चेयरमैन राजेश कुमार अग्रवाल, सीए अमित मोदी, परामर्शदाता सुरेश चंद्र गुप्ता तथा चंद्रमोहन अग्रवाल को सम्मानित किया गया।

आत्म गौरव भवन के राजेश कुमार अग्रवाल ने भवन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में ट्रस्ट से जुड़ने की अपील की तथा 2 जून को ही उप्पल स्थित आत्मगौरव भवन के प्रांगण में श्री सत्यनारायण कथा में भाग लेने का आग्रह किया।

रजत जयन्ती समारोह में विशेष रूप से उप-स्थित हुए अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल, मानद मंत्री कपूर चंद गुप्ता, संयुक्त मंत्री कंचन अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष नवीन अग्रवाल का शाखा पदाधिकारियों द्वारा मोमेंटो व माला द्वारा अभिनंदन व स्वागत किया गया। अपने संबोधन में मनीष अग्रवाल ने मलकपेट शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा उपस्थिति को देखकर हर्ष व्यक्त किया तथा केन्द्रीय समिति द्वारा किए जा रहे और किये जाने वाले कार्यक्रमों जैसे दान पात्र, मछली प्रसाद वितरण, तम्बोला तथा फैशन शो आदि की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक सदस्यों को जुड़ने का आग्रह किया।

पूर्व अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल ने शाखा के कार्यों से प्रेरित होकर कविता का पाठ किया तथा राजकुमार गुप्ता ने अपने विचार प्रकट किए। रजत जयंती के उपलक्ष्य में शाखा के सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। उपाध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल, सतीश बंसल, गोपाल मोदी, नितिन अग्रवाल, शामलाल गोयल, संजीव गोयल, इंदरलाल सिंघानिया, कार्यक्रम संयोजक सुरेश गोयल, दिनेश गोयल, युवा मोर्चा के नितेश अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, जितेश, जितेंद्र गोयल, हर्ष बंसल, राहुल अग्रवाल, राहुल गोयल, महिला समिति की रेखा अग्रवाल, नीता मोदी, डिंपल संघी, मीरा अग्रवाल, शीतल रुंगटा तथा रानी मित्तल ने व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान किया। अंत में संयुक्त मंत्री शैलेश अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन तथा राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ।




गौ सेवा मित्र मंडल रिकाबगंज द्वारा जियागुड़ा स्थित श्री समर्थ कामधेनु गौशाला में आयोजित श्री श्याम भजन संध्या में भजन प्रस्तुत करते हुए संजय दाहिमा व मनीष शर्मा (कोलकाता)। इस अवसर पर हैदराबाद से भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी माधवीलता, समर्थ गौशाला के प्रभुदत्त महाराज, रामचरण महाराज, पवन गुरु, मनोज अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, प्रदीप मोर, विजय अग्रवाल, शेष कुमार गोयल, संजय अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, सचिन कानोडिया, अनिल विजयवर्गीय, रविंद्र अग्रवाल, यश अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, कुणाल अग्रवाल, अजय गुप्ता, विनोद राठी व गोभक्तगण उपस्थित थे।

# मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा सिकंदराबाद ने किया छाछ वितरण




**हैदराबाद, 27 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा सिकंदराबाद द्वारा शीतल छाछ का वितरण किया गया। शाखा मंत्री शीतल जैन के अनुसार शाखा अध्यक्षा रक्षा जैन के नेतृत्व में सिकंदराबाद स्थित पैरेट ग्राउंड मेट्रो स्टेशन के पास राष्ट्रीय प्रकल्प अमृतधारा के तहत शाखा की सदस्या मीना दुग्गड, सोनू वर्मा, मोना वर्मा और मीना खींच की तरफ से राहगीरों को शीतल छाछ का वितरण किया गया।

इसमें 1500 लोगों ने लाभ लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे रक्तदान संयोजिका पूनम बोहर, मंजू गांधी, पुष्पा कोठारी, सुनीता डूंगरवाल, मीना दूग्गड़, सोनू वर्मा, मोना वर्मा, संतोष जैन, कविता मांडण, मीना खिंच, सिद्धि जैन का सराहनीय सहयोग रहा। शाखा की मंत्री शीतल जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# राजमाता साहित्यिक समूह की छठी मासिक गोष्ठी सम्पन्न



**हैदराबाद, 27 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद की साहित्यिक क्षेत्र में नवोदित संस्था राजमाता साहित्यिक समूह की छठी मासिक गोष्ठी नामपल्ली स्थित होटल राजमाता के सभागार में आयोजित की गई। आरम्भ में ही सभी ने साथ मिल कर दोपहर का भोजन किया। तत्पश्चात संस्था के पदाधिकारियों का चयन किया गया। संरक्षक प्रकाश बोलाकी, विशेष सलाहकार सत्य प्रसन्न, अध्यक्ष सुनीता लुल्ला, महासचिव वर्षा शर्मा, सह सचिव चंदूरी कामेश्वरी, सूचना प्रसारण मंत्री गीता अग्रवाल को बनाया गया। निकट भविष्य में कार्यकारिणी का विस्तार किये जाने की भी संभावनाएं हैं।

कार्यक्रम का आरम्भ हेमलता मिश्रा मानवी की सरस्वती वंदना से किया गया। उन्होंने अपनी प्रकाशित पुस्तक भी भेंट की। गीता अग्रवाल ने गोष्ठी का संचालन किया। सभी उपस्थित कवियों ने विभिन्न विधाओं और शैलियों से युक्त रचनाएं पढ़ीं। काव्यपाठ करने वाले कवियों में प्रकाश बोलाकी, मधु दायमा, के.पी.अग्रवाल, नूपुर अग्रवाल, चंद्र प्रकाश दायमा, वर्षा शर्मा, सत्य प्रसन्न, गीता अग्रवाल, सुनीता लुल्ला, हेमलता मिश्रा मानवी रहे। हेमलता एवं लक्ष्मी ने सभी कवियों का उत्साह वर्धन किया।

इस अवसर पर हाल ही में प्रकाशित चंद्रप्रकाश दायमा की पुस्तक पानी सब डालेंगे ही की उपलब्धि के लिए सत्य प्रसन्न को वस्त्र आभूषण एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। नॉलेज सिटी में तत्वा आर्ट्स के तत्व-ाधान में आयोजित आओ की कोई ख्वाब बुने में 6 कवियों में एकमात्र कवयित्री के रूप में युवा साथी वर्षा शर्मा एक विशेष छाप छोड़ने वाली हस्ती रही। अध्यक्ष सुनीता लुल्ला ने उनका वस्त्र आभूषण एवं माला पहनाकर सम्मान किया।

संरक्षक प्रकाश बोलाकी ने अपने शायर पिता शंकर दास बोलाकी और उनके द्वारा आयोजित काव्य गोष्ठियों को याद करते हुए बताया कि अपनी दादी जी के नाम पर संस्था का नाम राजमाता साहित्यिक समूह रखा गया।

# अग्रवाल समाज घांसी बाजार झुला शाखा की वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न



**हैदराबाद, 27 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज घांसी बाजार झुला शाखा की वार्षिक साधारण सभा शाखाध्यक्ष गोविन्द राम पचेरिया की अध्यक्षता में बशीरबाग स्थित स्वाद ऑफ साउथ रेस्टोरेंट के बैंक्वेट हॉल में सम्पन्न हुई। सभा में सर्वप्रथम शाखाध्यक्ष द्वारा महाराजा अग्रसेन के चित्र को माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की।

तत्पश्चात अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का स्वागत व अभिवादन किया। उसके बाद उपाध्यक्ष यो-गेन्द्र कटारुका द्वारा शाखा द्वारा विगत वर्ष में की गई गतिविधियों की जानकारी दी। मीटिंग में शाखा का आय-व्यय का लेखा जोखा पेश कर ध्वनिमत से अनुमोदित किया गया। तथा आगामी वर्ष के लिए बजट प्रस्ताव भी पारित किया गया। शाखा की महिला समिति की उप प्रधान संयोजिका बबीता मित्तल ने भी समिति की विगत वर्ष की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सभा में शाखा द्वारा सदस्यता अभियान शुरू करने के लिए अध्यक्ष से आग्रह किया गया जिसे जल्द ही शुरू करने के लिए सहमति बनी। शाखा द्वारा अयोध्याधाम व काशी विश्वनाथ मंदिर में 30 जून से 6 जुलाई तक आयोजित होने वाली यात्रा के प्रधान संयोजक अनिल धरसुवाला ने भी यात्रा से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी सदस्यों को दी।

मीटिंग में अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल, मानद मंत्री कपूरचंद गुप्ता, सहमंत्री कंचन अग्रवाल व कोषाध्यक्ष नवीन अग्रवाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। केन्द्रीय समिति अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने भी सभा को संबोधित कर शाखा के कार्यकलापों की प्रशंसा की। अवसर पर विशेष आमंत्रित डा. वंदना अग्रवाल को भी पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। डा. वंदना ने बताया की वो अग्रवाल समाज की सभी शाख-ाओं में बारी बारी से एक नि:शुल्क सेमिनार कर सदस्यों को अवगत कराना चाहती है जिसमें अलग-अलग परिस्थितियों में आई आकस्मिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को निपटने के लिए किस तरह की तैयारी रखी जाए जिससे अस्पताल पहुंचने से पहले काफी वक्त मिल जाए।

अवसर पर शाखा के कोषाध्यक्ष दिनेश सर्राफ, निवर्तमान अध्यक्ष श्रीकिशन अग्रवाल, पुर्व अध्यक्ष गोपाल पचेरिया, अनिल धरसुवाला के अलावा केन्द्रीय समिति सदस्य राकेश पचेरिया व कार्यकारिणी सदस्यों में शिवकुमार जाखणी-वाला, मनोज पचेरिया, दीपक पचेरिया, पवन सौलानावाला, अशोक सौलानावाला, कमल किशोर अग्रवाल, हरिनारायण अग्रवाल, मनोज मित्तल व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। योगेन्द्र कटारुका के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा का समापन हुआ।

# मिधानि और एलिम्को ने समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर



**हैदराबाद, 27 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मिधानी (मिश्रधातु निगम लिमिटेड) और एलिम्को (आर्टिफिशियल लिंब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) ने सहायक प्रौद्योगिकी में नवाचार की दिशा में एक सहयोगात्मक यात्रा शुरू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) में हाथ मिलाया है। समझौते का उद्देश्य निकल, विशेष स्टील और टाइटेनियम-आधारित मिश्र धातुओं में मिधानि की विशेषज्ञता का लाभ उठाना है ताकि विकलांग व्यक्तियों के लिए जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने वाले विशेष उत्पाद विकसित किए जा सकें।

यह साझेदारी मिधानि के उन्नत सामग्री समाधानों के साथ उपयोगकर्ता आवश्यकताओं की एलिम्को की गहन समझ को जोड़कर सहायक प्रौद्योगिकी बाजार की जरूरतों को पूरा करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। अपने संसाधनों को एकत्रित करके, दोनों संगठन अनुकूलित उत्पादों की एक श्रृंखला बनाना चाहते हैं जो विकलांग व्यक्तियों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, जिससे समावेशिता और पहुंच को बढ़ावा मिलता है।

इसके अलावा, सहयोग घरेलू सीमाओं से परे फैला हुआ है, क्योंकि दोनों संस्थाएं सहायक प्रौद्योगिकी क्षेत्र में वैश्विक अवसरों का पता लगाएंगी। अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों का मूल्यांकन करके, उनका लक्ष्य अपनी पहुंच का विस्तार करना और वैश्विक स्तर पर सकारात्मक प्रभाव डालना है। यह समझौता ज्ञापन सहायक प्रौद्योगिकी में नवाचार, पहुंच और समावेशिता को बढ़ावा देने की दिशा में मिधानी और एलिम्को की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। अपने ठोस प्रयासों के माध्यम से, वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकलांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने और उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने की आकांक्षा रखते हैं।

# राधे-राधे ग्रुप अयोध्या धाम में करवाएगा भागवत कथा



**हैदराबाद, 27 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में आगामी 8 अगस्त से 14 अगस्त तक अयोध्या धाम में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। श्रीमद्भागवत कथा की तैयारियों को लेकर नारायणगुड़ा स्थित होटल ताजमहल में राधे राधे ग्रुप के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए संयोजक सतीश गुप्ता ने बताया कि श्रीमद्भागवत मर्मज्ञ रमाकांतजी कथा का रसपान करवाएंगे। उन्होंने बताया कि ग्रुप के सदस्य हैदराबाद से अयोध्या 7 अगस्त को प्रस्थान करेंगे और 14 अगस्त को कथा विश्राम के पश्चात वाराणसी भगवान महाकालेश्वर के दर्शन वंदन करेंगे ।15 अगस्त की रात 10.20 बजे वाराणसी से हैदराबाद के लिए रवाना होंगे। सतीश गुप्ता ने सभी भागवत प्रेमियों से आग्रह करते हुए कहा कि जो भी धर्मप्रेमी भागवत मिलकार करना चाहते हैं वो अपना नाम सतीश गुप्ता को या ग्रुप में किसी भी सदस्य को लिखवा सकते हैं। यात्रा का अनुमानित खर्चा प्रति व्यक्ति किराया, कमरा, भोजन भी शामिल 9 दिनों में कुल यात्रा 61000 प्रति व्यक्ति रहेगा। तैयारी बैठक मै डा, चंद्रकला अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, सुनिता अग्रवाल, रामप्रकाश अग्रवाल, सतीश गुप्ता, भगतराम अग्रवाल सहित राधे राधे ग्रुप के 80 सदस्य उपस्थित थे।



आचार्य श्री महाश्रमणजी की विदुषी शिष्या शाशन श्री साध्वी शिवमालाजी अपनी सहवर्तिनी साध्वियो के साथ सोमवार को नगर विचरण करते हुए हाई टेक सिटी स्थित माई होम भुजा में पहुंची। उनके साथ प्रेमजी बैंगानी, सरोज भंडारी, राजकुमार भूतोडिया, विनोद सुराणा, सुशील बेद, राजेंद्र धारीवाल, विजय बुच्चा, संपत नौलखा, निकिता हीरावत, सुशीला सुराणा, मधु पटेल, सरोज सुराणा, सरिता जैन, संपत देवी बुच्चा, रुचि कुंडलिया, दिलीप कुंडलिया, सुदीप नौलखा, आनंद सुराणा, सुनील बैद, हर्ष हीरावत, अंकित जैन, आसकरण सेठिया, हितेश बोथरा आदि उपस्थित थे।



अग्रवाल बिज़ कनेक्ट के संस्थापक और सदस्य उदय गुप्ता, संजय गुप्ता, विकास गुप्ता, दीक्षा चेनवाला ने बिजनेस प्रेजेंटेशन के लिए अत्तापुर स्थित एमपीएल ग्रुप के कार्यालय में विनोद अग्रवाल से मुलाकात की और उनके साथ बिजनेस पर चर्चा की। अग्रवाल समुदाय के बीच व्यापार को बेहतर बनाने के लिए विनोद अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल और हितेश अग्रवाल ने अग्रबंधुओं का समर्थन करने और साथ मिलकर व्यापार को बेहतर बनाने के लिए समर्थन और सुझाव दिए।

# अंतरराज्यीय गांजा रैकेट का भंडाफोड़, 62 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार



**हैदराबाद, 27 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के सिकंदराबाद रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने संयुक्त रूप से यहां ग्रे मार्केट से सोमवार को एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर एक अंतरराज्यीय गांजा रैकेट का भंडाफोड़ किया और 15.5 लाख रुपये मूल्य का 62 किलोग्राम गांजा जब्त किया।सिकंदराबाद रेलवे पुलिस और आरपीएफ ने सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मों और ट्रेनों में नशीली दवाओं के तस्करों के खिलाफ औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान उन्होंने प्लेटफार्म नंबर 10 पर ओडिशा के गजपति जिले के बांधपाड़ा थानांतर्गत लुडरू गांव निवासी चांद कुमार नायक (30) को पकड़ा। आरोपी सूखा गांजा ओडिशा के मोहना गांव से महाराष्ट्र के नांदेड़ ले जा रहा था।पुलिस के एक बयान के अनुसार, उसके तीन साथी अब भी फरार हैं। आरोपी ने दो ट्रॉली सूटकेस और तीन शोल्डर बैग में गांजा की तस्करी की थी। उसके कब्जे से गांजा जब्त किया गया और आरपीएस सिकंदराबाद के एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। रेलवे एवं सड़क सुरक्षा एडीजी महेश भागवत ने जीआरपी सिकंदराबाद के अधिकारियों और कर्मियों की सराहना की और घोषणा की कि उनके प्रयासों के लिए उन्हें उचित पुरस्कार दिया जाएगा।

# करीमनगर में महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई



**करीमनगर, 27 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राजपूत समाज करीमनगर द्वारा महाराणा प्रताप की जयंती भव्य रूप से मनाई गईं । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वीस क्षत्रिय राजपूत समिति के संस्थापक ठाकुर सतीश सिंह व समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया। करीमनगर में राजपूत समाज द्वारा महाराणा प्रताप जयंती का पहली बार आयोजन किया गया। जिसमें जय प्रकाश सिंह ने महाराणा प्रताप के बारे में बताते हुए उनके आदर्शों का पालन हम सबको करने का आह्वान किया। इस अवसर पर करणी सेना जिला अध्यक्ष तेजसिंह भाटी ने कहा कि करीमनगर में महाराणा प्रताप का स्मारक व राजपूत समाज के लिए जमीन की मांग सरकार से रखी गई। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता ठाकुर संग्राम सिंह, रघुवीर सिंह, विजय गोपाल सिंह, देवेंद्रपाल सिंह, मनोज सिंह, पृथ्वीराज सिंह, संदीप सिंह, राजेन्द्रसिंह, विक्रम सिंह, सरेन्द्र पाल सिंह, गणेश सिंह व अन्य ने भाग लिया।

# दमरे महाप्रबन्धक अरुण जैन ने कर्मचारियों को प्रदान किए मैन ऑफ द मंथ सुरक्षा पुरस्कार

**हैदराबाद, 27 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने सोमवार को रेल निलयम में आयोजित सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान कर्तव्य के प्रति अनुकरणीय सतर्कता और समर्पण दिखाने वाले छह कर्मचारियों को मैन ऑफ द मंथ सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किए। सभी छह मंडलों यानी सिकंदराबाद, हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुंतकल, गुंटूर और नांदेड़ के प्रधान विभागाध्यक्ष और मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) समीक्षा बैठक में शामिल हुए।



अरुण कुमार जैन ने असुरक्षित परिस्थितियों को रोकने के लिए सतर्कता दिखाने और समय पर कार्रवाई करने के लिए छह कर्मचारियों (सिकंदराबाद डिवीजन से 1, विजयवाड़ा डिवीजन से 02, गुंतकल डिवीजन से 03 कर्मचारियों को मैन ऑफ द मंथ सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किए। महाप्रबंधक ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और अत्यंत समर्पण के साथ कर्तव्यों का पालन करने की प्रतिबद्धता के लिए उनकी सराहना की। कर्मचारी विभिन्न श्रेणियों जैसे लोको पायलट, तकनीशियन, पॉइंट मैन और ट्रैक मेंटेनर आदि से संबंधित थे। बाद में, अरुण कुमार जैन ने जोन पर ट्रेन परिचालन की सुरक्षा पर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी सुरक्षा सावधानियों और दिशानिर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने दोहराया कि सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए और जब ट्रेनों के सुरक्षित संचालन की बात हो तो कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि सुरक्षा संबंधी जानकारी/निर्देश फील्ड अधिकारियों एवं कार्य क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक अवश्य पहुंचें। महाप्रबंधक ने सुरक्षा कार्य योजनाओं की भी समीक्षा की और अधिकारियों को केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने लोको पायलटों, सहायक लोको पायलटों, ट्रैक मेंटेनर्स, गार्ड आदि सहित सभी फील्ड स्तर के कर्मचारियों को अधिक सतर्क रहने और ट्रेन संचालन को सुचारू रूप से चलाने को सुनिश्चित करने के लिए गहन और निरंतर परामर्श सत्र आयोजित करने पर विशेष जोर दिया।




राजस्थानी महिला मंडल द्वारा मारवाड़ी भवन शमशीरगंज में आयोजित नि:शुल्क बाल संस्कार शिविर के सातवें दिन सोमवार को मंडल की सभी महिलाओं की उपस्थिति एवं अन्य समाज सेवी महिलाएं भी शामिल हुई। याह नि:शुल्क शिविर 5 जून तक चलेगा। जो भी इच्छुक बंधु अपने बच्चों जिनकी उम्र 5 वर्ष से 15 वर्ष की हो उसेको इस शिविर में अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक भेज सकते हैं।



प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्य तिथि के अवसर पर गांधी भवन में टीपीसीसी के उपाध्यक्ष टी कुमार राव, पूर्व विधायक गौरी शंकर, टीपीसीसी महासचिव श्रीनिवास राव, टीपीसीसी सचिव मणिलाल शाह, आलम भास्कर द्वारा उनकी तस्वीर पर माला चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर संजय यादव, टी निरंजन और अन्य उपस्थित रहे।

# सर्वधर्म सामूहिक विवाह समारोह आयोजित

**किनवट, 27 मई (शुभ लाभ ब्युरो)।**

गरीब परिवार दिन-रात मेहनत से पाइ-पाई जोडकर अपने औलाद की शादी करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र मे शहरों की चका चौंध देखने नहीं मिलती। फिर भी ग्रामीण क्षेत्र में भी विवाह समारोह में भारी भरकम खर्च हो रहा है। इन खर्चों के लिए अभिभावकों को कर्ज लेना पड रहा है। ऐसी स्थिती पर रोक लगाने की आवश्यकता है और सामूहिक विवाह समारोह समय जरूरत भी है। यह सामुहिक विवाह एक आदर्श निर्माण करने वाला है। उक्त उद्‌गार पांढरकवडा के पूर्व विधायक राजु भय्या तोडसम ने व्यक्त किए।

किनवट स्थित अजिंक्य बहुउद्देशीय सेवा भावी संस्था द्वारा सर्वधर्मीय सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। विवाह समारोह में 21 जोडे विवाह के बंधन में बंध गए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजु भय्या तोडसम मुख्य अतिथी के रूप शामिल होकर नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का प्रारंभ गौतम बुद्ध, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस सर्वधर्मीय सामूहिक विवाह में 21 जोडों ने एक-दुसरे को साथ देने का संकल्प लिया। जिसमें बौद्ध मंगल परिणय विधी भंते राष्ट्रपाल और उनके साथ में एड आंकाशा आलने और सत्यशोधक हिंदू विवाह विधी संगीत गुरु जी सुरेश पाटील ने पूर्ण कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षाता शिवसेना जिला वरिष्ठ नेता ज्योतिबा खराटे ने की। उदघाटन एड सुभाष ताजने के द्वारा किया गया। स्वागताध्यक्ष प्राचार्य मोहन मोरे ने प्रमुख अतिथियों का स्वागत किया। विवाह सम्मेलन की प्रस्तावना विवाह समिति आयोजक पूर्व नगराध्यक्ष अरुण आलणे ने रखी।

# नागोल के एक होटल में लिफ्ट गिरने से 8 लोग घायल

**हैदराबाद, 27 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

रविवार को लिफ्ट गिरने के कारण आठ से अधिक लोगों के घायल होने के बाद पुलिस ने नागोल के अलकापुरी चौराहे पर स्थित किनारा ग्रैंड होटल के खिलाफ मामला दर्ज किया।

जब लिफ्ट चौथी मंजिल से गिरकर तहखाने में गिर गई तो वीरब्रह्मा, रवि शंकर रेड्डी, मणिकांत गुप्ता, मनोहर, शाजिद बाबा, कल्याण कुमार और दो अन्य को चोटें आईं। यह घटना तब हुई जब वे होटल में एक सगाई समारोह में शामिल होने आए थे।पुलिस ने कहा कि किनारा ग्रैंड होटल की लापरवाही के कारण लिफ्ट गिर गई, क्योंकि वह इसका ठीक से रखरखाव नहीं कर पाई। घायलों की तेज आवाज सुनकर कर्मचारी उनके बचाव में आए और तुरंत लिफ्ट के दरवाजे तोड़ दिए। फिर उन्होंने 108 एम्बुलेंस को बुलाया और उन्हें आगे के इलाज के लिए एलबी नगर के कामिनेनी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया।एक शिकायत के आधार पर, पुलिस ने होटल के खिलाफ मामला दर्ज किया और आगे की जांच जारी है।



भोनगिरी स्थित स्वर्णागिरी बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना एवं दर्शन के पश्चात उपस्थित श्रीराम सेवा समिति भाग्यनगर के अध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल, मनीष कीकान, पंकज वर्मा एवं उमेश सोनी।

# 2025 भारत जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जाएगा: योगी

सोनभद्र, 27 मई (एजेंसियां)।

प्रधानमंत्री मोदी के मन में भारत के विकास और विरासत के बारे में संवेदना है। उसी का परिणाम है कि 500 वर्ष बाद अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। पीएम मोदी ने 2025 को जनजातीय (भगवान बिरसा मुंडा) वर्ष के रूप में घोषित करने का ऐलान किया है। भारत अगला वर्ष जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाएगा। भगवान बिरसा मुंडा महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। भारत की आजादी के लिए उन्होंने सर्वस्व न्योछावर करते हुए जनजातीय बंधुओं को इससे जोड़ने के लिए प्राण प्रण से कार्य किया था। सीएम ने अपील की कि लोकसभा चुनाव में रॉबटर्सगंज और विधानसभा चुनाव में दुद्धि भी देश की आवाज के साथ जुड़ेगा। रिंकी कोल को कप प्लेट चुनाव निशान पर मिला वोट दिल्ली में पीएम मोदी और श्रवण गौड़ को कमल पर वोट सीधे मेरे पास आएगा।

उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने सोमवार को सोनभद्र के दुद्धि में जनसभा की। यहां रॉबटर्सगंज लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी व विधायक रिंकी रोल तथा दुद्धि विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी

### रॉबटर्सगंज लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी रिंकी रोल और दुद्धि विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी श्रवण कुमार गोड़ के लिए योगी ने मांगा वोट



श्रवण गौड़ के लिए वोट मांगा। सीएम ने कहा कि भारत दुनिया की बड़ी ताकत बन रहा है। इसका परिणाम है कि दुनिया भारत के आगे नतमस्तक है। देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। नक्सलवाद और आतंकवाद समाप्त हो गया। पहले जगह-जगह विस्फोट होते थे, जिसमें निर्दोष मारे जाते थे। सेना के जवान शहीद होते थे पर आज नए भारत को कोई छेड़ता नहीं है, क्योंकि छेड़ने वाले को पता है भारत छोड़ता नहीं है।

सीएम ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार के समय गरीब जनजातीय समाज व अनुसूचित जाति के लोग भूख से तपड़ते थे। किसान आत्महत्या और नौजवान पलायन करता था। दबंग-माफिया जमीनों पर कब्जा करते थे। हमने सोनभद्र के लिए विशेष व्यवस्था की है। चेरो, गौड़, बुक्शा, थारू, कोल समाज के जिन लोगों के पास मकान नहीं था, उन्हें मकान उपलब्ध कराया गया है। मोदी जी ने घोषणा की है कि अगले पांच वर्ष में शेष बचे गरीबों को मकान देंगे।सीएम ने कहा कि हमने पहले शुरुआत कर दी है। माफिया को मिट्टी को मिलाकर कब्जा की गई संपत्ति सरकार वापस ले रही है और आवास, हाईराइज बिल्डिंग बनाकर गरीबों को फ्लैट आवंटित किया जा रहा है। पहले माफिया पुलिस और व्यापारी को भगाता था। अब वह गले में तख्ती लगाकर घूम रहा है कि जान बख्श दो। हमने कहा है कि गरीबों के शोषक का वही हाल होगा, जिसके वे हकदार हैं। पहले माफिया हावी होते थे पर आज समाप्त हो गए। सीएम योगी ने कहा कि भाजपा सुरक्षा, विकास की गारंटी दे रही है। फोरलेन-सिक्सलेन की सड़कें बन रही हैं। जिन जनजातीय परिवारों के पास संपत्ति नहीं हैं, उन्हें पट्टा करने की कार्रवाई अंतिम चरण में चल रही है। हर परिवार को उसका अधिकार देकर ही रहेंगे। भाजपा की सरकार हर घर नल से जल पहुंचाया है, लेकिन जिन लोगों ने 70 वर्ष तक पानी की एक-एक बूंद और विकास के लिए तरसाया था। बेटी-व्यापारी की सुरक्षा और विकास को बाधित करने वालों को एक-एक वोट के लिए तरसाइए। सीएम ने कहा कि सपा के लोग रामद्रोही हैं। यह रामभक्तों पर गोली चलाते थे। यह आज भी कह रहे कि सपा-कांग्रेस सत्ता में आई तो ओबीसी, अनुसूचित जाति व जनजाति का आरक्षण मुसलमानों को दे देंगे, लेकिन भाजपा धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने देगी। यह सत्ता में आने पर विरासत टैक्स लगाएंगे। इनका विरासत टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। हम यह विरासत टैक्स भी नहीं लगाने देंगे। सपा-कांग्रेस को वोट देने से राम मंदिर का मिला पुण्य पाप में बदल जाएगा।

सीएम ने कहा कि सोनभद्र वाले बहादुरी से काम करते हैं। आप पर हमें गर्व है। अगला चार दिन देश को दें। हर व्यक्ति 10-10 घर जाकर आत्मनिर्भर-विकसित भारत और मोदी जी को फिर पीएम बनाने के लिए वोट मांगे। बोले कि रिंकी कोल को कप-प्लेट पर वोट देकर दिल्ली भेजना है। उत्तर प्रदेश को माफिया मुक्त करने के साथ ही उसकी संपत्ति पर गरीबों के मकान बनाने, महिला संरक्षण गृह स्थापित करने, अच्छे हॉस्पिटल के साथ विकास प्रक्रिया को बढ़ाने तथा अयोध्या, काशी के बाद मथुरा की तरफ बढ़ने कि लिए कमल का फूल खिलाना है। हर व्यक्ति चार दिन में 40 घर जाकर संपर्क करे और हर मतदाताओं को मतदान केंद्र ले जाकर वोट दिलाए। जनसभा में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, संजीव गौड़, राज्यसभा सांसद रामसकल, भाजपा के प्रदेश मंत्री शंकर गिरि, जिलाध्यक्ष नंदलाल, जिला प्रभारी अनिल सिंह, विधायक भूपेश चौबे, अनिल कुमार मौर्य, विधान परिषद सदस्य दिलीप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश मिश्र, अपना दल जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, पूर्व विधायक रुबी प्रसाद आदि की मौजूदगी रही।

# दस वर्ष पहले काशी ने जो सपना देखा था आज वह हकीकत बन गया: योगी

**वाराणसी, 27 मई (एजेंसियां)।**

आज काशी का मंत्र पूरे देश में गूंज रहा है। काशी ने ही फिर एक बार मोदी सरकार का नारा दिया। आज जो काशी सोचती है वही पूरा देश सोचता है। अत्यंत प्राचीन शहरों में शुमार काशी 70 वर्षों तक उपेक्षा का दंश झेलती रही। वहीं पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काशी की काया बदल गयी है। आज काशी का पुराना वैभव लौट आया है। यहां के घाटों पर 24 घंटे उत्सव का माहौल रहता है, जबकि पहले इनका अस्तित्व खत्म कर दिया गया था। काशी की गलियों में तारों का जंजाल दुर्घटना को आमंत्रित करता था। वहीं 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के साथ काशी की भी तकदीर बदल दी है। कांग्रेस के समय में यहां आतंकी घटनाएं घटित होती थीं। पूछने पर कांग्रेस बेशर्मी से कहती थी कि आतंकी सीमा पार के हैं, जबकि आज देश में कहीं पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान पहले ही सफाई देने लगता है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से ही हो पाया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को वाराणसी लोकसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र

### सीएम योगी ने वाराणसी लोकसभा में जनसभा को किया संबोधित




मोदी को रिकॉर्ड तोड़ मतों से विजयी बनाने की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पावरफुल हुआ है। देश में जहां वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है। वहीं काशी में देश के सबसे बड़े रोपवे का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह वर्ष के अंत तक कैंट स्टेशन से बाबा विश्वनाथ धाम के लिये शुरू हो जाएगा। इसके जरिये प्रतिदिन एक लाख श्रद्धालु काशी की यात्रा कर सकेंगे। आज काशी वर्ल्ड क्लास हाईवे, रेलवे और इंटरनेशनल एयरपोर्ट जुड़ चुका है। वॉटरवे भी वाराणसी से हल्दिया के बीच में शुरू हो गया है। सीएम योगी ने कहा कि 10 वर्ष पहले जो सपना काशी ने देखा था, आज वह हकीकत बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी के अस्सी घाट से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की थी। आज काशी के घाट जगमगाते हुए दिखाई देते हैं। पहले काशी में अगर कोई कैंसर से पीड़ित होता था तो उसे मुंबई जाना पड़ता था। वहीं आज मुंबई का टाटा सुपर स्पेशलिटी कैंसर हॉस्पिटल यहीं आ चुका है। सीएम योगी ने कहा कि जहां काशी विकास के नये आयाम स्थापित कर रहा है, वहीं दूसरी ओर माफियाओं की राम नाम सत्य की यात्रा निकल रही। आज पूर्वांचल सहित पूरा प्रदेश माफिया मुक्त हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि सपा सरकार में माफियाओं ने बीजेपी के विधायक कृष्णानंद राय, उमेश पाल, राजू पाल और रमेश पटेल की हत्या कर दी। वहीं हमने इन माफियाओं को मिट्टी में मिला दिया है। यह काम केवल भाजपा ही कर सकती है। कांग्रेस तो सिर्फ देश की भावना के साथ खिलवाड़ करती आयी है। अब यह अनुसूचित जाति और पिछड़ी जाति के आरक्षण में सेंध लगाकर मुसलमानों को देना चाहते हैं, जिसे हम स्वीकार नहीं करेंगे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग देश में विरासत टैक्स और पर्सनल लॉ लागू करना चाहते हैं। यह लोग देश में शरिया कानून लागू करना चाहते हैं, लेकिन उनको यह नहीं पता कि भारत शरिया कानून से नहीं बल्कि बाबा साहेब के संविधान से चलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी साफ साफ कर दिया है कि देश सिर्फ और सिर्फ संविधान से ही चलेगा। यहां कोई दूसरा कानून लागू नहीं करने देंगे। सीएम योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन के घोषणा पत्र में अल्पसंख्यकों को खान-पान की छूट देने की बात कही गयी है। यह लोग अल्पसंख्यकों को गोमांस खाने की छूट देना चाहते है, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे क्योंकि गाय हमारी माता है। देश की जनता भी कांग्रेस की नियत को समझ गयी है। ऐसे में वह एक स्वर में कहते हैं कि जो राम को लाएं हैं, हम उनको लाएंगे। इतना ही नहीं देश की जनता जर्नादन ने एनडीए को 400 से अधिक सीटें जिताने का संकल्प ले लिया है, जिसे सुनकर इंडी गठबंधन को चक्कर आने लगते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, विधायक डॉ. अवधेश सिंह, जयवीर सिंह, विधानसभा प्रभारी अशोक मिश्रा, एमएलसी धर्मेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री अजय सिंह मुन्ना, प्रवीण सिंह गौतम, अरविंद सिंह पटेल, डॉ. सुजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

# आज बिहार के दौरे पर रहेंगे योगी आदित्यनाथ

### पांच जनसभाओं को करेंगे संबोधित

**लखनऊ, 27 मई (एजेंसियां)।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पांच जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इसमें से तीन जनसभा बिहार और दो जनसभाएं उत्तर प्रदेश में होगी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहली जनसभा गोरखपुर लोकसभा सीट से सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी रवि किशन के लिए करेंगे। दूसरी जनसभा मिर्जापुर लोकसभा में होगी। यहां के बाद मुख्यमंत्री बिहार की रैलियों को संबोधित करेंगे। उनकी तीसरी जनसभा पटना के फतुहा में होगी। यहां वे पटना साहिब लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद के पक्ष में कमल खिलाने का आह्वान करेंगे।

सीएम योगी चौथी और बिहार की दूसरी रैली आरा लोकसभा सीट से उम्मीदवार आरके सिंह के लिए करेंगे। यह रैली भोजपुर के बड़हरा स्थित परारिया स्पोटर्स ग्राउंड पर होगी। यहां से सीएम फिर पटना साहिब लोकसभा में रविशंकर प्रसाद के लिए जनसभा करेंगे। यह जनसभा साईं मंदिर के पीछे, पॉलिटेक्निक ग्राउंड पाटलिपुत्र में होगी।

## बीजापुर में एक-एक लाख इनामी दो नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर, 27 मई (एजेंसियां)।**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत पुलिस ने दो नक्सलियों को सोमवार को गिरफ्तार किया।

थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत पेददा-गेलुर, चिन्नागेलुर, गुण्डम की ओर डीआरजी बीजापुर एवं थाना तर्रेम का संयुक्त बल गश्त सर्चिंग पर निकली थी, इस दौरान पेद्दागेलुर से दो माओवादियों को पकड़ा गया। दोनों नक्सलियों पर एक-एक लाख का इनाम था। इतना ही नहीं पकड़े गये माओवादी गत आठ फ़रवरी को गुण्डम के जंगल में एसटीएफ एवं केरिपु पार्टी पर फायरिंग करने की घटना में शामिल थे। वहीं, इस घटना में एक ग्रामीण की मौत भी हुई थी। इसके अलावा एक माओवादी मिलिशिया सदस्य अशोक कोरसा को भी गिरफ्तार किया है।

## इंडियन ऑयल हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाली बसें सेना को देगा



**नई दिल्ली, 27 मई (एजेंसियां)।**

सेना ने पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ समझौता किया है जिसके तहत हाईड्रोजन ईंधन से चलने वाली एक बस सोमवार को सेना को सौंपी गई। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और इंडियन ऑयल के अध्यक्ष एस एम वैद्य की मौजूदगी में बस की चाबी सेना को सौंपी गई और समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

इस बस की क्षमता 37 यात्रियों की है और यह 30 किलोग्राम हाइड्रोजन ईंधन में एक बार में 250 से 300 किलोमीटर की दूरी तय कर सकती है। इस मौके पर जनरल पांडे ने कहा कि सेना पर्यावरण का संरक्षण करते हुए अपनी संचालन क्षमता बढ़ाने के लिए नई प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## उप राष्ट्रपति ने फिटनेस संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता पर दिया जोर

**नई दिल्ली, 27 मई (एजेंसियां)।**

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पंचायत स्तर पर औषधीय पौधों को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए सोमवार को कहा कि कॉर्पोरेट नेताओं से कंपनी सामाजिक उत्तरदायित्व सीए-सआर के माध्यम से अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना चाहिए।

श्री धनखड़ ने कर्नाटक के बेलगावी में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद - नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेडिशनल मेडिसिन (एनआईटीएम) के 18वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश में एक फिटनेस संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, प्रत्येक भारतीय



फिट और स्वस्थ रहे, और भारत के विकसित अभियान में सकारात्मक योगदान देने में सक्षम हो सके। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और योग को शामिल करते हुए भारत की पारंपरिक चिकित्सा का समृद्ध भंडार पूर्वजों के गहन ज्ञान का प्रमाण है। उन्होंने कहा, ये विज्ञान, दर्शन और आध्यात्मिकता का एक आदर्श मिश्रण हैं और मन, शरीर और आत्मा और प्रकृति के बीच संतुलन और सामंजस्य पर जोर देते हैं। भावी पीढ़ियों के लिए जैव विविधता और पारंपरिक ज्ञान की सुरक्षा करने की आवश्यकता पर बल देते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि देश को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने के कार्य में हर गांव को शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं पंचायत स्तर पर भी आग्रह करूंगा कि हमें औषधीय पौधों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कॉर्पोरेट और सार्वजनिक नेताओं से अनुसंधान और विकास का सहयोग करने के लिए हर संभव प्रयास करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अनुसंधान, विकास, नवाचार और स्टार्ट अप को बढ़ावा देने के लिए कंपनियों को अपने सीएसआर का प्रयोग करना चाहिए।

## केरल में पानी निकासी विवाद को लेकर एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या

**कन्नूर, 27 मई (एजेंसियां)।**

केरल में कन्नूर जिले के थुलिचेरी में सीवेज के पानी की निकासी को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ लोगों ने 61 वर्षीय व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटना रविवार की रात करीब आठ बजे नांबियारमोट्टा में उस समय हुई जब ऑटो चालक देवदास ऑटोरिक्शा की सफाई करते हुए पड़ोसी अजय कुमार के परिसर का उपयोग कर रहा था। अजय और अन्य पड़ोसियों ने इस पर आपत्ति जताई। जिससे क्रोधित होकर देवदास समेत चार लोगों ने डंडों तथा हेलमेट से अजय पर हमला किया और उसे सड़क पर घसीटा।

उन्होंने बताया कि आसपास के लोग किसी तरह अजय को छुड़ाकर नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हमले के दौरान बीच-बचाव के प्रयास में एक अन्य व्यक्ति प्रवीण कुमार घायल हो गया, जिसे कन्नूर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस सिलसिले में देवदास और उसके दो बेटों संजय दास और सूर्य दास तथा एक प्रवासी श्रमिक को गिरफ्तार किया है।

## आदि कैलाश यात्रियों के लिये इनर लाइन परमिट लेना हुआ आसान, सिंगल विंडो सिस्टम लागू

**पिथौरागढ़/नैनीताल, 27 मई (एजेंसियां)।**

उत्तराखंड की प्रसिद्ध आदि कैलाश यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिये अच्छी खबर है। पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने इनर लाइन परमिट जारी करने के लिये सिंगल विंडो सिस्टम लागू कर दिया है।

इससे अब श्रद्धालुओं को दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा। उच्च हिमाचली क्षेत्र में भ्रमण के लिये इनर लाइन परमिट आवश्यक है। आदि कैलाश यात्रा और ओम पर्वत जाने के



लिये भी इनर लाइन परमिट की आवश्यकता है और इसके बिना पर्यटक और श्रद्धालु यात्रा नहीं कर सकते हैं। बाहर से आने वाले यात्रियों और पर्वतारोहियों को इनर लाइन परमिट पाने के लिये अभी तक परेशानियों का सामना करना पड़ता रहा है। सरकार और शासन भी इससे चिंतित रहा है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए शासन ने इनर लाइन परमिट जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के निर्देश दिये थे। पिथौरागढ़ की जिलाधिकारी रीना जोशी के अनुसार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये इनर लाइन परमिट और फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने के लिये जिला मुख्यालय में सिंगल विंडो सिस्टम लागू कर दिया गया है। यात्री पिथौरागढ़ के जिला चिकित्सालय से आवेदन पत्र, फोटो, चिकित्सा प्रमाण पत्र, ओपीडी पर्ची, स्वघोषणा शपथ पत्र, पुलिस सत्यापन एवं आधार कार्ड दस्तावेज के साथ इनर लाइन परमिट प्राप्त कर सकते हैं।

## उत्तराखंड के गांव में लगी आग, प्रशासन ने सेना से मांगी मदद

**देहरादून, 27 मई (एजेंसियां)।**

उत्तराखंड के सीमांत जनपद उत्तरकाशी के मोरी ब्लॉक के दूरस्थ सालरा गांव में सोमवार सुबह अचानक लगी आग में लकड़ी से बने लगभग चौदह से पंद्रह घर जलकर खाक हो गए। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), अग्निशमन दल और प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंच गयी है। वहीं, जिला प्रशासन ने वायु सेना से मदद के लिए हेलीकाप्टर भेजने का अनुरोध किया है। उत्तरकाशी जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी डी एस पटवाल ने बताया कि अग्निकांड की घटना आज पूर्वाह्न 11.30 बजे की बताई जा रही है।

## कुपवाड़ा में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़, बड़ी मात्रा में गोला-बारुद बरामद

**श्रीनगर, 27 मई (एजेंसियां)।**

सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि एक विशेष सूचना मिलने के बाद सेना और पुलिस के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान टीम ने आवारा जंगल में आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़ किया। अधिकारियों ने कहा कि यह ठिकाना आवरा के घने वन क्षेत्र में स्थित था और तलाशी के दौरान, हथियारों, गोला-बारूद, उपकरण और अन्य युद्ध जैसे सामानों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया।


शुभ लाभ Classifieds — FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, Mr.VINOD LAKU, Resident of Vill and Po:Daddi, Teh:Hukkeri, Dist:Belagavi, Karnataka-591254 have changed my son name from **PARTH** to **PARTH VINOD LAKKU** vide affidavit dt:25-5-2024 before Zeenath Begum, M.A, LL.B, Advocate and Notary, Karkhana Bazar, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, SUGUNA RANI Spouse of Service No.607743R JWO CHEPENI SIMHACHALAM, R/o.H.No.1-24-652, Road No.5, Plot No 102, Maruti Nagar, Alwal, Medchal Malkajgiri Dist, Telangana-500015 have changed my name from **SUGUNA RANI** to **CHEPENI SUGUNA RANI** vide affidavit dt:27-5-2024 at IV Spl Metropolitan Magistrate, Hyderabad and my DOB is 11-09-1960.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Army No.15676253M L/Hav SUJIT MONDAL, R/o.Vill:Harishpur, Po:Tentulia, Teh:Basirhat, Dist:North 24 Parganas, West Bengal-743286 that my father name & DOB is changed from **RAMESH MONDAL**, DOB:**1-7-1956** to **RAMESH CHANDRA MONDAL**, DOB:**26-12-1965** and mother name & DOB is changed from **UTTRA MONDAL**, DOB:**1-7-1966** to **UTTARA MONDAL**, DOB: **13-10-1967** vide affidavit dt:27-5-2024.

**CHANGE OF NAME**
I, Army No.15418166K Hav/AA HAMID KHAN, R/o.Vill:Dalelnagar, Po:Muradganj, Teh and Dist:Auraiya, U.P-206129 that my daughter name is to be changed from **AALIYA KHAN** to **MASHEERA KHAN** vide affidavit dt:27-5-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. JC 442695H Nb/Sub MATAM MAHESH KUMAR, R/o.3-67/1, Vill and Po:Hasnabad, Teh:Kodangal, Dist:Mahaboob Nagar, Telangana-509350 hereby declare that my daughter name is to be changed from **M DHARANI** to **MATAM SAHETHI** vide affidavit dt:25-5-2024 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad

A PROJECT BY
BASAI GROUP

hmda
Growing Global




# PUSHPA RESIDENCY- 1

Quality Living Starts Here



## Ready to occupy @ Thumkunta << SHAMIRPET

TYPICAL FLOOR PLAN



- 2 Bhk
- Parking 2 wheeler & 4 Wheeler
- 100% Vaastu



SCAN FOR SITE LOCATION

Everyone love to live in a beautiful & luxurious home where elders are happy & children grow up in a healthy environment. To experience the comfort of a spacious flat in a good neighbourhood, where fresh air & abundant water & the blissful silence of environment invites your family to live in comfort. Pushpa Residency is a prestigious project by Basai Group who have executed several successful projects. Their strength in the construction field can be gauged by the quality and dedication they bring to every project. we work hard to ensure customer satisfaction ... So why to wait now we provide you the luxurious flat in Thumkunta, Shamirpet .

FOR DETAILS
+91 77991 23471
94901 18708
Email : pushparesidency1@gmail.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.